दैनिक नवप्रदेश

आदित्यवर्णं तमसः परस्तात्

प्रदेश के साथ पूरा देश...

अंदर के पृष्ठों पर ❖❖ 3 | राजधानी 4 | अभिव्यक्ति 8 | आंचलिक 11 | खेल/बिजनेस

RNI NO.CHHHIN/2012/41806 रायपुर, शनिवार 23 मार्च 2024, वर्ष-13 अंक- 42 पृष्ठ-12 मूल्य-4 रुपए रायपुर, बिलासपुर, भोपाल, जबलपुर व रांची से एक साथ प्रकाशित www.navpradesh.com

आज बेबाक

बहुत हुआ पोसम पास का खेल। अब तो जेल जाना पडेगा। जेल की रोटी खानी पडेगी। नई दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल को आखिर कार ईडी की टीम ने गिरफ्तार कर ही लिया। यह तो होना ही था। घंगरू सेठ ने अंतिम क्षण तक यह भरपूर कोशिश की थी की उन्हें जेल जाकर यह न गाना पडे कि - घंगरू की तरह बजता ही रहा हु मैं...। वैसे टेन्सन की कोई बात नहीं है। तिहाड जेल के भी वे ही मालिक है। जहां उनके तीन मुनीम पहले से मौजूद है। अब चारो मिलकर वहां गायेंगे- जहां चार यार मिल जाएं वहीं रात हो गुलजार....

सीजीपीएससी-रिजल्ट जारी, 3597 कैंडिडेट दिलाएंगे मुख्य परीक्षा

रायपुर/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ PSC ने 2023 की प्रारंभिक परीक्षा का रिजल्ट जारी कर दिया है। इस रिजल्ट में 3597 कैंडिडेट का नाम लिस्ट में है। जो अब मुख्य परीक्षा में शामिल होंगे। PSC ने कैंडिडेट के रोल नंबर और नाम के साथ ही कट-ऑफ नंबर भी जारी किए हैं। छत्तीसगढ़ राज्य लोक सेवा आयोग ने 17 सर्विसेज के लिए 2023 में कुल 242 पद निकाले थे। इसके लिए 1 लाख 58 हजार 211 कैंडिडेट्स ने ऑनलाइन फॉर्म भरकर एग्जाम दिया था। इस परीक्षा के पहले चरण के रूप में राज्य सेवा प्रारंभिक परीक्षा-2023 का आयोजन 11 फरवरी 2024 को किया गया था। ■ शेष पृष्ठ 6 पर

दिल्ली हाईकोर्ट से कांग्रेस की याचिका खारिज

नई दिल्ली/वार्ता। दिल्ली हाईकोर्ट ने शुक्रवार को आयकर विभाग के खिलाफ कांग्रेस की याचिका खारिज कर दी है। IT डिपार्टमेंट ने कांग्रेस के खिलाफ 3 साल की रीअसेसमेंट प्रोसीडिंग शुरू की थी, जिसपर रोक की कांग्रेस ने मांग की थी। जस्टिस यशवंत वर्मा और पुरुषेंद्र कुमार कौरव की बेंच ने फैसला सुनाते हुए कहा कि हम रिट याचिकाओं को खारिज करते हैं। कोर्ट ने 20 मार्च को अपना फैसला सुरक्षित रख लिया था। आयकर विभाग ने दावा किया था कि टैक्स ट्रिब्यूनल ने किसी भी कानूनी प्रावधान का कोई उल्लंघन नहीं किया है और बरामदगी के मुताबिक कांग्रेस ने 520 करोड़ रुपए से ज्यादा की आय बचाई है।

ओबीसी महागठबंधन के 30 दल करेंगे इंडिया समूह को समर्थन

नई दिल्ली, (वार्ता)। ओबीसी भारतीय महागठबंधन से जुड़े 30 राजनीतिक पार्टियों ने शुक्रवार को विपक्षी दलों के इंडिया समूह को समर्थन देने का एलान कर दिया। कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे और पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी की मौजूदगी में खड़गे के आवास पर हुई बैठक में यह सहमति बनी। बैठक के बाद ओबीसी भारतीय महागठबंधन के संयोजक राजकुमार सैनी ने यह एलान किया। कांग्रेस के हरियाणा एवं दिल्ली के प्रभारी महासचिव दीपक बाबरिया भी इस दौरान मौजूद थे। खड़गे ने बैठक के बाद यहां आयोजित संयुक्त संवाददाता सम्मेलन में ■ शेष पृष्ठ 6 पर

सीबीएसई ने 20 स्कूलों की मान्यता की रद्द, रायपुर के दो संस्थान

नई दिल्ली। केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड (सीबीएसई) ने 20 स्कूलों की मान्यता रद्द कर दी है। बताया जाता है कि ये स्कूल डमी छात्रों, अयोग्य उम्मीदवारों को पेश करने और रिकॉर्ड ठीक से नहीं रखने जैसे विभिन्न कदाचार कर रहे थे। जिसमें छत्तीसगढ़ के रायपुर के दो निजी स्कूलों को भी तगड़ा झटका मिला है। जिसमें द्रोणाचार्य पब्लिक स्कूल और विधानसभा रोड के विकॉन स्कूल शामिल है। वहीं लिस्ट में दिल्ली, केरल, पंजाब, उत्तर प्रदेश जैसे बड़े राज्य के स्कूलों के नाम भी शामिल है। यह जानकारी सीबीएसई के सचिव हिमांशु गुप्ता ने दी है।

दिल्ली के सीएम 28 मार्च तक ईडी की रिमांड पर

ईडी बोली केजरीवाल शराब नीति के सरगना, 45 करोड़ हवाला से गोवा भेजे

■ **सीएम अरविंद केजरीवाल बोले- मेरा जीवन देश के लिए समर्पित**

नई दिल्ली/वार्ता। आम आदमी पार्टी (आप) के संयोजक एवं मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल को दिल्ली की शराब नीति में कथित घोटाले से संबंधित धनशोधन के मामले में शुक्रवार को केंद्रीय जांच एजेंसी प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) की छह दिनों की हिरासत में भेज दिया गया। राऊज एवेन्यू स्थित कावेरी बावेजा की विशेष अदालत ने केजरीवाल को गिरफ्तार करने वाली ईडी की 10 दिनों की हिरासत की मांग वाली याचिका पर संबंधित पक्षों की दलीलें सुनने के बाद 28 मार्च तक हिरासत में भेजने संबंधी आदेश पारित किया।

केजरीवाल की ओर अदालत के समक्ष एक आवेदन दाखिल कर ईडी की हिरासत

की मांग ठुकराने की गुहार लगाई गई थी। इससे पहले ईडी ने कड़ी सुरक्षा के बीच अधिवक्ताओं एवं अन्य लोगों से खचाखच भरी अदालत में केजरीवाल को पेश किया।

गिरफ्तारी पर वर्ल्ड मीडिया में भी तंज : वॉशिंगटन पोस्ट की हेडलाइन- भारत में विरोधियों के खिलाफ कार्रवाई तेज हुई, अलजजीरा ने लिखा- मरा हुआ लोकतंत्र

अन्ना हजारे बोले, दुख है...मेरी बात नहीं सुनी

अरविंद केजरीवाल की गिरफ्तारी पर अन्ना हजारे बोले: 'शराब के विरोध में आवाज उठाने वाले ने बनाई शराब नीति, दुख है...मेरी बात नहीं सुनी।' अन्ना हजारे ने कहा कि बहुत दुख होता है। अरविंद केजरीवाल जैसा आदमी जो मेरे साथ काम करता था। हम लोगों के साथ शराब के खिलाफ आवाज उठाता था। अब वह शराब नीति बना रहा है। इसलिए दुख हुआ। लेकिन करेगा क्या सत्ता के सामने कुछ नहीं कर सकता है। आखिर उसे अरेस्ट किया गया। वह उनके त्रुटि से हुआ है। हम यह बातें नहीं करते तो अरेस्ट होने का सवाल नहीं उठता। अब जो होगा वो कानून के हिसाब से होगा।

विरोध प्रदर्शन.. पूरी दिल्ली हाई अलर्ट पर

■ **देश में अघोषित आपातकाल जैसी परिस्थिति : 'आप'**

दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल की गिरफ्तारी के बाद शुक्रवार को आम आदमी पार्टी (आप) के कार्यकर्ताओं ने यहां प्रदर्शन किया। इस दौरान पुलिस ने कुछ नेताओं तथा कार्यकर्ताओं को हिरासत में लिया। स्थिति को देखते हुए पूरी दिल्ली हाई अलर्ट पर है। वहीं आप नेताओं ने कहा देश में अघोषित आपातकाल जैसी परिस्थिति है।

कार्यकर्ताओं ने सुबह से ही पार्टी मुख्यालय पहुंचने की कोशिश की जिन्हें पुलिस ने जगह-जगह रोक दिया। इस दौरान कार्यकर्ताओं ने केजरीवाल की गिरफ्तारी का विरोध करते हुए भाजपा और मोदी सरकार के खिलाफ जमकर नारेबाजी की। पुलिस ने जगह-जगह पार्टी के वरिष्ठ नेताओं, मंत्रियों, विधायकों और पार्षदों के साथ कार्यकर्ताओं को हिरासत में ले लिया।

देश के अंदर तानाशाही घोषित : मंत्री गोपाल

कैबिनेट मंत्री गोपाल राय ने कहा, यह जिस तरह का व्यवहार किया जा रहा है, उससे लगता है कि इन्होंने सचमुच देश के अंदर तानाशाही घोषित कर दी है। वहीं दिल्ली सरकार में कैबिनेट मंत्री सौरभ भारद्वाज को पुलिस ने हिरासत में ले लिया। उन्होंने कहा, देश में पूरी तरह से गुंडागर्दी चल रही है। केजरीवाल के परिवार वालों को घर में नजरबंद किया हुआ है। 'आप' के वरिष्ठ नेता जस्मीन शाह ने कहा कि एक फर्जी केस में पार्टी के चार बड़े नेताओं को जेल में डाल दिया गया है।

सीएम ने कार्यकर्ताओं में भरा जोश

सभा में केजरीवाल पर साधा निशाना, बोले- जस करनी तस भरनी

राजनांदगांव/रायपुर/नवप्रदेश। लोकसभा चुनाव से पहले सीएम विष्णुदेव साय कई जिलों का दौरा कर रहे हैं। इसी कड़ी में आज वे एक दिवसीय राजनांदगांव जिले के दौरे पर हैं, जहां शहर के शिवनाथ वाटिका में आयोजित कार्यकर्ता सम्मेलन में पहुंचे। इस दौरान मंच पर उनके साथ पूर्व मंत्री राजेश मूणत,विधायक अनुज शर्मा,भाजपा राजनांदगांव लोकसभा प्रत्याशी संतोष पांडे और अन्य पदाधिकारी मौजूद रहे। बता दें, सीएम साय ने जनता को संबोधित करते हुए कवर्धा में साहू समाज द्वारा किए जा रहे विरोध और अरविंद केजरीवाल के गिरफ्तारी जैसे तमाम मुद्दों पर कांग्रेस पर हमला बोला है।

जैसा जो करता है...वैसा भरता है

कवर्धा में भाजपा कार्यकर्ता की तरफसे एक समाज विशेष को लेकर की गई टिप्पणी को लेकर पूछे गए सवाल में मुख्यमंत्री ने कहा कि ऐसा नहीं है कि इसको लेकर पूरा साहू सामान नाराज हो। वहीं दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल के गिरफ्तारी को लेकर मुख्यमंत्री ने कहा कि 'जस करनी तास भरनी' जैसा वो किए हैं, वैसा भरना ही पड़ेगा।

चुनाव का शंखनाद हो चुका है

पत्रकारों से चर्चा करते हुए मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने कहा कि, लोकसभा चुनाव का शंखनाद हो चुका है। हर बार चुनाव के पहले कार्यकर्ता सम्मेलन करते हैं। जिसमें मैं आया हुआ हूं, बड़ी संख्या में कार्यकर्ता यहां आए हैं। सभी में उत्साह देखा जा सकता है।

100 दिन पूरे होने पर दी बधाई

पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के कांग्रेस कार्यकाल की योजनाओं को बंद करने को लेकर पूछे गए सवाल में मुख्यमंत्री ने कहा कि कल ही हमारे सरकार का 100 दिन पूरा हुआ है। इन 3 महीनों में ही जो 'मोदी की गारंटी' के तहत जनता से जो वादा था। जिसमें प्रधानमंत्री आवास हो 2 साल का बोनस, 21 क्विंटल प्रति एकड़ धान खरीदने की बात या महतारी वंदन योजना में महिलाओं को 1000 प्रति ■ शेष पृष्ठ 6 पर

छत्तीसगढ़ में नारी-न्याय गारंटी के फॉर्म भरवाएगी कांग्रेस

रायपुर/बिलासपुर/नवप्रदेश। लोकसभा चुनाव के लिए कांग्रेस पार्टी बड़ा दांव खेलने जा रही है। छत्तीसगढ़ में कांग्रेस सभी 11 लोकसभा क्षेत्रों में महिलाओं से नारी न्याय गारंटी के फॉर्म भरवाएगी। कांग्रेस ने इस योजना के तहत महिलाओं को एक लाख रुपए सालाना देने का वादा किया है।

छत्तीसगढ़ कांग्रेस प्रभारी सचिन पायलट ने रायपुर स्थित राजीव भवन में विभाग प्रमुखों और कार्यकर्ताओं के साथ बैठक ली। लोकसभा में मिलकर काम करने की अपील की है। लेटर बम और आरोप प्रत्यारोप के बीच रूठों को मनाने सीनियर नेताओं को जिम्मेदारी दी गई है। घर-घर जाकर रूठे नेताओं को मनाया जाएगा। साथ ही पायलट ने कार्यकर्ताओं को पसंद का प्रचारक देने की भी बात कही है। ■ शेष पृष्ठ 6 पर

मोदी को भूटान का सर्वोच्च नागरिक सम्मान

नई दिल्ली/ एजेंसी। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी भूटान के दो दिन के दौरे पर हैं। इस दौरान शुक्रवार को भूटान के राजा जिग्मे वांगचुक ने प्रधानमंत्री को वहां के सर्वोच्च 'ऑर्डर ऑफ ड्रूक ग्यालपो' अवॉर्ड से सम्मानित किया। मोदी ने कहा कि वो इस सम्मान को 140 करोड़ भारतीयों को समर्पित करते हैं। मोदी ने कहा, आज एक भारतीय के नाते मेरे जीवन का बहुत बड़ा दिन है, आपने मुझे भूटान के सर्वोच्च राष्ट्रीय पुरस्कार से सम्मानित किया है। हर पुरस्कार अपने आप में विशेष होता ही है लेकिन जब किसी अन्य देश से पुरस्कार मिलता है तो यह महसूस होता है कि ■ शेष पृष्ठ 6 पर

कोई गबन कोई घोटाला नहीं हुआ, यह भाजपा के स्लीपर सेल का दुष्प्रचार : बघेल

रायपुर/नवप्रदेश। रायपुर। छत्तीसगढ़ के पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने कहा है कि प्रदेश कांग्रेस कमेटी में किसी तरह का कोई ग़बन या घोटाला नहीं हुआ है. जो भी भुगतान प्रदेश कांग्रेस कमेटी की ओर से किया गया वह एक वैधानिक अनुबंध के तहत किया गया. प्रदेश कांग्रेस के एक पूर्व पदाधिकारी ने जो भी शिकायत की है वह दरअसल भाजपा स्लीपर सेल का दुष्प्रचार है।

बघेल ने कहा है कि पार्टी की अंदरूनी और वैधानिक अनुबंध पर इस तरह की शिकायत करना और फिर उसे मीडिया में प्रचारित प्रसारित करना पार्टी के अनुशासन के ख़िलाफ़ है और यह निश्चित तौर पर पार्टी के भीतर रहकर भाजपा के स्लीपर सेल के लिए काम कर रहे लोगों को काम है. इसीलिए भाजपा पार्टी के इस अंदरूनी मामले को इतना तूल भी दे ■ शेष पृष्ठ 6 पर

अरुण सिसोदिया को नोटिस छत्तीसगढ़ कांग्रेस में अपने एक पत्र से हड़कंप मचाने वाले पूर्व महामंत्री अरुण सिसोदिया पर अब पार्टी की टेढ़ी नजर है पार्टी के खिलाफ सार्वजनिक बयान बाजी और पत्र लिखकर पार्टी की छवि खराब करने को कांग्रेस ने अनुशासनहीनता माना है। इस संबंध में अरुण सिसोदिया को कारण बताओ नोटिस आज जारी कर दिया गया। ■ शेष पृष्ठ 6 पर

सिसोदिया, बोले- मैं फौजी, बम बांधकर मर जाउंगा... स्लीपर सेल नहीं बनूंगा

रायपुर/नवप्रदेश। कांग्रेस में अंतर्कलह और लेटर बम का सिलसिला लगातार जारी है। कई कांग्रेसी नेता सुरेंद्र दास के साथ उनके समर्थन में खड़े होते नजर आ रहे हैं। अरुण सिसोदिया ने भी लेटर लिखकर पूर्व मुख्यमंत्री पर 5 करोड़ 89 लाख रुपये षडयंत्र पूर्वक गबन करने का आरोप लगाया है। छत्तीसगढ़ कांग्रेस में अंतर्कलह और लेटर बम का सिलसिला लगातार जारी है। कई कांग्रेसी नेता सुरेंद्र दास के साथ उनके समर्थन में खड़े होते नजर आ रहे हैं।

शुक्रवार को अरुण सिसोदिया सुरेंद्र दास वैष्णव से मिलने राजनांदगांव भी पहुंचे। अरुण सिसोदिया ने सुरेंद्र के घर जाकर मुलाकात की। प्रदेश कांग्रेस कमिटी के पूर्व महामंत्री और अखिल भारतीय कांग्रेस कमिटी के सदस्य अरुण सिसोदिया ने प्रदेश अध्यक्ष दीपक बैज को पत्र लिखा है। जिसमें उन्होंने लिखा है कि, प्रदेश कांग्रेस कमेटी में कोषाध्यक्ष रामगोपाल अग्रवाल द्वारा अपने मित्र और पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के राजनितिक सलाहकार विनोद वर्मा के बेटे की कंपनी टेसू मीडिया लैब गाजियाचाद को 5 करोड 89 लाख रुपए दिया गया। जिसकी जानकारी तब के ■ शेष पृष्ठ 6 पर

गरमा-गरम

देश का अंतरिक्ष युग... इसरो ने फिर किया कमाल, बनाया नया कीर्तिमान

भारत के पहले रियूजेबल रॉकेट 'पुष्पक' का सफल परीक्षण

नई दिल्ली (ए.)। भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो) ने 'पुष्पक' नामक अपने पहले Reusable Launch Vehicle (RLV) यानी पुनः इस्तेमाल होने वाले पहले लॉन्च वाहन (रॉकेट) के लैंडिंग मिशन को सफलतापूर्वक अंजाम दिया है। यह परीक्षण शुक्रवार को कर्नाटक के चित्रदुर्ग के पास चल्लकेरे में एयरोनॉटिकल टेस्ट रेंज में सुबह सात बजकर 10 मिनट पर किया गया। यह इस श्रृंखला का दूसरा परीक्षण है। प्रक्षेपण स्थल पर इसरो के अध्यक्ष एस सोमनाथ और अन्य वरिष्ठ अधिकारी भी मौजूद थे।

इस परीक्षण के बाद इसरो ने एक्स पर लिखा, इसरो ने एक बार फिर कमाल किया! पुष्पक (RLV-TD), पंखों वाला वाहन, ऑफ-नोमिनल स्थिति से मुक्त होने के बाद रनवे पर सटीकता के साथ स्वतंत्र रूप से उतरा। इसके साथ ही इसरो ने कहा कि उसने 'आरएलवी एलईएक्स-02' लैंडिंग प्रयोग के माध्यम से पुनः इस्तेमाल होने वाले प्रक्षेपण यान प्रौद्योगिकी के क्षेत्र में एक बड़ी उपलब्धि हासिल की है।

अंतरिक्ष एजेंसी ने एक बयान में बताया कि पिछले साल किए गए आरएलवी-एलईएक्स-01 मिशन के बाद आरएलवी-एलईएक्स-02 ने हेलीकॉप्टर से छोड़े जाने के बाद पुनः प्रयोज्य प्रक्षेपण यान (आरएलवी) की स्वायत्त लैंडिंग क्षमता का प्रदर्शन किया। बयान में कहा गया है, ''आरएलवी को फैलाव के साथ अधिक कठिन करतब करने, 'क्रॉस-रेंज' एवं 'डाउनरेंज' दोनों को सही करने और पूरी तरह से स्वायत्त मोड में रनवे पर उतरने के लिए बनाया गया है।''

पुष्पक विमान की खूबियां

- पुष्पक पुनः इस्तेमाल होने वाला एक लॉन्चिंग विमान है। यह पंखों वाला हवाई जहाज जैसा दिखने वाला विमान है।
- इसकी लंबाई 6.5 मीटर है और वजन 1.75 टन है। यह विमान रोबोटिक लैंडिंग क्षमता से लैस है।
- ऑनबोर्ड नेविगेशन सिस्टम रनवे के आसपास की बाधाओं को पार करने के लिए 350 किलोमीटर प्रति घंटे की तेज गति से यह लैंडिंग करने में सक्षम है।
- ये अंतरिक्ष तक पहुंच को किफायती बनाने में कारगर साबित हो सकता है। इसका ऊपरी हिस्सा सबसे महंगे उपकरणों से लैस है। इसे धरती पर वापस लाकर रियूजेबल बनाया जा सकता है।
- रियूजेबल होने की वजह से यह अंतरिक्ष में मलबे को कम करेगा। यह बाद में अंतरिक्ष में किसी सैटेलाइट में इंधन भरने या किसी सैटेलाइट को ठीक करने के लिए वापस लाने में भी मदद करेगा।

न्यूज गैलरी

चुनाव करीब पर नहीं बन पाया भाजपा और बीजेडी में गठबंधन

नई दिल्ली। लंबे समय से चल रही बातचीत के बाद भी भारतीय जनता पार्टी और बीजू जनता दल के बीच गठबंधन पर सहमति नहीं बन पा रही है। ओडिशा में लोकसभा और विधानसभा के चुनाव साथ ही होने हैं। समय नजदीक आ रहा है और सीट शेयरिंग पर बात अधर में लटकी हुई है। इंडिया टुडे की रिपोर्ट के मुताबिक बीजेडी के सूत्रों का कहना है कि भाजपा ने 147में से 57 विधानसभा सीटों पर चुनाव लड़ने की इच्छा जाहिर की है। वहीं 21 लोकसभा सीटों में से 13 या फिर 14 पर लड़ना चाहती है। अगर ऐसा होता है तो बीजेडी के पास विधानसभा की 90 सीटें बचेंगी और लोकसभा की सिर्फ 6 या 7 सीटें। इसी बात को लेकर गठबंधन नहीं हो पा रहा है। कुल मिलाकर सारी बात 'बड़ा भाई' बनने की है। वर्तमान की बात करें तो ओडिशा में भाजपा के केवल 23 विधायक हैं। वहीं बीजेडी के 112 विधायक हैं। लोकसभा सीटों की बात करें तो बीजेडी के 12 सांसद हैं। भाजपा के पास 8 ही लोकसभा सांसद हैं।

लालू ने जयप्रकाश नारायण यादव पर जताया भरोसा

पटना। कांग्रेस पार्टी की नाराजगी को दरकिनार करते हुए राजद सुप्रीमो लालू प्रसाद यादव लोकसभा चुनाव 2024 के लिए अपने उम्मीदवारों की घोषणा दनादन करते जा रहे हैं। जिन उम्मीदवारों का नाम फाइनल किया जा रहा है उन्हें पार्टी का सिंबल भी उपलब्ध करा दिया जा रहा है। टिकट पाने वालों की लिस्ट में पूर्व मंत्री जयप्रकाश नारायण यादव का नाम भी शामिल हो गया है। शुक्रवार को राबड़ी देवी और मीसा भारती की मौजूदगी में लालू यादव ने जयप्रकाश नारायण यादव को पार्टी का सिंबल दे दिया। उन्हें बांका संसदीय क्षेत्र का उम्मीदवार बनाया गया है। बांका में दूसरे चरण में चुनाव होना है जिसके तहत 26 अप्रैल को मतदान होगा। एनडीए में यह सीट जदयू को दी गई है जहां से जेडीयू के गिरधारी यादव निवर्तमान सांसद हैं। जदयू ने अगर अपना कैंडिडेट नहीं बदला तो बांका में दो यादवों की लड़ाई दिलचस्प देखी जाएगी।

हर पांचवें साल बदल जाती है जनता की नीति

कोरबा सीट पर है दल-बदलकर सांसद चुनने की रीति

ईश्वर चंद्रा

कोरबा/नवप्रदेश। राजनीति में दल और कुर्सियों के बदल जाने की परंपरा से तो हर कोई वाकिफ है। पर कोरबा लोकसभा की सीट पर जनता-जनार्दन के निर्णय में कुछ ऐसा फेरबदल करने का क्रम रहा है, जिसमें एक बार कांग्रेस तो पांच साल बाद भाजपा सांसद को मौका हासिल कर पार्लियामेंट की एक चेयर सौंप दिया जाता है। नवगठित कोरबा लोकसभा में पहली बार वर्ष 2009 में चुनाव हुए और तब कांग्रेस के दिग्गज नेता डॉ चरणदास महंत ने उस वक्त भाजपा उम्मीदवार रहीं श्रीमती करुणा शुक्ला को हराकर कोरबा के पहले सांसद बनने का खिताब हासिल किया। दूसरी बार भी डॉ महंत कांग्रेस से उतरे पर इस बार भाजपा से स्व. डॉ बंशीलाल महतो ने जीत हासिल की। तीसरी बार पुनः कांग्रेस से डॉ महंत की धर्मपत्नी श्रीमती ज्योत्सना चरणदास महंत ने भाजपा के ज्योतिनंद दुबे को शिकस्त देकर फिर से कांग्रेस का कब्जा जमाया। स्पष्ट है कि हर बार इस सीट पर नतीजों के साथ पार्टियां भी बदलती रहीं। इस बार कोरबा लोकसभा की सीट पर चौथी बार चुनाव होने जा रहा है, जिसका फैसला अब भविष्य तय करेगा।

कोरबा लोकसभा सीट के लिए कायम यह ऐसा मिथक है कि यहां से कोई एक राजनीतिक पार्टी का लगातार कब्जा नहीं रहा। छत्तीसगढ़ की 11 लोकसभा सीटों में कोरबा एक महत्वपूर्ण सीट है। यहां से वर्तमान में कांग्रेस की श्रीमती ज्योत्सना चरणदास महंत सांसद हैं। कोरबा सीट पर अब तक की स्थिति में तीन बार आम चुनाव हो चुके हैं और अब 2024 में चौथी बार लोकसभा का चुनाव होना है। तारीखों के ऐलान से पहले ही कांग्रेस और भाजपा की अगुआई करते हुए दोनों प्रमुख प्रतिस्पर्धी पार्टियों के उम्मीदवार मुकाबले में आ चुके हैं। रामपुर से मरवाही और पाली-तानाखार से भरतपुर-सोनहत तक, कोरबा लोकसभा में शामिल सभी विधानसभा क्षेत्रों में धुआंधार प्रचार किया जा रहा है। कार्यकर्ताओं को अपनी-अपनी पार्टी की रीति-नीति और रणनीतियों के अनुसार एक्टिव मोड पर रखा गया है। बैग्राउंड पर गौर करें तो नए परिसीमन के बाद साल 2008 में कोरबा लोकसभा का गठन हुआ। इसके पहले जांजगीर लोकसभा सीट के अंतर्गत यह सीट समाहित थी। 2009 मे पहली बार लोक सभा के चुनाव हुए थे। बहुजन समाज पार्टी के संस्थापक स्व. काशीराम ने साल 1984 में जांजगीर सीट से अपनी राजनीतिक जीवन की शुरुआत की थी। हालांकि उन्हें पराजय का सामना करना पड़ा था।

3 चुनाव में पहला कांग्रेस, दूसरा भाजपा और तीसरा कांग्रेस के खाते में

अब तक इस सीट पर तीन बार आम चुनाव हो चुके हैं। पहले चुनाव में कांग्रेस के दिग्गज नेता डॉ चरण दास महंत ने अपने निकटतम प्रतिद्वंद्वी बीजेपी प्रत्याशी करुणा शुक्ला को हार का स्वाद चखाया था। इसके बाद 2014 के लोक सभा चुनाव में डॉ चरणदास महंत को बीजेपी के डॉ बंशीलाल महतो ने शिकस्त दी थी। लेकिन फिर 2019 के चुनाव में चरणदास महंत ने अपनी धर्मपत्नी ज्योत्सना चरणदास महंत को चुनाव मैदान में उतारा और इस बार उन्होंने बीजेपी के ज्योतिनंद दुबे को हराया था। यहां अब तक के तीन चुनाव में हर बार नतीजा बदला है। कोरबा संसदीय क्षेत्र से इंडियन नेशनल कांग्रेस की ज्योत्सना चरणदास महंत ने विजय हासिल की थी। उन्हें 5.23 लाख वोट मिले थे, वहीं उनकी निकटतम प्रतिद्वंदी भाजपा के ज्योतिनंद दुबे को 4.97 लाख मत मिले थे। ऐसे में कांग्रेस उम्मीदवार ने 26,249 वोट से कोरबा सीट पर जीत हासिल की थी। 19, 305 वोट नोटा को भी मिले थे।

आदिवासी वर्ग से सर्वाधिक 44.5 प्रतिशत मतदाता

कोरबा लोस क्षेत्र में साक्षरता दर 61.16 प्रतिशत है। वर्तमान में इस लोकसभा क्षेत्र में 15,99,188 मतदाता हैं। लोकसभा क्षेत्र में कुल आठ विधानसभा आते हैं। इनमें कोरबा जिले की पांच विधानसभा और अविभाजित कोरिया जिले की तीन विधानसभा शामिल हैं। कोरबा लोकसभा सीट के अंतर्गत कोरबा जिले की चार कोरबा, कटघोरा, रामपुर और पाली-तानाखार, कोरिया जिले की तीन मनेंद्रगढ़, भरतपुर सोनहत और बैकुंठपुर और बिलासपुर जिले की मरवाही विधानसभा सीट आती है। कोरबा लोकसभा में सबसे ज्यादा अनुसूचित जनजाति (एसटी) वर्ग के 44.5 प्रतिशत मतदाता हैं। इसके बाद अनुसूचित जाति (एससी) के 9.2 फीसदी, मुस्लिम वोटर्स 3.5 प्रतिशत और बाकी बचे हुए वोटर्स सामान्य वर्ग और ओबीसी कैटेगरी से हैं।

बीजेपी से लड़ने की बजाय कांग्रेस आपस में उलझी

■ हरिद्वार-नैनीताल लोकसभा सीटों पर खींचतान में फंसी टिकट

देहरादून। हरिद्वार और नैनीताल लोकसभा के लिए टिकट आवंटन के मामले में कांग्रेस 2019 और 2022 जैसी स्थिति में पहुंच गई है। इन दोनों सीटों पर नामांकन के लिए सिर्फ तीन दिन ही उपलब्ध हैं, दूसरी तरफ पार्टी प्रत्याशियों की घोषणा अब तक नहीं हो पाई है।

कांग्रेस गढ़वाल, टिहरी और अल्मोड़ा के लिए प्रत्याशियों की घोषणा 12 मार्च को ही कर चुकी है। इसके बाद हरिद्वार और नैनीताल पर इस बीच कई दौर की बैठक होने के बावजूद भी फैसला नहीं हो पाया है, ठीक चुनावी माहौल में कांग्रेस के प्रमुख नेता सोमवार से बुधवार तक इस कारण दिल्ली में जमे रहे। लेकिन टिकटों की गुत्थी अब भी नहीं सुलझ पाई है। सूत्रों के अनुसार टिकट आवंटन में देरी हरिद्वार सीट पर फैसला न होने के कारण हो रही है। जहां पूर्व सीएम हरीश रावत अपने पुत्र वीरेंद्र रावत के लिए टिकट की पैरवी कर रहे हैं। पार्टी नेताओं के मुताबिक शेष टिकटों का फैसला अब राष्ट्रीय महासचिव केसी वेणुगोपाल के स्तर से ही होने की उम्मीद है। इस बीच टिकट का मामला लंबा खिंचने पर पार्टी नेता नुकसान की भी आशंका जता रहे हैं। पार्टी नेताओं के मुताबिक 2019 के लोकसभा चुनाव में भी नामांकन की समय सीमा समाप्त होने से एक दिन पहले ही टिकटों की घोषणा होने से प्रत्याशियों को प्रचार के लिए मौका नहीं मिल पाया था। इसी तरह 2022 के विधानसभा चुनावों में भी टिकटों पर आम सहमति नहीं बनने के कारण प्रदेश के दिग्गज नेताओं को दस दिन तक दिल्ली में डेरा डालना पड़ा था। यह स्थिति इस बार भी पैदा

कांग्रेस के 57 और प्रत्याशियों की लिस्ट जारी

देर शाम कांग्रेस ने कई राज्यों के लिए 57 प्रत्याशियों की लिस्ट जारी की है। लेकिन इसमें भी उत्तराखंड से हरिद्वार और नैनीताल सीट के प्रत्याशियों के नाम शामिल नहीं है इस कारण कांग्रेस प्रत्याशी घोषणा में अभी और समय लगने की संभावना जताई जा रही है।

सपा से गठबंधन टूटने पर...

पल्लवी का बड़ा बयान

लखनऊ। उत्तर प्रदेश में इंडियन नेशनल डेवलपमेंटल इंक्लूसिव अलायंस (इंडिया) गठबंधन के घटक अपना दल (कमेरावादी) ने आगामी लोकसभा चुनाव के लिए अपनी पार्टी को गठबंधन के तहत एक भी सीट नहीं दिए जाने पर नाराजगी जाहिर करते हुए शुक्रवार को कहा कि बिहार में जो नीतीश कुमार के साथ हुआ, वही उत्तर प्रदेश में उसके साथ किया जा रहा है।

इस सवाल पर कि अगर भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) की अगुवाई वाला राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन अपना दल (कमेरावादी) को सीटों का कोई प्रस्ताव देता है तो क्या वह उसे स्वीकार करेंगी, पटेल ने कहा कि इस बारे में अभी तक कोई प्रस्ताव नहीं मिला है लेकिन अगर ऐसा कुछ होता है तो कोई भी निर्णय पार्टी ही करेगी। हालांकि उन्होंने कहा कि सीट बंटवारे को लेकर 'इंडिया' गठबंधन से बातचीत के दरवाजे अभी खुले हैं। पार्टी नेता एवं विधायक पल्लवी पटेल ने यहां संवाददाता सम्मेलन में विपक्षी गठबंधन 'इंडियन नेशनल डेवलपमेंटल इंक्लूसिव अलायंस' (इंडिया) के तहत आगामी लोकसभा चुनाव के लिये उत्तर प्रदेश में अपनी पार्टी को एक भी सीट नहीं दिये जाने पर नाराजगी जाहिर की। उन्होंने कहा कि अब उत्तर प्रदेश में सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव और राष्ट्रीय स्तर पर इंडिया गठबंधन की प्रमुख पार्टी यानी कांग्रेस यह बताए कि वे अपना दल (कमेरावादी) के साथ क्या करने जा रहे हैं।

बीजेपी ने उतारा 73 साल का प्रत्याशी, क्या कांग्रेस का युवा चला सकेगा कोई जादू

टीकमगढ़. लोकसभा चुनाव में मध्य प्रदेश की टीकमगढ़ संसदीय सीट पर दिलचस्प चुनाव होगा. यहां इस बार कांग्रेस ने यहां से 42 साल के पंकज अहिरवार को मैदान में उतारा है. जबकि, बीजेपी ने चौथी बार अनुभवी 73 साल के डॉ. वीरेंद्र खटीक को अपना प्रत्याशी बनाया है. इस सीट पर लगातार 20 साल से बीजेपी का कब्जा है. अब देखना होगा की क्या युवा प्रत्याशी बीजपी के किले को भेद पाते हैं? टीकमगढ़ लोकसभा सीट 2009 में परिसीमन के बाद अस्तित्व में आई थी. इसके पहले यह खजुराहो संसदीय सीट का हिस्सा थी. वीरेंद्र कुमार खटीक के पास अनुभव ज्यादा है. वे अनुभवी प्रत्याशी के तौर पर जाने जाते हैं.

वे यहां से लगातार सात बार यहां से सांसद बने हैं. इस बार 8 वीं बार फिर चुनाव लड़ने जा रहे हैं. क्षेत्र में लगातार सक्रियता और उनकी सहजता से लोग प्रभावित रहते हैं. चुनाव से पहले भी वे हमेशा जनता के बीच में ही रहते हैं. वे क्षेत्र में लगातार दौरे और कार्यक्रम भी करते हैं.

जनता तय करेगी भविष्य

42 साल के युवा प्रत्याशी पंकज अहिरवार क्या बीजेपी के इस मजबूत किले में सेंध लगा पाएंगे, यह तो जानता ही तय करेगी. पंकज अहिरवार का कहना है कि हम क्षेत्र में रोजगार लाएंगे, विकास करेंगे, युवाओं को पलायन नहीं करना पड़ेगा. उन्होंने कहा कि कांग्रेस ने स्थानीय प्रत्याशी के तौर पर मुझे टिकट दिया है. वीरेंद्र खटीक सागर जिले के रहने वाले हैं. इसलिए उन्हें स्थानीय नहीं माना जा सकता. स्थानीय व्यक्ति क्षेत्र का विकास कर सकता है.

इस वर्ग के लिए आरक्षित है यह सीट

बता दें, टीकमगढ़ लोकसभा सीट अनुसूचित जाति वर्ग के लिए आरक्षित है. अहिरवार समाज का वोट बैंक यहां मजबूत पकड़ रखता है. कांग्रेस पार्टी ने पिछली बार किरण अहिरवार को मैदान में उतारा था. लेकिन, किरण बीजेपी के इस प्रत्याशी को नहीं हरा पाई. इस बार कांग्रेस ने जाति समीकरण के आधार पर 42 साल के युवा प्रत्याशी पंकज अहिरवार को मैदान में उतारा है. बीजेपी इस क्षेत्र में अपनी मजबूत पकड़ रखती है. यहां 20 साल से इस सीट पर बीजेपी का कब्जा है.

बंगाल में भिड़ गए बीजेपी के दो दिग्गज

■ सुवेंदु बनाम सुकांता के झगड़े में दांव पर दिलीप घोष की सीट

नई दिल्ली। केंद्र की सत्ताधारी भारतीय जनता पार्टी ने लोकसभा चुनाव के लिए गुरुवार को तीसरी लिस्ट जारी कर दी है। हालांकि, इसमें सिर्फ नौ नामों का ही ऐलान किया गया है। ये सभी नाम तमिलनाडु के लिए हैं। पश्चिम बंगाल में बाकी बचे 20 सीटों पर उम्मीदवारों के नामों का ऐलान टल गया है। माना जा रहा है कि ऐसा पश्चिम बंगाल प्रदेश भाजपा अध्यक्ष और बंगाल विधानसभा में नेता विपक्ष के बीच मनमुटाव की वजह से हुआ है।

मिलेनियम पोस्ट की रिपोर्ट के मुताबिक, बंगाल भाजपा के अध्यक्ष सुकांता मजूमदार और राज्य के नेता विपक्ष सुवेंदु अधिकारी ने पार्टी नेतृत्व और केंद्रीय चुनाव समिति को अलग-अलग सूची सौंपी है, जिसमें अलग-अलग उम्मीदवारों के नाम हैं। इस स्थिति ने केंद्रीय चुनाव समिति को असहज बना दिया और नतीजतन पश्चिम बंगाल में उम्मीदवारों के नामों का ऐलान टल गया। हालांकि, पार्टी के एक बड़े वर्ग का दावा है कि दिलीप घोष ही मिदनापुर से चुनाव लड़ेंगे क्योंकि वह सीटिंग सांसद हैं। तृणमूल कांग्रेस की जून मालियाह जहां विधान सभा की सदस्य हैं और बांग्ला फिल्मों की अभिनेत्री हैं।

घोष का चुनाव लड़ने पर संशय

मीडिया रिपोर्ट्स में कहा गया है कि बंगाल के पूर्व भाजपा अध्यक्ष दिलीप घोष के दोबारा मिदनापुर से चुनाव लड़ने पर संशय गहरा गया है। फिलहाल वही मिदनापुर लोकसभा सीट से सांसद हैं। ऐसी चर्चा है कि पार्टी वहां से तृणमूल कांग्रेस की उम्मीदवार जून मालियाह के खिलाफ भारती घोष को उतार सकती है।

कोसी, सीमांचल और पूर्वी बिहार में ऐसे बढ़ी पिछड़ों की भागीदारी, पिछड़ गए सवर्ण

भागलपुर। कोसी, सीमांचल और पूर्वी बिहार की 11 लोकसभा सीटों पर पिछले तीन दशक (1999 से 2019 तक) में पिछड़े वर्ग की उम्मीदवारी और प्रतिनिधत्व बढ़ा है। जातीय चेतना के साथ-साथ वोटों का ध्रुवीकरण होने लगा तो विभिन्न दलों से अगड़ों की उम्मीदवारी भी तदनुसार कम होने लगी। यही वह दौर था जब प्रदेश में लालू प्रसाद के जातीय समीकरणों वाली राजनीति के बरअक्स नीतीश कुमार की सोशल इंजीनियरिंग सामने आई। नतीजा यह रहा कि पिछड़ा, अति पिछड़ा बहुल कोसी और सीमांचल के इलाके में पिछले तीन दशक से 70-80 फीसदी सांसद पिछड़ा व अति पिछड़ा चुने गए हैं। चुनाव के शुरुआती दिनों में भागलपुर, बांका, मुंगेर, सहरसा और कटिहार सीट से अधिकांश सांसद सवर्ण ही रहे। पिछले तीन टर्म से मुंगेर को छोड़ दें तो, अब इन सीट पर पिछड़े के अतिपिछड़े नेता नुमाइंदगी कर रहे हैं। जमुई 2009 से सुरक्षित सीट है, इसलिए यहां से अनुसूचित जाति के उम्मीदवार चुनाव लड़कर जीत रहे हैं।

90 के दशक से राजनीति बदलने का नतीजा

80 के दशक तक देश में चुनाव में विचारधारा वाले प्रत्याशियों को मतदाता चुनती थी। 90 के दशक में वर्ग आधारित राजनीति ने जन्म लिया, जो बाद में जाति-परिवारवाद में बंट गई। इसी दशक में बाहुबलियों को भी टिकट दिया जाने लगा। इससे राजनीति के मायने बदल गए। हालांकि एक दशक पहले सुप्रीम कोर्ट व चुनाव आयोग ने कई बंदिशें लगाई तो दागी चेहरे मैदान से हटे।

मधेपुरा ने पिछड़ों की राजनीति को नया आयाम

पिछड़ा वर्ग आयोग के अध्यक्ष रहे बीपी मंडल की रिपोर्ट पर ही देश में ओबीसी वर्ग को आरक्षण मिला। बीपी मंडल का पैतृक जिला मधेपुरा है। पिछड़ों की राजनीति के बड़े नेता लालू प्रसाद, शरद यादव सरीखे नेता चुनाव लड़ चुके हैं। 1967 में मधेपुरा सीट अस्तित्व में आया। बीपी मंडल के सीएम बनने के बाद यहां पर उपचुनाव कराना पड़ा।

निर्वाचन आयोग | तकनीकी सर्वेक्षणों और गणना के आधार पर चुनाव खर्च की सीमा भी बढ़ाई गईं

73 वर्षों में 380 गुना बढ़ी चुनाव खर्च की सीमा अब 95 लाख

लखनऊ। आजादी के बाद 1951 में हुए पहले संसदीय चुनाव में प्रत्याशियों के लिए चुनाव खर्च की सीमा 25 हजार तय की गई थी। वक्त के साथ यह सीमा बढ़ाई जरूर गई लेकिन अब 18वीं लोकसभा के लिए होने जा रहे चुनावों तक यह 389 गुणा बढ़ाकर 95 लाख कर हो गई है। 1951 के बाद यह अगले चार लोकसभा चुनावों यानि 1967 के संसदीय चुनाव तक 25 हजार रुपये ही चुनाव खर्च की अधिकतम सीमा थी। इसके बाद 1971 के लोकसभा चुनाव में चुनाव खर्च की अधिकतम सीमा को 25 हजार से बढ़ाकर 35 हजार कर दी गई जो इसके अगले संसदीय निर्वाचन 1977 तक रही।

केन्द्रीय निर्वाचन आयोग ने प्रत्याशियों व राजनीतिक दलों की इन मांगों को हमेशा से संज्ञान में लिया और तकनीकी सर्वेक्षणों व गणना के आधार पर चुनाव खर्च की सीमा भी बढ़ाई। नतीजा अब तक हुए पहले लोकसभा चुनाव से लेकर 17 वें आम चुनावों तक चुनाव खर्च का ग्राफ 380 प्रतिशत तक बढ़ गया।

आलम यह है कि पिछले संसदीय चुनाव में चुनाव खर्च की अधिकतम सीमा 95 लाख कर दी गई जिसे 2024 के आम चुनाव में भी बरकरार रखा गया है। हालांकि कई प्रस्तावित उम्मीदवार एवं राजनीतिक दल इस सीमा को बढ़ाकर 1.25 करोड़ तक करने की मांग कर रहे हैं। बावजूद इसके चुनाव में होने वाले खर्च को घटाने की वकालत जारी है। भाजपा के प्रदेश मीडिया संपर्क प्रमुख नवीन श्रीवास्तव कहते हैं कि चुनाव खर्चिला होता जा रहा है। इस बात को ध्यान में रखकर ही प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने एक देश एक चुनाव की बात कही है ताकि एक साथ संसदीय व विधानसभा चुनाव हों और चुनाव के खर्च घटे ताकि आम लोग भी चुनाव लड़ने के लिए आगे आ सकें। दूसरी ओर कांग्रेस के प्रवक्ता मनीष हिन्दवी का कहना है-अब समय आ गया है कि सभी को बैठकर एक रास्ता निकालना होगा ताकि चुनावी खर्च घटे और चुनाव धन पर केन्द्रित न रह जाए एवं चुनावी राजनीति में अच्छे लोग आगे आ सकें।

व्यय वृद्धि

इसके बाद चुनाव क्षेत्रों की सीमा का विस्तार, मतदाताओं की संख्या में वृद्धि, जनसंपर्क के लिए वाहन का महंगा होने, जनसभाओं के आयोजनों के लिए ऑफिस, टेंट शामियाना, साउंड सिस्टम आदि के व्यय में वृद्धि को आधार बनाकर प्रत्याशियों के साथ-साथ राजनीतिक पार्टियों की ओर से चुनाव खर्च में वृद्धि की मांग शुरू हुई।

क्र.सं.	चुनाव वर्ष	व्यय राशि की अधिकतम सीमा
1.	1951	25,000
2.	1957	25,000
3.	1962	25,000
4.	1967	25,000
5.	1971	35,000
6.	1977	35,000
7.	1980	1,00,000
8.	1984	1,50,000
9.	1989	1,50,000
10.	1991	1,50,000
11.	1996	4,50,000
12.	1998	15,00,000
13.	1999	15,00,000
14.	2004	25,00,000
15.	2009	25,00,000
16.	2014	70,00,000
17.	2019	95,00,000
18.	2024	95,00,000

न्यूज गैलरी

सीएम साय ने दी होली की शुभकामनाएं

रायपुर/नवप्रदेश। होली के त्यौहार पर प्रदेशवासियों के सुख, समृद्धि और खुशहाली की कामना करते हुए सीएम विष्णु देव साय ने अपने सोशल मीडिया एकाउंट पर वीडियो शेयर किया है। होली के त्यौहार पर प्रदेशवासियों के सुख, समृद्धि और खुशहाली की कामना करते हुए सीएम विष्णु देव साय प्रदेशवासियों को होली की शुभकामनाएं दी हैं।

कलेक्टर, एसएसपी ने स्कूली बच्चों को पढ़ाया, पूछे-प्रश्न

रायपुर/नवप्रदेश। जिला निर्वाचन अधिकारी एवं कलेक्टर डॉ. गौरव सिंह, पुलिस अधीक्षक श्री संतोष सिंह स्कूली बच्चों के बीच पहुंचे और उन से बातचीत की और कुछ प्रश्नोत्तरी भी किया। यह मौका था मतदान केंद्र के निरीक्षण के दौरान। जब कलेक्टर, एसएसपी ने मंदिरहसौद में स्थित स्वामी आत्मानंद मातृसदन उच्चतर माध्यमिक शाला में बच्चों को पढ़ता देख स्वयं कक्षा में पहुंचे। उन्होंने उपस्थित शिक्षिका और बच्चों से विषय के बारे में पूछा। बच्चे सोशल स्टडी में ज्योतिबा फूले का पाठ पढ़ रहे थे। तब कलेक्टर, एसएसपी ने बच्चों से ज्योतिबा फूले के बारे में प्रश्न पूछा और कुछ अतिरिक्त जानकारी भी साझा की। इसके बाद कलेक्टर डॉ. सिंह को बच्चों ने जीडीपी के बारे में बताया। कलेक्टर ने इससे जुड़े प्रश्न पूछते हुए जीडीपी की विस्तृत व्याख्या की। उन्होंने शिक्षिका से कहा बच्चों को रोचक ढ़ंग से अध्ययन कराएं ताकि वे पाठ्यक्रम की अवधारणा समझते हुए पढ़ाई करें। इससे वे अधिक क्षमता से ग्राहय कर सकेंगे। वे बाहनाकाड़ी प्राथमिक स्कूल में भी बच्चों के बीच पहुंचकर उनका परिचय लिया।

कलेक्टर, एसएसपी ने मध्याह्न भोजन का चखा स्वाद

रायपुर/नवप्रदेश। कलेक्टर डॉ. गौरव सिंह और एसएसपी संतोष सिंह मंदिरहसौद के मातृ सदन उच्चतर माध्यमिक शाला में निरीक्षण के दौरान पहुंचे तो उस समय मध्याह्न भोजन पकाया जा रहा था। उन्होंने रसोईयों से खाद्य सामाग्री की जानकारी लेते हुए पूछा-कौन सी सब्जी पका रहे है और कितने लोगों के लिए खाया बनाया जा रहा है। इस पर रसोईयों ने जानकारी दी। इसके बाद कलेक्टर डॉ. सिंह ने स्वयं उनके द्वारा बनाए गए भोजन को चखा। उनके साथ उपस्थित एसएसपी संतोष सिंह और जिला पंचायत सीईओ विश्वदीप ने मध्याह् भोजन खाया। कलेक्टर डॉ. सिंह बाहनाकाडी आंगनबाड़ी केंद्र का निरीक्षण किया और उपस्थित आंगनबाड़ी कार्यकर्ता को खाद्य पदार्थ रखने की जानकारी लेते हुए सुरक्षित रखने के निर्देश दिए।

दिल्ली की तरह छग में भी हुई शराब घोटाले पर एफआईआर, जल्द होगी कार्रवाई: विजय शर्मा

■ **केजरीवाल मामले पर गृहमंत्री शर्मा बोले, कानून के अनुसार कार्यवाही होगी**

रायपुर/नवप्रदेश। दिल्ली के सीएम अरविंद केजरीवाल की गिरफ्तारी को लेकर गृहमंत्री विजय शर्मा ने कहा कि, दिल्ली की तरह प्रदेश में भी शराब घोटाले पर FIR हूई है। उसमें पूर्व सीएम भूपेश बघेल सहित कई अन्य लोगों के नाम हैं। दिल्ली के सीएम अरविंद केजरीवाल को कल रात श्रेष्ठ ने गिरफ्तार कर लिया है। जिसको लेकर राजनीति भी तेज हो गई है, उनकी गिरफ्तारी पर गृहमंत्री विजय शर्मा ने कहा कि, दिल्ली की तरह प्रदेश में भी शराब घोटाले पर FIR हूई है। उसमें पूर्व सीएम भूपेश बघेल सहित कई अन्य लोगों के नाम हैं।

उन्होंने आगे कहा कि, कानूनी प्रक्रिया के अनुसार कार्यवाही होगी।

कानून सबके लिए समान है, चाहे वह मुख्यमंत्री हो या कोई भी हो। मछली हो या मगरमच्छ सब पर कार्रवाई होगी। छत्तीसगढ़ में जो घोटाला हुआ है उसको बच्चा-बच्चा जानता है और प्रदेश में शराब घोटाले में कार्यवाही चल रही है। छत्तीसगढ़ की संपदा को लूट गया है। इसलिए जो आवश्यक कार्रवाई है वो की जाएगी। छत्तीसगढ़ प्रभारी सचिन पायलेट द्वारा बैठकें लेने पर कहा कि, सचिन पायलेट चुनाव लड़ने से पीछे क्यों हट रहे पहले वो बताएं।

भ्रष्टाचार में आम आदमी पार्टी के लोग संलिप्त रहे हैं: साव

दिल्ली के सीएम अरविंद केजरीवाल की गिरफ्तारी को लेकर उपमुख्यमंत्री अरुण साव ने कहा कि, INDIA गठबंधन को देश भ्रष्टाचारियों का एकत्रीकरण मानता है। भ्रष्टाचार में आम आदमी पार्टी के लोग संलिप्त रहे हैं और जो लोग जेल में हैं उनकी जमानत नहीं हो रही है। यही लोग कभी ईमानदारी के ठेकेदार बनते थे। एजेंसियां साक्ष्य के आधार पर काम कर रही है और जो जैसा करेगा वैसा भरेगा यह साफदिखाई दे रहा है।

दूसरे दिन भी आईटी की जांच जारी, जमीन और ब्याज कारोबारी के घर में पड़ताल

■ **फाइनेंसर के घर आईटी टीम के हाथ लगा अहम दस्तावेज**

रायपुर/नवप्रदेश। रायपुर-भोपाल से आईटी अफसरों की दो अलग-अलग टीमें फाइनेंसर के घर पहुंची। अफसरों की कार्रवाई को पिछले दिनों शहर के पुराने गंज चौक में एक कार से मिली रकम से जोडक़र देखा जा रहा है। बताया जा रहा है कि उक्त रकम को पुलिस ने जांच के बाद आयकर विभाग को सौंप दिया था। जिससे अफसरों को बड़े लेन-देन की जानकारी हाथ लगी।

जमीन और ब्याज के कारोबार से जुड़े फाइनेंसर संजय शर्मा के घर लगातार दूसरे दिन आईटी अफसरों ने गहन जांच पड़ताल की, वहीं उनके निवास के पीछे स्थित ससुर के घर भी अफसरों का डेरा रहा।गुरुवार दोपहर से देर रात तक शर्मा समेत उनके कर्मचारियों से आईटी अफसरों ने लेखा-जोखा को लेकर पूरी जानकारी ली।

उस आधार पर शर्मा के घर में अधिकारियों ने धावा बोल दिया।संजय शर्मा एक बड़े फाइनेंसर हैं। हाल ही के वर्षों में उन्होंने कंट्रक्शन के क्षेत्र में कदम रखा है। वहीं व्यवसायिक काम्प्लेक्स भी उनके द्वारा बनाया गया है। कमला कॉलेज रोड में एक भव्य व्यवसायिक काम्प्लेक्स संचालित किया जा रहा है। साथ ही सांई दर्शन कॉलोनी में रिहायशी मकान में भी उन्होंने निवेश किया है। शहर के वीआईपी रोड स्थित संजय शर्मा के घर अफसरों की टीम रात भर रही। सुबह शर्मा को घर के बाहर टहलते हुए देखा गया, वहीं उनके कर्मचारी भी बाहर आए।

सूत्रों का कहना है कि अफसरों को लेन-देन से जुड़ी अहम जानकारियां हाथ लगी है। कुछ प्रापर्टी के दस्तावेज भी अफसरों को मिले हैं।

अघोषित आय के संबंध में भी अहम सुराग मिला है। फाइनेंसर संजय शर्मा के साथ व्यापारिक साझेदारों के नाम की भी जानकारी अफसरों को लगी है। शहर के कुछ व्यापारियों ने ब्याज के कारोबार में शर्मा के माध्यम से निवेश किया है। बताया जा रहा है कि शर्मा के घर मिले दस्तावेजों के आधार पर अगले कुछ दिनों में आईटी के अधिकारी बड़े साझेदारों को घेर सकते हैं। फिलहाल, आज दूसरे दिन भी जांच-पड़ताल जारी रही।

आचार संहिता के उल्लंघन की शिकायत लेकर कांग्रेसी पहुंचे निर्वाचन आयोग

रायपुर/नवप्रदेश। रेल्वे स्टेशनों, पेट्रोल पंपों में नरेन्द्र मोदी के फोटो वालो विज्ञापनों और राशन दुकानों में मोदी के फोटो वाले झोले में राशन वितरित करने की शिकायत कांग्रेस ने मुख्य चुनाव आयुक्त से किया। राजनांदगांव लोकसभा के अंतर्गत ग्राम-भर्रेगांव, केन्द्र क्रमांक-75, के राशन दुकानदार के द्वारा मोदी सरकार की गारंटी सभी को अनाज, पोषित समाज से चिन्हांकित और मोदी जी के फोटोयुक्त कैरी बैग, थैला में वर्तमान समय में लोगों को राशन दिये जाने का वीडियो भी कांग्रेस ने चुनाव आयुक्त को सौंपा। ज्ञापन में कहा गया कि वर्तमान समय में सम्पुर्ण भारत में आदर्श आचार संहिता लागू है ऐसे स्थिति में छत्तीसगढ़ राज्य के सभी जिलों के क्षेत्राधिकार से संबंधित राशन दुकानों में मोदी जी के फोटोयुक्त कैरीबैग, थैला में राशन सामग्री दिया जाना जो कि आदर्श आचार संहिता का घोर उल्लघंन है। इसके साथ ही पेट्रोल पंपो, एवं रेल्वे स्टेशनों में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के फोटो वाले विज्ञापन लगे है। इसको तत्काल हटाया जाये यह आदर्श आचार संहिता का उल्लघंन इस मामले दोषी लोगो पर तत्काल कार्यवाही किया जाये। मोदी के फोटो वाले होर्डिंग हटाया जाये। ज्ञापन सौंपने वाले में पूर्व मंत्री कवासी लखमा, प्रदेश कांग्रेस वॉर रूम अध्यक्ष शैलेश नितिन त्रिवेदी, प्रदेश कांग्रेस संचार विभाग अध्यक्ष सुशील आनंद शुक्ला, प्रदेश कांग्रेस वरिष्ठ प्रवक्ता धनंजय सिंह ठाकुर, अजय साहू, पूर्व महामंत्री अमरजीत चावला, रिषभ चंद्राकर, सोमेन चटर्जी, पूजा देवांगन, रजत जसूजा, दिनेश निर्मलकर उपस्थित थे।

संवैधानिक एजेंसियों के दुरुपयोग से सत्ता बचाने का कुत्सित प्रयास कर रही है मोदी सरकार: बैज

रायपुर/नवप्रदेश। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज ने भारतीय जनता पार्टी और केंद्र की मोदी सरकार पर लोकतंत्र विरोधी षड्यंत्र रचने का आरोप लगाते हुए कहा है कि अधिनायकवादी मोदी सरकार ने पहले कांग्रेस की चुनी हुई सरकारों को गिराया, डर और लालच से नेताओं की खरीद फरोख्त की और जो नेता नहीं झुके उनके ऊपर ईडी, आईटी और सीबीआई जैसे जांच एजेंसियों का अंकुश लगाया, उसके बाद अब जब देश में आम चुनाव हो रहे हैं, आचार संहिता लगने के बाद कांग्रेस पार्टी को आर्थिक रूप से चोट पहुंचाने के लिए आयकर विभाग का दुरुपयोग कर रही है। 30 साल पुराने आधारहीन मामले का बहाना करके ठीक चुनाव के पहले कांग्रेस पार्टी के बैंक खातों को जप्त करना अलोकतांत्रिक है। तानाशाही मोदी सरकार धनबल और केंद्रीय एजेंसी के दुरुपयोग से विपक्ष को डराने और लोकतंत्र को खत्म करने आमादा है।

प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज ने कहा है कि मोदी सरकार लोकतंत्र विरोधी षड्यंत्र करके विपक्षी दलों के सीमित संसाधनों को भी छीनने का काम कर रही है।

कलेक्टर और एसपी ने किया मतदान केंद्रों का निरीक्षण

■ **दिव्यांगजनों के लिए रैंप का करें इंतजाम, बूथ को बनाएं सुविधाजनक : कलेक्टर**

रायपुर/नवप्रदेश। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी डॉ. गौरव सिंह और एसएसपी संतोष सिंह आज आगामी लोकसभा चुनाव की तैयारियों के संबंध में आरंग अनुविभाग के मतदान केंद्रों का निरीक्षण किया।

उन्होंने मंदिरहसौद में स्थित मातृसदन उच्चतर माध्यमिक शाला, प्राथमिक शाला भवन बाहनाकाड़ी, प्राथमिक शाला भवन जुगेसर के मतदान केंद्र का अवलोकन किया। उन्होंने कहा कि ऐसी व्यवस्था की जाएं कि मतदाताओं को परेशानी न हो, वे अधिक से अधिक संख्या में मतदान करने के लिए प्रेरित हो।

दिव्यांगजनों के लिए रैंप बनाया जाएं। जिससे उनको किसी प्रकार की परेशानी न हो। धूप से बचाव के लिए शेड और पीने के पानी व्यवस्था की जाएं। साथ ही मतदान केंद्रों में महिला और पुरूष के लिए पृथक शौचालय का इंतजाम किया जाएं। कलेक्टर और एसएसपी सभी बूथों वाले कक्षों के भीतर जाकर स्थिति का जायजा लिया। उन्होंने कहा कि प्रयास किया जाएं कि इन कक्षों में दो दरवाजे हो और जिसमें एक दरवाजे से भीतर जाकर मतदान करने के पश्चात दूसरे दरवाजे से बाहर निकल आएं। मतदान केंद्र तक पहुंचने का मार्ग अच्छी अवस्था में हो, ताकि मतदाता आसानी से पहुंच सकें। एसएसपी ने कहा कि मतदान केंद्रों में सुरक्षा व्यवस्था अच्छी रखें। आवश्यकता पड़ने पर बैरिकेट्स की व्यवस्था करें। इस अवसर पर जिला पंचायत सीईओ विश्वदीप, एसडीएम पुष्पेंद्र शर्मा सहित अन्य अधिकारीगण उपस्थित थे।

सोशल मीडिया आभासी नहीं प्रभावी दुनिया, है परिणाम बदलने की क्षमता: बृजमोहन अग्रवाल

■ **भाजपा ने किया रायपुर लोकसभा सोशल मीडिया इंफ्लूएंसर्स मीट का आयोजन**

रायपुर/नवप्रदेश। भारतीय जनता पार्टी द्वारा लोकसभा चुनाव के मद्देनजर हर वर्ग को ध्यान में रखकर योजनाबद्ध तरीके से काम कर रही है इसी तारतम्य में आज भाजपा आई. टी.सेल के तत्वाधान में रायपुर के महाराजा अग्रसेन कॉलेज में सोशल मीडिया इंफ्लूएंसर्स मीट 2024 का आयोजन किया गया जिसके अंतर्गत रायपुर लोकसभा में निवास करने वाले ऐसे सभी सोशल मीडिया इनफ्लूएंसर्स जो अलग अलग विषयों पर सोशल मीडिया के माध्यम से आम जनमानस को प्रभावित करते हैं और लोगों में उस विषय की दशा दिशा निर्धारित करने में बड़ी भूमिका निभाते हैं जिनके अपने हजारों लाखों फोलोवर हैं ऐसे सैकड़ों इन्फ्लूएंसर्स की मीटिंग आयोजित की गई ।

सोशल मीडिया इनफ्लूएंसर्स में छत्तीसगढ़ शासन के मंत्री और रायपुर लोकसभा से भाजपा प्रत्याशी बृजमोहन अग्रवाल उपस्थित रहे उन्होंने उपस्थित सोशल मीडिया के प्रभावी चेहरों से सीधा संवाद किया और उनसे भाजपा के पक्ष में अपना योगदान देने का निवेदन किया उन्होंने अपने भाषण की शुरुवात में कहा की कुछ लोग सोशल मीडिया को आभासी दुनिया मानते थे परंतु यह वास्तव में एक दमदार प्रभावी दुनिया है आज के आधुनिक युग में सोशल मीडिया इनफ्लूएंसर्स समाज के हर विषय पर तत्काल प्रतिक्रिया करते हैं आज सोशल मीडिया में परिणाम बदलने और समकालीन विषयों पर एजेंडा सेट करने की ताकत है।

कलेक्टर ने देखी सड़क निर्माण की गुणवत्ता

रायपुर/नवप्रदेश। वाक्या ऐसा था जब कलेक्टर डॉ. गौरव सिंह आज मंदिरहसौद से चंदखुरी चुनावी तैयारियों के संबंध में दौरा करने निकले थे। तभी उन्होंने चंदखुरी रोड में बनाई जा रही सड़क को देखकर अपना वाहन रूकवाया और श्रमिकों से जानकारी ली। उन्होंने सड़क बनाने वाले श्रमिक को बुलाकर निर्माणाधीन सड़क में राड डलवाकर सड़क की मोटाई का परीक्षण किया और उपयोग किए जाने वाले निर्माण सामग्री की भी जानकारी ली। कलेक्टर ने बाहनाकाड़ी के निर्माणाधीन पुलिया को देखकर रूके और जानकारी ली और एजेंसी की जानकारी ली। कलेक्टर ने उक्त निर्माण स्थलों को समय-सीमा में और गुणवत्तापूर्वक बनाने के निर्देश दिए।

नए संकल्प के साथ आगे बढ़ने का समय : डा पंडया

■ **गुजरात व एनसीआर में - अप्रैल से प्रारंभ होगी ज्योति कलश रथ यात्रा**

हरिद्वार/नवप्रदेश। देव संस्कृति विश्वविद्यालय के प्रतिकुलपति डॉ. चिन्मय पण्ड्या ने कहा कि यह समय नए संकल्प के साथ आगे बढ़ने का समय है। देश के प्रत्येक व्यक्ति, परिवार और समाज में जन जागरण का अवसर है। नए युग के आगमन का समय है। ऐसे दिव्य अवसर में हम सभी को संगठित होकर सकारात्मक सोच एवं संकल्प के साथ आगे बढ़ने की आवश्यकता है।

डॉ. चिन्मय पण्ड्या गुजरात व राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र में अखिल विश्व गायत्री परिवार द्वारा निकलने वाली ज्योति कलश रथ यात्रा कार्यशाला के उद्घाटन सत्र को संबोधित कर रहे थे। शांतिकुंज के मुख्य सभागार में आयोजित उद्घाटन सत्र में डॉ चिन्मय पण्ड्या ने कहा कि ज्योति कलश रथ यात्रा के माध्यम से परिचय सत्र-नींव के पत्थरों का अनुभव लेना, प्रेम भावना विकसित करना, भावी योजनाओं के लिए प्रस्ताव तथा योजनाओं को मूर्त रूप देने के लिए सतत प्रयास करते रहना है। इससे एक ओर जहाँ सकारात्मक सोच, व्यक्तित्व संपन्न व्यक्ति एकजुट होंगे, वहीं दूसरी ओर समाज में नकारात्मकता कम होगी। जिस तरह से दीपक जलाने से अंधेरा अपने आप दूर हो जाता है। युगऋषि पं श्रीराम शर्मा आचार्य के विचारों का उल्लेख करते हुए उन्होंने कहा कि इन दिनों पांच वीरभद्र अपने अलग अलग स्वरूपों में कार्य कर रहे हैं। वायुमंडल के परिशोधन, वातावरण के परिष्कार, नये युग के आगमन, देवमानवों को जोड़ने तथा प्रतिभा सम्पन्न लोगों में अच्छे विचारों का पोषण जैसे कार्य में जुटे हैं।

उन्होंने कहा कि यह समय विकट है, सभी ओर श्रद्धावानों,

देसंविवि में अंतरराष्ट्रीय कार्यशाला का समापन

हरिद्वार/नवप्रदेश। देव संस्कृति विवि में वैज्ञानिक अध्यात्म पर अयोजित दो दिवसीय अंतरराष्ट्रीय कार्यशाला का शुक्रवार को समापन हुआ।

समापन सत्र में पैनल चर्चा हुई और प्रतिभागियों ने अपने अनुभवों को साझा किया। देसंविवि के संकायाध्यक्ष संदीप कुमार, डॉ पीयूष त्रिवेदी और डॉ कृष्णा झरे ने वैज्ञानिक अध्यात्म पर अपने विचार रखे। साथ ही सभी प्रतिभागियों को स्मृति चिह्न व प्रमाण पत्र आदि भेंटकर सम्मानित किया गया। डॉ राजेश रंजन ने यज्ञ का अध्यात्म विज्ञान एवं अभियांत्रिकी के विषय पर चर्चा की।

सलाह | इज ऑफ डुईंग बिजनेस के तहत जीएसटी सरलीकरण एवं युक्तियुक्तकरण के लिए दिए सुझाव

चेंबर प्रतिनिधि मंडल ने जीएसटी आयुक्त रजत बंसल को सौंपा ज्ञापन

रायपुर/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ चेम्बर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज के प्रदेश अध्यक्ष अमर पारवानी, महामंत्री अजय भसीन, कोषाध्यक्ष उत्तमचंद गोलछा, कार्यकारी अध्यक्ष राजेन्द्र जग्गी,विक्रम सिंहदेव, राम मंधान, मनमोहन अग्रवाल ने बताया कि चेंबर में इज ऑफ डुईंग बिजनेस के तहत जीएसटी सरलीकरण एवं युक्तियुक्तकरण के सम्बन्ध में बैठक रखी गई थी जहाँ व्यापारिक- औद्योगिक संगठनों एवं पदाधिकारियों से प्राप्त सुझावों को लेकर प्रदेश चेंबर अध्यक्ष अमर पारवानी के नेतृत्व में चेंबर प्रतिनिधिमंडल ने श्री रजत बंसल जी, राज्य जीएसटी आयुक्त से मुलाकात कर जीएसटी सरलीकरण हेतु सुझाव के सम्बंध में ज्ञापन सौंपा ।

चेंबर प्रदेश अध्यक्ष श्री पारवानी जी ने बताया कि आज प्रतिनिधि मंडल ने प्रदेश के व्यापारियों में जीएसटी को लेकर आ रही कानूनी और तकनीकी परेशानियों के सम्बंध में तथा जीएसटी के सरलीकरण एवं युक्तियुक्त करण करने हेतु श्री रजत बंसल जी को ज्ञापन सौंपा।

बैठक में व्यापारियों द्वारा प्राप्त जीएसटी से सम्बंधित परेशानियों एवं सुझावों को प्रमुख रूप से चेंबर ने सूचीबद्ध किया।

प्रमुख सुझाव निम्नानुसार है -

- विक्रेता पर ही कार्यवाही की जानी चाहिए.
- त्डब् संबधित प्रावधान.
- इनपुट टैक्स क्रेडिट जीएसटीआर 2बी के आधार मान्य होने.
- जीएसटी प्रणाली में ब्याज की गणना के प्रावधान को बदलने बाबत.
- नियम 86 बी- त्मेजतपबजपवद वि प्ज्ब् जव 99ः.
- पूर्व माह का जीएसटीआर -3बी न जमा होने पर जीएसटीआर -1 जमा करने पर प्रतिबन्ध.
- ई-इनवॉइसिंग के 1 अक्टूबर 2022 से रु.10 करोड़ तक के टर्नओवर वाले व्यापारियों पर लागू किए गए प्रावधान वापस लेने बाबत.
- की ई-इनवॉइसिंग स्थिति में खरीददार को इनपुट अनिवार्य रूप से मिलना चाहिए.
- ई-वे बिल की वैधता अवधि में 50 प्रतिशत की कटौती.
- माल के परिवहन एवं ई-वे बिल सम्बंधित समस्याएं.
- छुटे हुए इनपुट टैक्स क्रेडिट लेन एवं वार्षिक विवरण पत्र में संशोधन किए जाने हेतु अवसर प्रदान करने बाबत.
- जीएसटी वार्षिक विवरण के सम्बंध में सुझाव.

केव्हीए में परिसंवाद का आयोजन

रायपुर/नवप्रदेश। शहर के डे बोर्डिंग विद्यालय कांगेर वैली अकादमी में परिचर्चा सत्र का आयोजन हुआ। जिसमे कांगेर वैली से पढ़े हुए भूतपूर्वछात्र उपस्तिथ थे जिन्होंने विद्यालय में पढ़ रहे कक्षा दसवीं और बारहवीं के बच्चों का मार्गदर्शन किया । विद्यालय में पढ़े हुए ये छात्र आज विभिन्न क्षेत्रों में सफलतापूर्वक कार्य कर रहे हैं।

कैरियर यात्रा में अनेक पड़ाव आये जिन्हें सभी ने पार करते हुए सफलता हासिल किया।उनके इसी संघर्ष के अनुभवों को वर्तमान में अध्ययनरत विद्यार्थियों के बीच साझा करने के लिए यह परिसंवाद सत्र का आयोजन किया गया था । डॉ. डॉली राय और डॉ. नमन

कछावा ने चिकित्सा विज्ञान में भविष्य बनाने की बारीकियों से विद्यार्थियों को बताया । पढाई में होने वाली कठिनाइयाँ और तनाव प्रबंधन करने उपायों को स्पष्ट किया । सीए संचित सल्या ने वाणिज्य लेकर पढ़ रहे विद्यार्थियों को अपनी उच्चशिक्षा का अनुभव बताया और सी ए की तैयारी के तरीकों से अवगत कराया । इंजीनियर वत्सल मिश्रा ने सॉफ्टवेयर के क्षेत्र में अपना भविष्य तलाश रहे विद्यार्थियों का मार्गदर्शन किया ।

शिवानी ओझा जिसने बारहवीं के बाद चित्रकारी अपनके क्षेत्र को चुना और आज एक सफल चित्रकार के रूप में अपनी जगह बनाई है । शिवानी ने आर्ट के क्षेत्र में सुनहरे भविष्य पर प्रकाश डाला और बच्चों का मार्गदर्शन किया।

सुविचार

अगर हम विकट परिस्थितियों से गुजर रहे होते हैं और प्रभु को मौन पाते हैं तो हमें यह नहीं भूलना चाहिए कि परीक्षा के दौरान शिक्षक भी मौन रहते हैं। - अज्ञात

संपादकीय

नई दिल्ली के मुख्यमंत्री की गिरफ्तारी

बहुचर्चित शराब घोटाले में आखिरकार नई दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल को ईडी की टीम ने गिरफ्तार कर ही लिया। अरविंद केजरीवाल ने आखिरी समय तक गिरफ्तारी से बचने की भरपूर कोशिशें की। लेकिन इस बार वे ईडी के जाल में फंस ही गए। दरअसल अरविंद केजरीवाल की गिरफ्तारी तो होनी ही थी। वे ईडी के समन को जिस तरह रद्दी की टोकरी के हवाले करते रहे हैं। और ईडी की पूछताछ से बचने के लिए बहानेबाजी करते रहे हैं। उसके बाद तो यह तय हो गया था कि ईडी उन्हें गिरफ्तार करेगी। आम आदमी पार्टी के नेता भी लगातार यही आशंका जता रहे थे कि ईडी अरविंद केजरीवाल को गिरफ्तार करने वाली है। खुद अरविंद केजरीवाल भी यह जानते थे कि उनकी गिरफ्तारी तय है। लेकिन उसके बावजूद उन्होंने कानूनी दांव पेंच आजमाकर गिरफ्तारी से बचने की हर मुमकिन कोशिश की। किन्तु हाईकोर्ट ने भी जब उनकी गिरफ्तारी पर रोक लगाने से इनकार कर दिया तभी यह पक्का हो गया था कि अरविंद केजरीवाल अब कानून के फंदे से नहीं बच पाएंगे। ईडी की टीम ने जब उन्हें गिरफ्तार किया। तब भी उनके वकीलों ने सुप्रीम कोर्ट का दरवाजा खटखटाया और उनकी गिरफ्तारी को चुनौती देते हुए इस मामले की तत्काल सुनवाई करने की मांग रखी। लेकिन बाद में उनके वकीलों ने सुप्रीम कोर्ट से अपनी यह याचिका वापस भी ले ली। बहरहाल अरविंद केजरीवाल की गिरफ्तारी को लेकर अब आम आदमी पार्टी के नेता और कार्यकर्ता सड़कों पर उतर आए हैं। वे अभी भी केन्द्र सरकार पर आरोप लगा रहे हैं कि अरविंद केजरीवाल से भाजपा डर गई है। और वह उन्हें लोकसभा चुनाव के प्रचार से रोकना चाहती हैं। इसीलिए उनके खिलाफ राजनीतिक बदले की कार्यवाही की गई है। कांग्रेस सहित आईएनडीआईए में शामिल अन्य राजनीतिक पार्टियों के नेता भी अरविंद केजरीवाल की गिरफ्तारी को बदले की करार दे रहे हैं। बहरहाल किसी मुख्यमंत्री की भ्रष्टाचार के आरोप में गिरफ्तारी का यह कोई पहला मामला नहीं है। झारखंड के मुख्यमंत्री हाल ही में हेमंत सोरेन को भी भ्रष्टाचार के आरोप में गिरफ्तार किया गया था। लालू प्रसाद यादव और जयललिता सहित कुछ और मुख्यमंत्री भी पद पर रहते हुए गिरफ्तार हो चुके हैं। इन सभी मुख्यमंत्रियों ने गिरफ्तारी से पहले नैतिकता के आधार पर मुख्यमंत्री पद से इस्तीफा दे दिया था। किन्तु अरविंद केजरीवाल इसके अपवाद हैं। उन्होंने अभी तक मुख्यमंत्री पद से इस्तीफा नहीं दिया है। आम आदमी पार्टी के नेताओं का तो यही कहना है कि अरविंद केजरीवाल मुख्यमंत्री पद पर बने रहेंगे। और जेल से ही सरकार चलाएंगे। ये वही अरविंद केजरीवाल हैं जो पहले यह कहते थे कि यदि किसी मंत्री या मुख्यमंत्री पर भ्रष्टाचार का आरोप भी लगता है तो उसे नैतिकता के आधार पर तत्काल अपने पद से इस्तीफा दे देना चाहिए। और जांच का सामना करना चाहिए किन्तु जब वे भ्रष्टाचार के आरोप में घिरे और उनके दो मंत्रियों सहित एक राज्यसभा सदस्य भ्रष्टाचार के आरोप में जेल पहुंच गए और जांच की आंच खुद उन तक पहुंच गई तब भी उन्होंने अपने पद से इस्तीफा नहीं दिया। अब जबकि वे गिरफ्तार हो चुके हैं। तब भी वे नैतिकता के आधार पर मुख्यमंत्री पद छोड़ने के लिए तैयार नहीं हैं। इस बारे में उनके राजनीतिक गुरु प्रसिद्ध सामाजिक कार्यकर्ता अन्ना हजारे ने टिप्पणी की है कि जो जैसा करता है वो वैसा भरता है। हालांकि आम आदमी पार्टी के नेता अभी भी अरविंद केजरीवाल को कट्टर ईमानदार बता रहे हैं। और केन्द्र सरकार पर आम आदमी पार्टी को कुचलने की साजिश करने का आरोप लगा रहे हैं। लेकिन सच तो यह है कि अपनी गिरफ्तारी के लिए अरविंद केजरीवाल खुद जिम्मेदार हैं। जब ईडी ने उन्हें शराब घोटाले की जांच के लिए समन भेजा था। तक यदि वे ईडी के दफ्तर में उपस्थित हो जाते और सवालों के जबाव दे देते तो बहुत संभव है कि उनकी गिरफ्तारी की नौबत ही नहीं आती। किन्तु अरविंद केजरीवाल तो ईडी के समन को ही अवैधानिक बताने लगे और हर समन के जवाब में पूछताछ से बचने के लिए नए नए बहाने बनाने लगे। जिससे यह स्पष्ट हो गया था कि वे शराब घोटाले की जांच में सहयोग करने के लिए तैयार ही नहीं हैं। ऐसी स्थिति में ईडी के सामने उन्हें गिरफ्तार करने के अलावा और कोई रास्ता नहीं बचा था। बहरहाल अरविंद केजरीवाल की गिरफ्तार आम आदमी पार्टी के लिए बहुत बड़ा झटका है। लोकसभा चुनाव में अरविंद केजरीवाल ही आम आदमी पार्टी के सबसे बड़े स्टार प्रचारक थे। अब उनके जेल जाने के बाद आम आदमी पार्टी को चुनाव में इसका खामियाजा भुगतना पड़ सकता है। यही नहीं बल्कि आईएनडीआईए के लिए भी अरविंद केजरीवाल की गिरफ्तारी किसी सदमें से कम नहीं है। अब देखना होगा कि अरविंद केजरीवाल जेल जाने के बाद भी मुख्यमंत्री पद पर बने रहते हैं या नैतिकता के आधार पर मुख्यमंत्री पद से त्याग पत्र देते हैं। जेल से उनकी जल्द रिहाई की संभावना बहुत कम है। यदि उन्हें लंबे समय तक कोर्ट से जमानत नहीं मिलती तो जेल में रहते हुए वे किस तरह सरकार चलाएंगे यह देखना दिलचस्प होगा। यदि वे इस्तीफा देते हैं तो उनकी जगह नई दिल्ली का मुख्यमंत्री किसे बनाया जाएगा। यह भी एक बड़ा सवाल है क्योंकि उनकी पार्टी के तीन प्रमुख नेता घोटालों के आरोप में पहले से ही जेल में हैं।

अरविंद केजरीवाल खुद ही भ्रष्टाचार के आरोप में अंततः गिरफ्तार

राजीव खंडेलवाल

केजरीवाल को अपनी गलती सुधारते हुए ''नैतिकता का सम्मान'' करते हुए मुख्यमंत्री पद से इस्तीफा देकर अपनी गिरती छवि को सुधारने के अवसर को जाने नहीं देना चाहिए। इसमें कोई शक नहीं कि केजरीवाल एक पढ़े लिखे राजनीति की नई ईबारत लिखने वाले एक सफल राजनेता ऐसे बन गये कि इतने कम समय में जो राजनैतिक उंचाईयां व सफलता प्राप्त की ऐसी कोई मिसाल हाल में ही देखने को नहीं मिली। दबंग व्यक्तित्व के धनी दृढ़ता से अपने से उंचे हिमालय पर बैटे नेताओं को तर्क से जवाब देकर सामना करनी की हिम्मत आज कल कम ही नेताओं में दिखती है।

याद कीजिए! अप्रैल 2011 में दिल्ली के जंतर मंतर पर ''जन लोकपाल विधेयक'' के लिए महाराष्ट्र के रालेगांव सिद्धि निवासी, समाजसेवी गांधीवादी बाबूराव हजारे जो अन्ना हजारे के नाम से जाने जाते हैं, का ''इंडिया अगेंस्ट करप्शन ग्रुप'' के बैनर तले भ्रष्टाचार के विरुद्ध, गैर राजनैतिक, अहिंसा वादी आंदोलन लगभग चार महीने सफलतापूर्वक चला। इस आंदोलन को एक तरफ परदे के पीछे संघ प्रचारक एवं भारतीय जनता पार्टी के पूर्व महासचिव रहे चिंतक गोविंदाचार्य चला रहे थे, तो दूसरी ओर पर्दे पर ''मैग्सेसे पुरस्कार'' विजेता भारतीय राजस्व सेवा से इस्तीफा देकर आए नौकरशाह संयुक्त आयकर आयुक्त रहे अरविंद केजरीवाल चला रहे थे। आंदोलन के दौरान दिन प्रतिदिन अरविंद केजरीवाल मंच से दहाड़ मार कर बोलते थकते नहीं थे कि यह जो संसद है वह दागी है, क्योंकि उसमें 150 से ज्यादा सांसद दागी हैं, जिन पर भ्रष्टाचार और अपराधों के गंभीर आरोप है। असली संसद तो सामने खड़े लोग (जनता) हैं। अरविंद केजरीवाल की यह मांग रही थी कि जिन भी सांसदों पर अपराधिक अपराध और भ्रष्टाचार के प्रकरण चल रहे हैं, वे सब पहले संसद से इस्तीफा देकर न्यायालय में मुकदमा लड़ कर बाईज्जत बरी होकर आये। फिर जनता के बीच जाकर चुनाव लड़कर चुनकर संसद में आएं। यही सही स्वच्छ संसदीय लोकतंत्र होगा। याद कीजिए! जब अन्ना आंदोलन के प्रमुख कर्ता धर्ता अरविंद केजरीवाल ने संसदीय लोकतंत्र को अपराध व भ्रष्टाचार से मुक्त करने के उक्त मुद्दे को लेकर भ्रष्टाचार मुक्त और अपराधी/आरोपी विहीन संसद और विधानसभा की कल्पना को लेकर एक नई राजनीतिक पार्टी बनाने की बात कही, तब केजरीवाल के आंदोलनकारी गुरु भ्रष्टाचार विरोधी आंदोलन के मुख्य चेहरा अन्ना हजारे ने राजनीतिक पार्टी बनाने से साफ

इनकार कर दिया था। शायद अन्ना ने जयप्रकाश नारायण के भ्रष्टाचार विरोधी संपूर्ण क्रांति के आंदोलन से सीख ली, जहां जेपी ने नई राजनीतिक पार्टी जनता पार्टी बनाई तो जरूर, परंतु स्वयं उनने सत्ता में भागीदारी नहीं की।

अन्ना शायद इस बात को अच्छी तरह से समझ चुके थे कि जयप्रकाश नारायण की बनाई नई राजनीतिक पार्टी जनता पार्टी का कुछ ही समय में सत्ता के लिए लड़ाई के चलते क्या ह्रास हुआ? अतः अन्ना ने सत्ता में भागीदारी की जेपी की अनिच्छा एक कदम और आगे बढ़ाते हुए जेपी समान नई राजनीतिक पार्टी बनाने से साफ इनकार कर दिया। शायद इसलिए कि यदि उक्त मुद्दों को लेकर नई राजनीतिक पार्टी बनाई जाएगी तो सत्ता की अंतर्निहित इच्छा लिए नई राजनीतिक पार्टी को तंत्र फेवीकॉल समान मजबूत सत्ता तत्व इस बुरी तरह से जकड़ कर वह उसे अपने वर्तमान स्वरूप के ढांचे (भ्रष्टाचारी) में ही समाहित कर नई पार्टी को भी अपने अनुरूप ढाल लेगा। तब फिर तंत्र को बदलने के लिए नई राजनीतिक पार्टी बनाने वाला नेतागण भी अंततः स्वयं उनके गिरफ्त में आ ही जाएंगे, जिसका परिणाम आज ''खुल्ला खेल फर्रुखाबादी'' का नारा लगाने वाले दिल्ली के मुख्यमंत्री और आप पार्टी के राष्ट्रीय संयोजक अरविंद केजरीवाल की भ्रष्टाचार के आरोप में हुई गिरफ्तारी के रूप में देखने को मिल रहा है। लबो लुआब यह कि ''कडवी बेल की तूमड़ी उससे भी कड़वी होय''।

अरविंद केजरीवाल के समर्थक आम पार्टी के कार्यकर्ता गण यह जरूर कह सकते हैं कि ''न खाऊंगा न खाने दूंगा'' का नारा देने वाले निश्चित रूप से स्वयं तो नहीं खा रहे हैं, परन्तु आगे का कथन न खाने दूंगा को जरूर अनर्थ अथवा अर्थहीन कर दिया है। क्योंकि समस्त दागी, भ्रष्टाचारी नेताओं जिन पर उक्त नारा देने वालो ने स्वयं भ्रष्टाचार के आरोप लगाए फिर उन्हें गले भी लगा लिया। वह भी शायद इसलिए जरूरी हो गया है, क्योंकि एक दूसरा नारा भी दिया गया था, ''सबका साथ, सबका विकास सबका प्रयास''। सबके साथ में भ्रष्टाचारी भी तो शामिल है, जिसकी भागीदारी इस कारण से शायद आवश्यक हो गई है। सरकार पर यह आरोप भी लगता है कि ईडी की यह कार्रवाई का समय निश्चित रूप से ''राजनीति'' से प्रेरित है। पुनः याद कीजिए! इस देश में जब-जब भी भ्रष्टाचार के विरुद्ध देशव्यापी आंदोलन हुए वे सफल होकर तत्कालीन सत्ता को बदलने में तो सफल जरूर हुए, परंतु सत्ता के तंत्र को बदल नहीं पाए, सिर्फ मुखौटा ही बदला गया। विपरीत इसके भ्रष्टाचार का मजबूत तंत्र जिसे हम लोकतंत्र का नाम देते हैं ने, पारस पत्थर बनकर अधिकांश आंदोलनकारी नेताओं को अंततः स्वयं भ्रष्टाचारी बना दिया जो भ्रष्टाचार समाप्त करने नये राष्ट्र के निर्माण में निकले थे।

होली पर रंग न हो जाए बदरंग...

विजय मिश्रा

होलिका दहन के उपरांत काफी थके होने के कारण घोड़ा बेचकर गहरी नींद में सो गया था। तभी रोना-गाना शोर -शराबा के कारण मेरी नींद उचट गई। आंखें मलते हुए मैं उस ओर चल पड़ा जहां से रोने चिल्लाने की आवाज आ रही थी। आगे जाकर मैंने देखा कि टेबल पर रखे हुए बाजार से खरीद कर लाए गए रंग- गुलाल रोते हुए आपस में एक दूसरे को अपनी अपनी पीड़ा सुन रहे थे। मैं उनकी बातें सुनने उनके करीब जाकर छुपकर बैठ गया।

मैंने सुना एक सफेद रंग का गुलाल कह रहा था- भाइयों होली तो प्रेम और भाईचारा के सद्भाव को जगाने वाला पर्व है,पर अब होली के दिन लाठी-गोली, चाकूबाजी और धर्म के नाम पर लड़ाई दंगे ही देखने सुनने को मिलते हैं। सफेद गुलाल की बातों पर सहमति देते हुए लाल गुलाल गुस्से में तमतमाते हुए बोला- बिल्कुल सही कह रहे हो भाई।पिछले वर्ष की ही बात है केसरिया और हरे रंग के गुलाल को लेकर दो समुदाय में भयंकर लड़ाई छिड़ गई थी। इंसान अपने साथ-साथ हम रंग गुलाल को भी धर्म के नाम पर बांट रहा है। ऐसे दो मुंहे इंसानों से तो नफरत होने लगी है। लाल गुलाल की बातों को आगे बढ़ते हुए हरे गुलाल ने कहा- तुम्हारी बात सोलह आना सही है।हरा रंग तो हरियाली का और अस्पतालों में बेहतर स्वास्थ्य को बनाए रखना का संकेत देता है किन्तु बददिमाग इंसानों ने हरे रंग के नाम पर ऐसा घिनौना खेल खेलना आरंभ किया है कि अब मुझे अपने हरे रंग होने पर गर्व के बजाय शर्म का आभास होता है। डरा सहमा हुआ मैं अपनी जान बचाने की फिक्र में रहता हूं। हरे गुलाल के कंधे पर हाथ रखते हुए केसरिया गुलाल ने कहा- भाई तुम्हारी तरह मेरी भी दुर्दशा है। शौर्य -वीर और गर्व का प्रतीक मैं केसरिया रंग अब एक नए मानसिक विकारों से घिर गया हूं।

आज का इतिहास

1910 अमेरिकी कांग्रेस ने सिटका नेशनल स्मारक की स्थापना की। **1919** बेनिटो मुसोलिनी ने इटली के मिलान में फासिस्ट आंदोलन की शुरुआत की। **1922** वाशिंगटन के डी.सी. में यूएस कैपिटल की पहली हवाई जहाज भूमि को मंजूरी। **1934** अमेरिकी कांग्रेस ने 1945 में फिलीपींस की स्वतंत्रता को मान्यता दी। **1950** 22 वां अकादमी पुरस्कार समारोह आयोजित किया गया। **1950** संयुक्त राष्ट्र ने विश्व मौसम विज्ञान विभाग की स्थापना की। **1956** पाकिस्तान दुनिया का पहला इस्लामिक गणतंत्र देश बना। **1959** टेनेसी के ब्रमस्टोन शहर में विस्फोट में नौ कोयला खनिक मारे गए। **1965** नासा ने पहली बार जैमिनी 3 अंतरिक्ष यान से दो व्यक्तियों को अंतरिक्ष में भेजा। **1978** लेबनान में संयुक्त राष्ट्र अंतरिम बल को नौ दिन पहले अपने आक्रमण के बाद इजरायल की वापसी के लिए भेजा गया था। **1986** केन्द्रीय रिजर्व पुलिस बल में महिलाओं की पहली कंपनी को प्रशिक्षित किया गया। **1989** दो शोधकर्ताओं ने ठंडे संलयन की खोज की घोषणा की, एक दावा किया गया था जिसे बाद में बदनाम किया गया था। **1991** सिएरा लियोन गृहयुद्ध तब शुरू हुआ जब क्रांतिकारी युनाइटेडफ्रंट ने चार्ल्स टेलर के नेशनलपोरेट्रीक फ्रंट ऑफ लाइबेरिया के विशेष बलों के समर्थन के साथ, जोसेफ सैयद मोमो के प्रयास में सिएरा लियोन पर आक्रमण किया।

पाठकों की बात

पत्र, प्रतिक्रियाएं, सोशल मीडिया

सुबह- शाम की याद दिलाती

सुबह- शाम की याद दिलाती गौरैया जब मुंडेर पर फुदकती गौरैया। बिखेर दिए हैं चावल के कई दाने पानी से भरा पात्र एक किनारे अपनी भूख प्यास मिटाने पास नहीं आती गौरैया। सूखे बाग़-तालाब सब, सूख रहा है गांव भी ज्ञान विज्ञान के युग में लुप्त हो रही गौरैया।

- पुष्पा त्रिपाठी पुष्प

मेरे बचपन की गौरैया

मेरे बचपन की गौरैया... तू आजा छैया-छैया मिलकर तुम-हम खेलेंगे सारेगामा कत्थकथैया । गुमसुम गुमसुम बैठी है पीपल बरगद अमरैया तू आवे तो मिलजुल खेले छुआ छुवैल और पकडैया। दाना दुनका साफ बाजरा चुन-चुन खाना छैया- छैया नहीं कोई सतायेगा अब आजा मेरी सोन चिरैया।

- वंदना गोपाल शर्मा

ख़ास पाती | हर उम्र का अपना रुतबा

हर उम्र का अपना रुतबा, सारे रुतबे हासिल करुँगी पहन हरित धरा साड़ी की विश्व गगन में मैं फहरुँगी तिलक भाल बिंदी हिन्दी की रूप मैंने सजा लिया है पांव छू कर मातृभूमि का शुभ संकल्प ठान लिया है प्रतिज्ञा की शिव से मैंने , जाओ सबको माफ किया है, वमन कर दी तुच्छ इच्छाएं सारी, कलेवा सुख श्वास लिया आँखों में किया गंगा जल प्रक्षालन, अब दृष्टि उजली सुघरी सी, मार्ग प्रशस्त आत्मा भी उज्जवल मेरी यात्रा जारी है!

- मेनका त्रिपाठी

आदर्श आचार संहिता सिर्फराजनीतिक दल

आदर्श आचार संहिता सिर्फ राजनीतिक दल, प्रत्यासी, राजनीतिक कार्यकर्ता, सरकार, सरकारी कर्मचारी ,प्रिंट मीडिया ,इलेक्ट्रॉनिक मीडिया पर ही नही बल्कि आम जनमानस पर भी लागू है जो सोशल मीडिया ,यूट्यूब आदि पर लिखते या बोलते हैं । इस लिये धर्म, जाति, नश्ल, भाषा आदि पर भडकाऊ बोलने या लिखने से बचें.. इससे आप को आर्थिक हानि बचेगी और सामाजिक इज्जत भी बचेगी । -

- अडवोकेट अरूण कुमार गुप्ता

दुनिया मेरे जेब में कहना भूल जाओगे

दुनिया मेरे जेब में कहना भूल जाओगे। जब आप हमसे दूर -दूर चले जाओगे।। इसे गुस्ताखी कहना है शायद समीचीन। हम सा सच्चा सौदा भला कैसे पाओगे।।

- सुरेश चंद्र रोहरा

जाति-धर्म से है परे, होली का त्यौहार

जाति-धर्म से है परे, होली का त्यौहार। रंगों पर हर व्यक्ति का, है समानअधिकार।। ज़ोर-जबरदस्ती नहीं, और न करिए तंग। रंग लगाने में सदा, रखें प्रेम का रंग।। होली के त्यौहार को, मत करिए बदनाम। भाँग-नशे का है भला, रंगों से क्या काम।।

- शुचि 'भवि'

छत पर बैठी गौरैया, फुदक-फुदक कर

छत पर बैठी गौरैया, फुदक-फुदक कर करती माँग। दे दो मुझको दाना-पानी, दिखता है बस अब मकान। नही रहे वह बाग बगीचे, नही रहे अब वो उपवन। मेरा मन भी उचट गया है, सोच रही हूँ छोड दूँ तन। पर काल चक्र के आगे, कौन यहाँ टिकता है। चाहे जो मन, वो सब कर्म कहा होता है। लेकिन बच्चों के खातिर, मुझको आना जाना है। रोज भोर में आकर छत पर, चूँ-चूँ कर तुहे जगाना है। बदले में मुझको दे देना, थोडा पानी, थोडा दाना,। कट जायेगा मेरा जीवन, कर देना इतना एहसान। छत पर बैठी गौरैया, फुद्क-फुद्क कर करती माँग। दे दो मुझको दाना-पानी, दिखता है बस अब मकान।

- अजय श्री

ज़िन्दगी बदलने के लिए लड़ना पड़ता है

ज़िन्दगी बदलने के लिए लड़ना पड़ता है..! और आसान करने के लिए समझना पड़ता है..! वक्त आपका है, चाहो तो सोना बना लो और चाहो तो सोने में गुज़ार दो..! अगर कुछ अलग करना है तो भीड़ से हटकर चलो..! भीड़ साहस तो देती है पर पहचान छीन लेती है...! मंज़िल ना मिले तब तक हिम्मत मत हारो और ना ही ठहरो.... क्योंकि, पहाड़ से निकलने वाली नदियों ने आज तक रास्ते में किसीसे नहीं पूछा... समन्दर कितना दूर है।

- गौरी पटले

प्रेरक प्रसंग

मृत्यु के लिए तैयार हूँ

तुर्की ने कोशूढ़ को कैद कर लिया। जेल में पड़े कोशूढ़ के सामने शर्त रखी गई यदि आप इस्लाम स्वीकार कर लें, तो आपको मुक्त किया जा सकता है। कोशूढ़ ने विचार किया और हँसकर उत्तर दिया- मृत्यु और लज्जा इन दोनों में से किसे स्वीकार किया जाए, आज तक मेरे सामने ऐसी उलझन नहीं पड़ी। मृत्यु जीवन का अनिवार्य रूप है, तो फिर उससे डरकर अपना सिर क्यों नीचा करूँ ? जब मेरे पास सब कुछ था, तब मैंने अपना धर्म न बदला, आज केवल वही मेरा साथी है तो मैं उसे कैसे छोड़ दूँ ? ईश्वर की आज्ञा पूरी करो। मरने के लिए तैयार हूँ, कलंक लगाने के लिए नहीं।

QUIZ TIME

1) कौन-सी वर्षा जिसमें सल्फ्यूरिक अम्ल या नाइट्रिक अम्ल के घटक शामिल होते हैं और इसका पीएच मान 4.5 से कम होता है?

2) छतरी भ्रमण क्या है?

3) भारत को जानो कार्यक्रम किसकी पहल है?

4) यूनेस्को द्वारा मैन एंड बायोस्फीयर प्रोग्राम की शुरूआत कब हुई थी?

5) किस महिला पर्वतारोही को मरणोपरांत राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू द्वारा 9 जनवरी 2024 को तेनजिंग नोर्गे नेशनल एडवेंचर पुरस्कार 2022 से म्मानित किया गया?

Ramaquiz

उत्तरमाला- (1) अम्ल वर्षा (2) कर्नाटक राज्य के उत्तर कन्नड़ जनपद में स्थित काली नदी बाघ अभयारण्य में विकसित एक भ्रमण क्षेत्र (3) विदेशी मामलों का मंत्रालय (4) 1971 (5) सविता कंसवाल

आज का पंचांग

सूर्योदय : 06:39, सूर्यास्त : 06:32, चन्द्रोदयः : 09:34, चन्द्रास्तः :24:12,
अयन : उत्तरायणे (दक्षिणगोलीय)
ऋतुः : वसंत, शक सम्वतः : 1945 (शोभकृत), विक्रम सम्वतः : 2080 (पिंगल), मास : फाल्गुन, पक्ष : शुक्ल, तिथि : चतुर्दशी, नक्षत्र : पूर्वा फाल्गुनी, योग : प्रीति, प्रथम करण : कौलव (10:42 तक), द्वितीय करण : तैतिल (22:09 तक)

॥ गोचर ग्रहाः ॥

सूर्य : मीन, चंद्र : वृष, मंगल : कुम्भ (उदित, पूर्व, मार्गी), बुध : मीन (उदित, पश्चिम, मार्गी), गुरु : मेष (उदित, पश्चिम, मार्गी), शुक्र : कुम्भ (उदित, पश्चिम, मार्गी), शनि : कुम्भ (अस्त, पश्चिम, मार्गी), राहु : मीन, केतु : कन्या

शुभाशुभ मुहूर्त विचार

अभिजित मुहूर्त : 12:02 से 12:50, अमृत काल : 13:49 से 15:22, रवियोग : 06:26 से 16:08, विजय मुहूर्त : 14:26 से 15:13, गोधूलि मुहूर्त : 18:23 से 18:47, सायाह्न सन्ध्या : 18:25 से 19:37, निशिता मुहूर्त : 24:01 से 24:49, राहुकाल : 09:00 से 10:30, राहुवास : दक्षिण-पूर्व, यमगण्ड : 15:25 से 16:55, होमाहुति : बुध (16:08 से शुक्र), दिशाशूल : पश्चिम, नक्षत्र शूल : पश्चिम (16:08 से)।

आज का राशिफल

ज्योतिषाचार्य वास्तुविशेषज्ञ डॉक्टर देवव्रत गुरुजी

मेषः आज दिन के आरम्भ में आप कई योजनाएं बनाएंगे परन्तु आलस्य अथवा लापरवाही के कारण इनमे विलम्ब होगा।
वृषः आज के दिन आप निश्चिन्त होकर दिनचार्य बिताएंगे। दिन का अधिकांश समय शांति से व्यतीत होगा।
मिथुनः आज का दिन भी आपको कुछ ना कुछ हानि ही करायेगा।आज धन बचाने की जगह अतिरिक्त खर्च होगा।
कर्कः आज के दिन भी परिस्थिति लाभदायी बनी रहेगी लेकिन धन कमाने के लिए आपको बौद्धिक परिश्रम अधिक करना पड़ेगा।
सिंहः आज के दिन आपका आत्मविश्वास बढ़ा हुआ रहेगा जिस भी कार्य को करने का मन बनाएंगे उसे देर-अबेर पूरा करके ही मानेंगे।
कन्याः आज भी दिन के आरम्भ में परिस्थिति पूर्ववत बनी रहेगी। सेहत भी साथ ना देने से कार्यो के प्रति उत्साह नही बनेगा।
तुलाः आज के दिन आपकी दिनचार्य में उठापटक लगी रहेगी। सर्जरी अथवा अन्य महंगे इलाज अधिक विचार करने के बाद ही कराये।
वृश्चिकः आज दिन के आरम्भ में आपके लापरवाह स्वभाव के चलते किसी महत्त्वपूर्ण कार्य मे।विलम्ब अथवा हानि हो सकती है।
धनुः आज दिन के पूर्वार्ध को छोड़ शेष समय अशांति वाला रहेगा। धन के मामले में दिन आय की अपेक्षा खर्चीला अधिक रहेगा।
मकरः आज के दिन आपके अंदर विलक्षण प्रतिभा देखने को मिलेगी। कार्य व्यवसाय मध्यान तक मंदा रहेगा इसके बाद अचानक गति आने से व्यस्तता बढ़ेगी।
कुंभः आपको आज का दिन शांत रहकर बिताने की सलाह है। अन्यथा सारा दिन संबंधियों से रूठने मनाने में ही व्यतीत हो जायेगा।
मीनः आज का दिन आपको अवश्य धन लाभ करायेगा कारोबार व्यवसाय में अचानक बढ़ोतरी होगी लेकिन सहकर्मियों का विपरीत व्यवहार से क्रोध भी आयेगा।

शब्द सागर

शब्द सामर्थ्य -006

(भागवत साहू)

बाएं से दाएं

1. तकलीफ, कष्ट, कठिनाई, परेशानी 3. सरल, सहज 6. ज्ञान प्राप्त करना, शिक्षा लेना 7. विवश, लाचार 8. अत्यधिक ठंडा, सुस्त 9. अच्छे ढंग में गाया जाने वाला सुंदर गीत 11. सूर्य, सूरज 13. वस्त्र आदि धारण कराना 15. अप्रसन्न, नाखुश 16. खिंचाव, आकर्षण शक्ति (उ.) 18. एक रंग, आसमानी रंग 22. सेवा-सत्कार, आवभगत 23. सर्प, सांप, लकड़ी आदि की मूर्ति बनाना।

ऊपर से नीचे

1. हृदर, उर 2. शिष्टता, भद्रता, विवेक (उ.) 3. अंततः, अंततोगत्वा 4. अच्छी शिक्षा, नेक सलाह 5. आवागमन, गमनागमन 7. पुरुष 8. घोड़े की तेज चाल, तेज गति की दौड़ 10. लूटपाट, डकैती 12. बबार्दी, तबाही 14. नासिका, श्वसनइंद्रीय 17. आखेटक, अरेही 19. योग्य, काबिल 20. कामदेव की पत्नी, प्रेम, आनंद 21. रात्रि, निशा।

1		2	■	3		4	■	5
	■		■		■	6		
■	7				■		■	
8		■	■		■	9	10	
	■	■	■	11	12	■		■
13			14	■	15			■
	■	■	16	17		■	18	19
■	20	■	■		■	21	■	
22					■	23		

शब्द सामर्थ्य क्रमांक 005 का हल

चु	स्त	■	मु	■	सं	स्था	न	■
ग	■	म	र्दा	न	गी	■	त	म
ली	प	ना	■	■	त	न	■	■
■	ना	ना	■	■	■	■	ज	■
मा	ह	■	रा	■	सा	ज	न	■
न	■	स	ह	दे	व	■	म	द
व	■	म	■	व	न	ज	■	ल
ता	क	त	व	र	■	मी	■	द
■	ल	ल	क	■	क	र	त	ल

न्यूज गैलरी

औषधि के विक्रय पर कार्यवाही

भिलाई। नगर पुलिस अधीक्षक चिराग जैन आईपीएस के मार्गदर्शन में मुखबिर की सूचना पर जिम पार्क नेहरूनगर भिलाई में टेस्ट परचेज करते हुए दवाई को बेचते हुए आरोपी पकड़ा गया। औषधि निरीक्षक ब्रजराज सिंह और चंद्रकला ठाकुर के अनुसार उन्होंने हार्डवेयर लाइन, सुपेला निवासी अरविंद साहू को कैरीस्पास कैप्सूल बेचते हुए पकड़ा। आरोपी के पास से लगभग 27 हजार कीमत के लगभग 2200 कैप्सूल बरामद किए गए। कार्यवाही के दौरान बरामद दवाई का गुणवत्ता परीक्षण हेतु नमूना भी लिया गया। आरोपी दुर्ग-भिलाई में घूम घूम कर ग्राहक तलाशकर दवाइयां बेचता था। जप्त दवाइयों को न्यायालय की अनुमति से अभिरक्षा में लेने के पश्चात अग्रिम विवेचना की जाएगी। कार्यवाही में प्रधान आरक्षक जावेद खान, मनीष अग्निहोत्री, आरक्षक गौर सिंह राजपूत, कमलेश यादव तथा नमूना सहायक कामिनी माहेश्वरी की भी महत्वपूर्ण भूमिका रही।

कल होली नृत्य प्रतियोगिता

दुर्ग। शनिचरी बाजार स्थित भगवान श्री लंगूरवीर मंदिर में 24 मार्च को होली उत्सव धूमधाम के साथ मनाया जाएगा। इस अवसर पर मंदिर पब्लिक ट्रस्ट द्वारा संचालित गुरुकुल में प्रातः 7:30 बजे से हनुमान चालीसा पाठ प्रतियोगिता और प्रातः 9 बजे से राधा कृष्ण होली नृत्य प्रतियोगिता का आयोजन किया गया है। तत्पश्चात फूलों की होली खेलकर खुशियां मनाई जाएगी। उत्सव के अंतिम पड़ाव पर गुरुकुल के बच्चों को बालभोग करवाया जाएगा। राधा कृष्ण होली नृत्य प्रतियोगिता के प्रभारी आचार्य मेघा राठी, पूनम यादव और अन्य प्रतियोगिता व कार्यक्रम के प्रभारी अधिवक्ता आशीष शर्मा बनाए गए हैं। प्रतियोगिता में प्रतिभागी हिस्सा लेने प्रभारियो से संपर्क कर सकते हैं। उक्त जानकारी भगवान श्री लंगूरवीर मंदिर शनिचरी बाजार पब्लिक ट्रस्ट अध्यक्ष मानव सोनकर ने होली उत्सव में श्रद्धालुओं से शामिल होने की अपील की है।

जलापूर्ति का समय परिवर्तित

भिलाई। भिलाई इस्पात संयंत्र के नगर सेवायें विभाग के पी एच ई अनुभाग द्वारा टाउनशिप के विभिन्न क्षेत्रों में विगत दिनों से जल आपूर्ति में आ रही समस्या का समाधान कर पानी सप्लाई को बहाल किया गया। टाउनशिप के सेक्टर 9 सड़क 1 से 4 तक जल आपूर्ति का समय अब 23 मार्च से अगली सूचना तक सुबह 7 से 8 बजे तक होगा। सेक्टर 9 के शेष क्षेत्रों में जल आपूर्ति के समय में कोई बदलाव नहीं होगा।

लोकसभा की तैयारियां देखने पहुंची कलेक्टर

नव प्रदेश संवाददाता

दुर्ग। कलेक्टर ऋचा प्रकाश चौधरी आज आगामी लोकसभा निर्वाचन हेतु बीएलओ के प्रशिक्षण में शामिल हुई। एआरओ श्री हरवंश मिरी की अध्यक्षता में यह प्रशिक्षण बीआईटी दुर्ग में समपन्न हुआ। कलेक्टर ने इस मौके पर बूथ लेवल ऑफिसर्स से चर्चा की। चर्चा के दौरान उन्होंने कहा कि विधानसभा क्षेत्र में कोई भी दिव्यांग, थर्ड जेण्डर, एवं सिनियर सिटीजन (85 वर्ष से अधिक) मतदाता मतदान करने से वंचित न होने पाए। हर क्षेत्र से शत्-प्रतिशत मतदान करवाना सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने अधिकारियों को नगर निगम एवं स्कूलों के वालिनटियर्स के सहयोग से सभी विधानसभा क्षेत्रों में इन वर्गों के लोगों का आकलन कर इनके लिए मतदान सुविधा की उपलब्धता सुनिश्चित करवाने को कहा। निर्वाचन ड्यूटी पर नियुक्त किए गए अधिकारी कर्मचारियों को आपस से समन्वय बनाकर कार्य करने को कहा। साथ ही उन्होंने कहा

कि मतदान केंद्रों में पेयजल, शौचालय, बिजली, व्हील चेयर एवं छायादार विश्राम स्थल की व्यवस्था हो, जहां पर बुजुर्ग, बीमार, मतदाताओं के साथ आए छोटे बच्चें एवं गर्भवती महिलाएं विश्राम कर सके। केंद्रों में एएनएम और वालिंटियर भी रहेंगे।

शंकराचार्य विवि पंहुचकर मतगणना केंद्र का लिया जायजा

आगामी लोकसभा चुनाव को ध्यान में रखते हुए कलेक्टर एवं एसपी ने अधिकारियों के साथ आज मतगणना केंद्र शंकराचार्य इंजीनियरिंग कॉलेज दुर्ग का निरीक्षण किया। इस दौरान कलेक्टर सुश्री चौधरी ने मतगणना केंद्र की संपूर्ण तैयारियों का जायजा लिया। साथ ही मतगणना केंद्र व स्ट्रांग रूम का अवलोकन किया। उन्होंने मतगणना के दौरान आवश्यक तैयारियों एवं सुरक्षा व्यवस्था संबंधित जानकारी ली। उन्होंने मिडिया बॉक्स को मतगणना केंद्र के और पास बनाने कहा ताकि जनता तक समय में मतगणना संबंधित जानकारी पंहुच सके। उपनिर्वाचन अधिकारी श्री बजरंग दुबे ने सभी तैयारियों के बारे मे कलेक्टर को विस्तार से बताया एवं शांतिपूर्ण कार्य निष्पादन का आश्वासन भी दिया। इस दौरान जिपं सीईओ अश्वनी देवांगन, आयुक्त भिलाई देवेश ध्रुव, एसडीएम मुकेश रावटे, एवं अन्य अधिकारीगण मौजूद रहें।

हथखोज में निर्माणाधीन ट्रांसपोर्ट नगर भी देखा

हथखोज भिलाई स्थित ट्रांसपोर्ट नगर का निर्माण कार्य भी देखा। दो फेज में बन रहे ट्रांसपोर्ट नगर से जिले के वाहन एवं ट्रांसपोर्ट व्यापारियों को राहत मिलेगी। कलेक्टर ने परिसर में बन रहे पार्किंग एवं कॉम्पलेक्स में पेयजल, जल निकासी एवं शौचालय की व्यवस्था करने कहा। उन्होंने निर्माण कार्यों की विस्तृत जानकारी ली। जिस पर संबंधित अधिकारियों ने बताया कि निर्माण कार्य अक्टूबर माह तक पूरा हो जाएगा। योजनानुरूप बारिश के समय न होने वाले कार्यो को 15 जून से पूर्व एवं शेष कार्यों को अक्टूबर माह तक पूर्ण कर लिया जाएगा।

हत्या के आरोपी ने किया सरेंडर

नव प्रदेश संवाददाता

दुर्ग। पुरानी विवाद के चलते एक युवक की हत्या कर दी गई थी। आरोपियों ने अपने दोस्त को शराब के नशे में मौत के घाट उतारा था। पदमनाभपुर पुलिस ने अंधे कत्ल की गुत्थी सुलझाते हुए 1 आरोपी को गिरफ्तार किया है। ज्ञात हो कि प्रार्थी गौकरण धृतलहरे पिता स्व.विश्वनाथ धृतलहरे, उम्र-42, निवासी वार्ड 54 कुंदरापारा पोटिया चौक थाना पदमनाभपुर ने रिपोर्ट दर्ज कराया कि इसका छोटा भाई मृतक तोपचंद घृतलहरे दोपहर करीबन 2 बजे अपने घर से निकला था, जो सुबह तक घर वापस नहीं आया था। आसपास पता तलाश करने पर मोहल्ले वासियों के द्वारा प्रार्थी को बताया गया कि मृतक तोपचंद धृतलहरे अपने साथी विष्णु साहू, राजा मारकण्ड़े, अनिल कुमार ठाकुर, अनिल नौरंगे, वीरू सतनामी के साथ मनीष पेट्रोल पंप के पीछे नाला के पास पोटिया दुर्ग में शराब पार्टी मनाने गये थे। जहां पर दिनांक 18.03.2024 के सुबह 07.00 बजे जाकर देखा तो प्रार्थी का भाई मृत हालत में खेत पर पड़ा हुआ था। जिसके सिर में चोट आकर खुन निकला हुआ था। पास में खुन लगे हुये पत्थर व सिमेंट पोल का टुकड़ा, शराब की शीशी, डिस्पोजल पड़ा हुआ था। प्रार्थी की रिपोर्ट पर मर्ग कायम कर धारा 302 भादवि कायम कर विवेचना में लिया गया था। दौरान विवेचना के मुखबीर से संदेही अनिल नौरंगे तिल्दा जाकर कर छिपा है। मौके पर दबिश देकर आरोपी अनिल नौरंगे पिता स्व0 जीवराखन नौरंगे, उम्र 23 वर्ष, निवासी कुंदरापारा पोटिया चौक थाना पदमनाभपुर को पकड़ा गया। पुछताछ करने पर आरोपी के द्वारा अपने दोस्त वीरू सतनामी के साथ मिलकर हत्या करना बताया गया। आरोपी अनिल नौरंगे द्वारा जुर्म कबूल कर न्यायिक रिमांड पर केन्द्रीय जेल भेजा गया।

निगम के करों का भुगतान आनलाइन

नव प्रदेश संवाददाता

भिलाईनगर। निगम ने अपने क्षेत्र के करदाताओ के लिए आनलाईन टैक्स भुगतान की सुविधा प्रदान किया है, जो हिन्दी एवं अंग्रेजी भाषा में संपादित किया जा सकता है। आयुक्त देवेश कुमार ध्रुव ने निगम क्षेत्र के संपत्तिकर, जलकर, भूभाटक एवं दुकान किराया की राशि भुगतान के लिए वेबसाईट लॉच किये है। ताकि करादाता आसानी से घर बैठे अपने टैक्स राशि का भुगतान कर सकें। निगम की वेबसाईट में संपत्तिकर बटन पर क्लीक करने पर संपत्तिकर में रजिस्टर्ड मोबाईल नम्बर पर ओटीपी आयेगा, ओटीपी डालने पर संपत्तिकर का विवरण, डिमांड नोट आदि की जानकारी प्राप्त होगी। भुगतान में क्लीक करने पर विकल्प के रूप में क्रेडिट, डेबिट, नेटबैंकिंग, यूपीआई पूछा जायेगा जिस पर क्लीक करने पर भुगतान की प्रक्रिया पूर्ण होगी। साथ ही वेबसाईट से ही भुगतान की

रसीद जनरेट होगी, जिसे भवन मालिक प्रिंटकर सुरक्षित रख सकते है। इसके अलावा हेल्प लाईन नम्बर 9153986401 में कॉल करके अथवा व्हाटस्अप के माध्यम से भी भवन स्वामी निगम के देय करो की जानकारी प्राप्त कर सकते है। सम्पत्तिकर विभाग में भवन मालिक के पंजीकृत मोबाईल नम्बर पर एसएमएस से जानकारी भेजी जा रही है। गौरतलब है कि 31 मार्च के पूर्व नागरिक अपने आवासीय, व्यावसायिक भवनों के संपत्तिकर सहित निगम के अन्य देय कर राशि को जमा करके 1 अप्रेल से लगने वाले 18 प्रतिशत अधिभार तथा एक हजार शस्ति शुल्क की राशि से बच सकते है।

कार्यकर्ताओं में भरा जोश, सैकड़ों हुए भाजपा में शामिल

नव प्रदेश संवाददाता

भिलाई। लोकसभा चुनाव के दृष्टिकोण से भाजपा ने विभिन्न समितियां के बैठक के बाद अब कार्यकर्ता सम्मेलन कर रही है। इसी कड़ी में ग्रामीण विधानसभा की कार्यकर्ता सम्मेलन धनोरा रोड में स्थित सेलिब्रेशन मैरिज पैलेस में लोकसभा प्रभारी चंदूलाल साहू, सह प्रभारी राजीव अग्रवाल, सांसद विजय बघेल, कार्यक्रम के मुख्य वक्ता एवं पूर्व विधानसभा अध्यक्ष प्रेमप्रकाश पांडेय, सहसंयोजक प्रीतपाल बेलचंदन के अतिथ्य में संपन्न हुई। आयोजित कार्यकर्ता सम्मेलन में उपस्थित वरिष्ठ नेताओं के द्वारा लोकसभा चुनाव में ऐतिहासिक जीत को लेकर जुटने का आह्वान किया गया। साथ ही बड़ी संख्या में

कांग्रेस पार्टी के पार्षद भाजपा की रीति नीति से प्रभावित होकर अपने समर्थको के साथ प्रवेश किए। इस अवसर पर लोकसभा प्रभारी श्री साहू ने कहा कि मैं जानता हूं कि कार्यकर्ता कितने मेहनती हैं पूर्व के लोकसभा चुनाव में प्रदेश के कद्दावर नेता होते हुए भी हमने एक ऐतिहासिक जीत दर्ज की थी। इस बार फिर से हमें इतिहास को दोहराना है और मुझे पता है आप सभी तैयार हैं। सांसद बघेल ने इस अवसर पर कहा कि मैं समस्त देवतुल्य कार्यकर्ताओं को नमन करता हूं। कार्यकर्ताओं का अपार जन समर्थन देखकर मन प्रफुल्लित है और मेरा मन कहता है की पूर्व में जब हम ग्रामीण में लीड पाए थे उससे और अधिक लीड से हम जीतेंगे। पूर्व विधानसभा अध्यक्ष पांडेय ने इस अवसर पर कहा कि एक समय था जब हमारे दुर्ग जिले में मुख्यमंत्री सहित चार-चार कदरवार मंत्री थे और जो विधायक थे वह भी मंत्री से कम नहीं थे। सिर्फ 3 महीने के अंदर संपन्न हुए चुनाव में आम जनमानस को समझ में आ गया था यह सिर्फ लूट और खसोट करने को आए है आम जनमानस ने कांग्रेस पार्टी को सबक सिखाने दुर्ग लोकसभा को एक ऐतिहासिक जीत दर्ज दिलाई थी। विधायक ललित चंद्रकार ने कहा कि मैं उपस्थित कार्यकर्ताओं को नमन करता हूं। आप सभी ने प्रदेश के कदरवार, समाज के एक बड़ा नेता को मिलकर हराते हुए मुझे अपना सेवक बनाया जिस तरह आप सभी ने संपन्न चुनाव में भाजपा को ऐतिहासिक जीत दिलाई थी अब फिर से तैयार हो जाओ।

शांति समिति की हुई बैठक

नव प्रदेश संवाददाता

कुम्हारी। स्थानीय थाना परिसर में थाना प्रभारी डी.डी वर्मा द्वारा होली त्यौहार के मद्देनजर शांति समिति की बैठक आयोजित की गई। जिसमें नगर के जनप्रतिनिधि, राजनैतिक पार्टियों के प्रतिनिधि, गांव के सरपंच, वरिष्ठ नागरिकजन व पत्रकारगण शामिल हुए। उक्त बैठक में होली त्यौहार सौहार्दपूर्ण, आपसी भाईचारा व शांति पूर्वक मनाए जाए इस विषय पर चर्चा की गई। आये हुए अतिथियों द्वारा नगर में शांति पूर्वक त्यौहार मनाने को लेकर पुलिस विभाग को मुस्तैदी के साथ नगर में सुरक्षा व्यवस्था बनाये रखने की अपील की गई। साथ ही कुछ संवेदनशील स्थानों पर विशेष सुरक्षा व्यवस्था को लेकर थानेदार से चर्चा किया। होली के दौरान नगर में शांतिपूर्ण माहौल बना रहे एवं असामाजिक तत्वों पर कार्यवाही करने की बात भी कही गई।

विधायक ने सब्जी पसरा वालों के बीच बैठकर सुनी समस्या

नव प्रदेश संवाददाता

दुर्ग। आज विधायक गजेंद्र यादव इंदिरा मार्केट स्थित मछली मार्केट पहुँचे जहाँ पसरा लगाने वालों के बीच बैठकर उनकी समस्याओ को सुने। उन्होंने चबूतरा में व्यवसाय करने वालों के निवेदन पर बाजार का निरिक्षण भी किये और मार्केट की समस्या से अवगत हुए और निराकरण करने का आश्वासन दिये। पहली बार मार्केट पहुंचने पर व्यापारियों ने विधायक का बड़ी आत्मीयता से स्वागत किया। आज सुबह मॉर्निंग विजिट में इंदिरा

मार्केट पहुँचे और मार्केट में मूलभूत समस्याओं को लेकर पसरा में बैठकर उनके साथ चर्चा किये। व्यापारियों के आग्रह पर विधायक ने मछली मार्केट व सब्जी मंडी का निरिक्षण किये। उन्होंने बताया की मार्केट का दुकान जर्ज़र हो चुका है, कई जगह छज्जा गिर रहा है। औपचारिक व्यवस्था से काम चल रहा है, जिस पर मछली मार्केट को व्यवस्थित कर समस्या का निराकरण करने आश्वासन दिये। इसी प्रकार पसरा लगाकर सब्जी बेचने वाले व्यापारियों से भी मिले उन्होंने मंडी में जल निकासी व डोम शेड के अंतिम छोर की तरफ धूप व बारिश की समस्या बताये, शेड के अंतिम छोर को कवर करने तथा पानी निकासी का रास्ता बनाने की समस्या बताई जिस पर सभी समस्याओं को देखा और जिम्मेदारी के साथ निराकरण करने का आश्वासन दिये। विधायक का उन्होंने फूल मालाओ से स्वागत किया।

दो दिवसीय कार्यशाला उद्घाटित

नव प्रदेश संवाददाता

भिलाई। बीएमडीसी में संयंत्र कार्मिक विभाग और सतर्कता विभाग के विभिन्न अधिकारियों के लिए 'डिसीप्लीनरी प्रोसीडिंग एंड डोमेस्टिक इंक्वायरी' पर एक विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्घाटन मुख्य अतिथि संयंत्र कार्यपालक निदेषक (कार्मिक एवं प्रषासन) पवन कुमार ने किया। महाप्रबंधक (एचआरडी-बीएमडीसी) संजीव कुमार श्रीवास्तव ने प्रतिभागियों का स्वागत किया और कार्यक्रम के महत्व और वर्तमान परिप्रेक्ष्य में इसकी प्रासंगिकता के संदर्भ में अपने विचार रखे। दो दिवसीय कार्यक्रम के फैकल्टी, शिपिंग कॉर्पोरेशन ऑफ इंडिया के पूर्व डायरेक्टर (पी एंड ए) एसपी एस जग्गी ने सभा को कार्यक्रम की रूपरेखा से अवगत कराया। कार्यपालक निदेषक (कार्मिक एवं प्रषासन) पवन कुमार ने कार्यशाला से संबंधित अपनी अपेक्षाओं के बारे में बात की और सभा को संबोधित करते हुए कहा कि प्रतिभागियों को एसपीएस जग्गी की समृद्ध विशेषज्ञता से निष्चित ही लाभ मिलेगा।

न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी (रा.) दुर्ग जिला - दुर्ग (छ.ग.)

उद्घोषणा-पत्र

रा.प्र.क्र. ई-कोर्ट | पक्षकार का नाम श्रीमती खिलेश्वरी साहू | ऑनलाईन रजिस्ट्रेशन नं. 202403100400388/अ-2/ वर्ष 23-24

एतद् द्वारा आम जनता को सूचित किया जाता हैं कि आवेदक/आवेदिका श्रीमती खिलेश्वरी साहू पति श्री खेमनसिंह साहू निवासी वार्ड नं. 05 उपरवाह राजनांदगांव द्वारा नीचे अनुसूची में दर्शित भूमि को उसके सम्मुख दर्शित प्रयोजन के लिए व्यपवर्तन/पुर्ननिर्धारण हेतु आवेदन पत्र छ.ग.भू.रा.सं. 1959 की धारा 172 सहपठित धारा 59 (2)(5) तहत् आवेदन पत्र इस न्यायालय में प्रस्तुत किया गया हैं, जिसके संबंध में इस न्यायालय में प्रकरण विचाराधीन हैं।

अनुसूची

ग्राम/प.ह.नं.जहां भूमि स्थित है	खसरा नंबर	रकबा	प्रयोजन
ग्राम करहीडीह प.ह.न. 15 तह. व जिला दुर्ग	236/28	0.0195 हें 2100 वर्गफीट	आवासीय प्रयोजनार्थ

अतएव उपरोक्त वर्णित आवेदित भूमि के संबंध में जिस किसी व्यक्ति, संस्था, शासकीय विभाग, सार्वजनिक या अर्धसार्वजनिक उपक्रम को किसी प्रकार की कोई आपत्ति हो तो वे उद्घोषणा के प्रकाशन की तिथि से 07 दिवस तक स्वयं अथवा अधिकृत अधिवक्ता के माध्यम से न्यायालय में उपस्थित होकर आपत्ति प्रस्तुत कर सकतें हैं। नियत तिथि के बाद प्राप्त दावा/ आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

यह उद्घोषणा आज दिनांक 21/03/2024 को मेरे हस्ताक्षर तथा न्यायालय की मुद्रा के साथ जारी किया गया।

मुहर — अनुविभागीय अधिकारी दुर्ग, जिला दुर्ग

न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी (रा.) दुर्ग जिला - दुर्ग (छ.ग.)

उद्घोषणा-पत्र

रा.प्र.क्र. ई-कोर्ट | पक्षकार का नाम श्रीमती मृदुला साहू | ऑनलाईन रजिस्ट्रेशन नं. 202403100400387/अ-2/ वर्ष 23-24

एतद् द्वारा आम जनता को सूचित किया जाता हैं कि आवेदक/आवेदिका श्रीमती मृदुला साहू पति श्री नेमचंद साहू निवासी ग्राम धनोरा दुर्ग तह.व जिला दुर्ग द्वारा नीचे अनुसूची में दर्शित भूमि को उसके सम्मुख दर्शित प्रयोजन के लिए व्यपवर्तन/पुर्ननिर्धारण हेतु आवेदन पत्र छ.ग.भू.रा.सं. 1959 की धारा 172 सहपठित धारा 59 (2)(5) तहत् आवेदन पत्र इस न्यायालय में प्रस्तुत किया गया हैं, जिसके संबंध में इस न्यायालय में प्रकरण विचाराधीन हैं।

अनुसूची

ग्राम/प.ह.नं.जहां भूमि स्थित है	खसरा नंबर	रकबा	प्रयोजन
ग्राम धनोरा प.ह.न. 53 तह. व जिला दुर्ग	598/72	0.0181 हें 1950 वर्गफीट	आवासीय प्रयोजनार्थ

अतएव उपरोक्त वर्णित आवेदित भूमि के संबंध में जिस किसी व्यक्ति, संस्था, शासकीय विभाग, सार्वजनिक या अर्धसार्वजनिक उपक्रम को किसी प्रकार की कोई आपत्ति हो तो वे उद्घोषणा के प्रकाशन की तिथि से 07 दिवस तक स्वयं अथवा अधिकृत अधिवक्ता के माध्यम से न्यायालय में उपस्थित होकर आपत्ति प्रस्तुत कर सकतें हैं। नियत तिथि के बाद प्राप्त दावा/ आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

यह उद्घोषणा आज दिनांक 21/03/2024 को मेरे हस्ताक्षर तथा न्यायालय की मुद्रा के साथ जारी किया गया।

मुहर — अनुविभागीय अधिकारी दुर्ग, जिला दुर्ग

न्यायालय तहसीलदार दुर्ग जिला दुर्ग (छ.ग.)

मामले की श्रेणी-राजस्व

ईश्तहार

संदर्भः जिला दुर्ग तहसील- दुर्ग प.ह.न. 00049 रिसाली ग्राम के नामांतरण पंजी में पंजीबद्ध प्रकरण- आर.डी. 202324430104800094

तहसील दुर्ग के प.ह.न. 00049 के अंतर्गत ग्राम रिसाली के वर्तमान भूमिस्वामी राधेश्याम चौबे पिता/पति राजदेव चौबे पता 9ए/13/2 भिलाई के द्वारा धारित भूमि खसरा क्रमांक 405/20(0.0200) में प्रस्तावित भूमिस्वामी/ क्रेता श्रीमती इंदु दुबे पिता/पति स्व. राधेश्याम चौबे पता केम्प-2 गुरुद्वारा के पीछे पावरहाउस भिलाई, नरेन्द्र चौबे, सत्येन्द्र कुमार चौबे पिता/पति स्व. राधेश्याम चौबे पता केम्प-2 गुरुद्वारा के पीछे पावरहाउस भिलाई, श्रीमती तारादेवी पिता/पति स्व. राधेश्याम चौबे पता केम्प-2 गुरुद्वारा के पीछे पावरहाउस भिलाई, तह. व जिला दुर्ग के नाम पर पंजीयन/फौती होने के उपरांत नामांतरण/अभिलेख दुरूस्ती/खाता विभाजन के लिए प्रकरण अधोहस्ताक्षरकर्ता के न्यायालय में पंजी विचाराधीन है। इस प्रकरण की सुनवाई दिनांक 15.04.2024 को समय सुबह 11 बजे स्थान न्यायालय तहसीलदार दुर्ग पर की जावेगी। उपरोक्त के संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति/संस्था को कोई दावा आपत्ति हो तो ईश्तहार प्रकाशन उपरांत प्रकरण की आगामी सुनवाई के पुर्व या सुनवाई के समय अपना दावा आपत्ति स्वयं/ अधिवक्ता/ आममुख्तयार के माध्यम से पेश कर सकते है। प्रकरण के सुनवाई के लिए निर्धारित तिथि के उपरांत प्राप्त दावा आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा। यह ईश्तहार मेरे हस्ताक्षर एवं पदमुद्रा से आज दिनांक 22.03.2024 को जारी किया जाता है।

मुहर — तहसीलदार दुर्ग (छ.ग.)

न्यायालय तहसीलदार भिलाई 03 तह. व जिला दुर्ग (छ.ग.)

// सूचना //

प्रति,
1. कुसुम शर्मा पति सुशील शर्मा निवासी बंसल पेट्रोल पंप के सामने तह व जिला दुर्ग
2. बिन्दु शर्मा पति जितेन्द्र कुमार निवासी न्यु खुर्सीपार, बिहारी कॉलोनी, भिलाई, तह व जिला दुर्ग

विषयः- फर्द बटवारा किये जाने के संबंध में साक्ष्य हेतु उपस्थिती सुचना।

उपरोक्त विषयांतर्गत लेख है कि आवेदक पुष्पा विश्वकर्मा पति गणेश विश्वकर्मा निवासी 52/1175 आदर्श नगर वार्ड नं 64, कुशालपुर जिला रायपरु द्वारा मौजा ग्राम जामुल, प.ह.नं.01, रा.नि.मं. भिलाई 03, तह भिलाई 03, जिला दुर्ग (छ.ग.) में स्थित भूमि खसरा नं. 85/47, 85/31 रकबा 0.1350, 0.1790 हैं. कुल रकबा 0.314 भूमि के भूस्वामी आवेदक द्वारा उक्त भूमि के फर्द बटवारा प्रतिवेदन इस न्यायालय में आवेदन पेश किया गया हैं।

अतः उक्त संबंध में साक्ष्य हेतु आपकी उपस्थिती हेतु नोटिस जारी किया गया था, उपरांत आपकी उपस्थिती नहीं हुई हैं। साक्ष्य हेतु अंतिम अवसर प्रदान कर नियत दिनॉक 12.04.2024 को आपकी उपस्थिती हेतु नियत की गई हैं। नियत समयावधि पश्चात आपका अवसर समाप्त करते हुए एकपक्षीय कार्यवाही कि जावेंगी।

मुहर — तहसीलदार भिलाई-3 जिला दुर्ग

न्यायालय नायब तहसीलदार दुर्ग 02 जिला दुर्ग (छ.ग.)

उद्घोषणा

रा.प्र.क्र./अ-06/वर्ष 2023-24

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक मोहम्मद इरशाद आ. स्व. गुलाम मुस्तफा निवासी दीपक नगर दुर्ग तहसील व जिला दुर्ग (छ.ग.) के द्वारा ग्राम तितुरडीह तह. व जिला दुर्ग स्थित भूमि खसरा नंबर 122/325 पु.नं. 122/197 रकबा 1140 वर्गफीट हे. भूमि जो कि गुलाम मुस्तफा पिता मो. यासिन के नाम पर वर्तमान अभिलेखो मे दर्ज है। उक्त भूमि के भूमिस्वामी स्व. गुलाम मुस्तफा पिता मो यासिन की मृत्यु दिनांक 25.12.2023 को जाने पर फौती दर्ज कर विधिक वारिसानों का नाम वर्तमान राजस्व अभिलेख में दर्ज किए जाने बाबत् आवेदन पत्र इस न्यायालय में प्रस्तुत किया गया है।

अतएव इस संबंध में जिस किसी व्यक्ति अथवा संस्था को किसी प्रकार का उजर या दावा हो तो वह नियत पेशी दिनांक 04/04/2024 तक स्वयं अथवा अपने विधिमान्य अभिकर्ता के माध्यम से इस न्यायालय में उपस्थित होकर लिखित में आपत्ति आवेदन पेश कर सकते हैं। समयावधि पश्चात् आपत्ति प्रस्तुत होने पर कोई विचार नही किया जावेगा।

आज दिनांक 20.03.2024 को यह उद्घोषणा मेरे स्वयं के हस्ताक्षर एवं न्यायालय की पद मुद्रा के साथ जारी किया गया।

मुहर — नायब तहसीलदार दुर्ग (छ.ग.)

न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी (रा.) भिलाई-03 जिला दुर्ग (छ.ग.)

रा.प्र.क्र. 202402104300168 /अ-02/ सन्- 2023-24
ग्राम खेरधा, प.ह.न. 03 तह. अहिवारा

ईश्तहार

एतद द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है आवेदिका श्रीमती एन. माहेश्वरी पति आर. नागराजन जाति नायडू निवासी अहिवारा द्वारा ग्राम खेरधा प.ह.न. 03 रा.नि.मं. व तहसील अहिवारा जिला दुर्ग (छ.ग.) अपने स्वामित्व एवं आधिपत्य की भूमि खसरा नं. 953/74 रकबा 0.028 हे. भू. रा. 0.10 रुपए को आवासीय प्रयोजन के लिए छ.ग.भू.रा. संहिता 1959 की धारा 59 (2) के तहत् पुर्ननिर्धारण करने हेतु बी-1, खसरा एवं नक्शा की नकल तथा ऋण पुस्तिका व पंजीकृत बैनामा की छायाप्रति सहित आवेदन पत्र प्रस्तुत किया गया है, जिसके संबंध में प्रकरण इस न्यायालय में विचाराधीन है तथा दिनांक 14.03.2024 को सुनवाई हेतु नियत है।

अतः उक्त भूमि का आवासीय प्रयोजन हेतु पुनर्निधारण करने पर जिस किसी भी व्यक्ति/संस्था को कोई दावा/आपत्ति हो तो वे प्रकरण दिनांक 14.03.2024 तक स्वयं या अपने वैध प्रतिनिधि के माध्यम से दावा/ आपत्ति प्रस्तुत कर सकते है। नियत अवधि पश्चात प्राप्त आपत्ति/दावा पर विचार नहीं किया जाएगा।

आज दिनांक 28.02.2024 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की पदमुद्रा से जारी किया गया है।

मुहर — अनुविभागीय अधिकारी (रा.) भिलाई-3 जिला दुर्ग(छ.ग.)

न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी (रा.) भिलाई-03 जिला दुर्ग (छ.ग.)

रा.प्र.क्र. /अ-02/ सन्- 2023-24
ग्राम खेरधा, प.ह.न.03 तह. अहिवारा

ईश्तहार

एतद द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है आवेदिका श्रीमती माधुरी पति अभिषेक यादव जाति यादव निवासी हनुमान मंदिर के पास गीतांजली सोसायटी रायपुर द्वारा ग्राम खेरधा प.ह.न. 03 रा.नि.मं. व तहसील अहिवारा जिला दुर्ग (छ.ग.) अपने स्वामित्व एवं आधिपत्य की भूमि खसरा नं. 953/64 रकबा 0.0028 हे. भू. रा. 0.10 रुपए को आवासीय प्रयोजन के लिए छ.ग.भू.रा. संहिता 1959 की धारा 59 (2) के तहत् पुर्ननिर्धारण करने हेतु बी-1, खसरा एवं नक्शा की नकल तथा ऋण पुस्तिका व पंजीकृत बैनामा की छायाप्रति सहित आवेदन पत्र प्रस्तुत किया गया है, जिसके संबंध में प्रकरण इस न्यायालय में विचाराधीन है तथा दिनांक 14.03.2024 को सुनवाई हेतु नियत है।

अतः उक्त भूमि का आवासीय प्रयोजन हेतु पुनर्निधारण करने पर जिस किसी भी व्यक्ति/संस्था को कोई दावा/आपत्ति हो तो वे प्रकरण दिनांक 14.03.2024 तक स्वयं या अपने वैध प्रतिनिधि के माध्यम से दावा/ आपत्ति प्रस्तुत कर सकते है। नियत अवधि पश्चात प्राप्त आपत्ति/दावा पर विचार नहीं किया जाएगा।

आज दिनांक 28.02.2024 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की पदमुद्रा से जारी किया गया है।

मुहर — अनुविभागीय अधिकारी (रा.) भिलाई-3 जिला दुर्ग(छ.ग.)

न्यायालय नायब तहसीलदार दुर्ग जिला दुर्ग (छ.ग.)

उद्घोषणा

रा.प्र.क्र./202403101400037 /अ-06/वर्ष 2023-24

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक अशोक कुमार पिता स्व. केजूराम पता नयापारा उतई तहसील व जिला दुर्ग (छ.ग.) के द्वारा आवेदन पत्र प्रस्तुत किया है कि आवेदक एवं अन्य के सामिलात नाम से मौजा उतई प.ह.नं. 52 स्थित भूमि खसरा नंबर 662, 663/1, 1283 कुल रकबा 0.7620 हे. वर्तमान अभिलेखो मे दर्ज है। आवेदक कि सहखातेदार माता मोहनबाई पति स्व. केजूराम कि मृत्यु दिनांक 09/07/2017 को हो चुकि हैजिससे उनकी फौती दर्ज कर विधिक वारिसानों का नाम दर्ज किये जाने एवं शेषखातेदारों का नाम यथावत् रखे जाने फौती नामांतरण आवेदन न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत किया है।

अतएव इस संबंध में जिस किसी व्यक्ति अथवा संस्था को किसी प्रकार का उजर या दावा हो तो वह नियत पेशी दिनांक 04/04/2024 तक स्वयं अथवा अपने विधिमान्य अभिकर्ता के माध्यम से इस न्यायालय में उपस्थित होकर लिखित में आपत्ति आवेदन पेश कर सकते हैं। समयावधि पश्चात् आपत्ति प्रस्तुत होने पर कोई विचार नही किया जावेगा।

आज दिनांक 18.03.2024 को यह उद्घोषणा मेरे स्वयं के हस्ताक्षर एवं न्यायालय की पद मुद्रा के साथ जारी किया गया।

मुहर — नायब तहसीलदार दुर्ग (छ.ग.)

न्यायालय नायब तहसीलदार दुर्ग जिला दुर्ग (छ.ग.)

उद्घोषणा

रा.प्र.क्र./202403101400039 /अ-06/वर्ष 2023-24

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक दीनानाथ पिता स्व. लखनलाल पता- ग्राम पुरई तहसील व जिला दुर्ग (छ.ग.) के द्वारा आवेदन पत्र प्रस्तुत किया है कि आवेदक एवं अन्य के सामिलात नाम से मौजा- करगाडीह प.ह.नं. 56 स्थित भूमि खसरा नंबर 119 रकबा 0.940 हे. वर्तमान अभिलेखो मे दर्ज है। आवेदक कि सहखातेदार बहन गीता बाई पिता स्व. लखनलाल कि मृत्यु दिनांक 19/04/2021 को हो चुकि है जिससे उनकी फौती दर्ज कर विधिक वारिसानों का नाम दर्ज किये जाने एवं शेषखातेदारों का नाम यथावत् रखे जाने फौती नामांतरण आवेदन न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत किया है।

अतएव इस संबंध में जिस किसी व्यक्ति अथवा संस्था को किसी प्रकार का उजर या दावा हो तो वह नियत पेशी दिनांक 04/04/2024 तक स्वयं अथवा अपने विधिमान्य अभिकर्ता के माध्यम से इस न्यायालय में उपस्थित होकर लिखित में आपत्ति आवेदन पेश कर सकते हैं। समयावधि पश्चात् आपत्ति प्रस्तुत होने पर कोई विचार नही किया जावेगा।

आज दिनांक 18.03.2024 को यह उद्घोषणा मेरे स्वयं के हस्ताक्षर एवं न्यायालय की पद मुद्रा के साथ जारी किया गया।

मुहर — नायब तहसीलदार दुर्ग (छ.ग.)

न्यायालय नायब तहसीलदार दुर्ग 02 जिला दुर्ग (छ.ग.)

उद्घोषणा

रा.प्र.क्र/मामले की श्रेणी अ-6 /वर्ष 2023-24

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदिका बेवा नागेश्वरी बाई पति व. राममिलन चंद्राकर, खेमसिंह चंद्राकर, लक्ष्मी चंद्राकर, संतोषी चंद्राकर, रोशनी चंद्राकर निवासी - वार्ड क्रमाकं 12 नया आमा परा तह. व जिला दुर्ग के द्वारा के द्वारा मौजा ग्राम उरला स्थित भूमि खसरा नंबर 572/3 रकबा 1360 वर्गफीट कृषि भूमि है, जिसका ऋण पुस्तिका क. पी- 2355846 है का रजिस्टर्ड वसीयतनामा के आधार पर नामांतरण हेतु आवेदन पत्र संबंधित दस्तावेजो को संलग्न कर इस न्यायालय में प्रस्तुत किया गया है।

अतएव इस संबंध में जिस किसी व्यक्ति अथवा संस्था को किसी प्रकार का उजर या दावा हो तो वह नियत पेशी दिनांक. 15/05/2025 तक स्वयं अथवा अपने विधिमान्य अभिकर्ता के माध्यम से इस न्यायालय में उपस्थित होकर लिखित में आपत्ति आवेदन पेश कर सकते हैं। समयावधि पष्चात् आपत्ति प्रस्तुत होने पर कोई विचार नही किया जावेगा।

आज दिनांक को यह उद्घोषणा मेरे स्वयं के हस्ताक्षर एवं न्यायालय की 21/03/2024 पद मुद्रा के साथ जारी किया गया।

मुहर — नायब तहसीलदार दुर्ग (छ.ग.)

न्यायालय तहसीलदार पाटन जिला दुर्ग (छ.ग.)

ईश्तहार

रा.प्र.क्र- 202307100900053 /ब/121/वर्ष 2023-24

एदत द्वारा सर्व साधारण एवं ग्राम जमराव प.ह.नं. 04 तहसील पाटन, जिला दुर्ग के आम जनता को सूचनार्थ प्रकाषित किया जाता है कि आवेदक सूर्यकांत वर्मा पिता स्व. कमलेश वर्मा निवासी अटारी तहसील पाटन द्वारा ग्राम अटारी प.ह.नं. 35 तहसील पाटन स्थित भूमि खसरा नंबर 287/1, 436, 253 रकबा क्रमशः 0.29, 0.25, 0.22 हे0 भूमि का ऋण पुस्तिका गुम हो जाने से द्वितीय प्रति ऋण पुस्तिका प्रदान किये जाने हेतु आवेदन आधार पर प्रकरण विचाराधीन है।

अतः आवेदक सूर्यकांत वर्मा पिता स्व. कमलेश वर्मा निवासी अटारी तहसील पाटन द्वारा प्रस्तुत आवेदन के आधार पर उपरोक्त भूमि का आवेदिका को द्वितीय प्रति ऋण पुस्तिका प्रदाय किए जाने की कार्यवाही में जिस किसी व्यक्ति / संस्था को आपत्ति हो तो अपनी लिखित आपत्ति प्रकरण में सुनवाई तिथि 27.03.2024 तक इस न्यायालय मे प्रस्तुत कर सकते है। नियत तिथि के पष्चात प्राप्त दावा/आपत्ति पर किसी प्रकार का विचार नही किया जावेगा।

यइ ईश्तहार मेरे हस्ताक्षर एवं पदमुद्रा से आज दिनांक 15.03.2024 को जारी किया जाता है।

मुहर — तहसीलदार पाटन जिला दुर्ग (छ.ग.)

न्यायालय तहसीलदार दुर्ग जिला दुर्ग (छ.ग.)

उद्घोषणा

रा.प्र.क्र./अ-74/वर्ष 2023-24

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है आवेदिका हेमलता शर्मा पिता/पति दुर्गाप्रसाद शर्मा निवासी ग्राम गंजपारा दुर्ग तहसील व जिला दुर्ग के द्वारा ग्राम पुलगांव तहसील व जिला दुर्ग स्थित भूमि खसरा नंबर 39/7 रकबा 0.017 हे. भूमि जो कि आवेदक/शामिलात सहखातेदार के नाम पर वर्तमान राजस्व अभिलेख में दर्ज है। आवेदक द्वारा मूल ऋण पुस्तिका गुम हो जाने पर डुप्लिकेट ऋणपुस्तिका प्रदाय करने हेतु आवेदन पत्र चालान की मूल प्रति बैंको द्वारा प्रस्तुत अनापत्ति प्रमाण पत्र, थाना की रिपोट व राजस्व अभिलेख सहित इस न्यायालय में प्रस्तुत किया गया है।

अतएव इस संबंध में जिस किसी व्यक्ति अथवा संस्था को किसी प्रकार का उजर या दावा हो तो वह नियत पेशी दिनांक 08.04.2024 तक स्वयं अथवा अपने विधिमान्य अभिकर्ता के माध्यम से इस न्यायालय से इस न्यायालय में उपस्थित होकर लिखित में आपत्ति आवेदन पेश कर सकते है। समयावधि पश्चात् आपत्ति प्रस्तुत होने पर कोई विचार नही किया जावेगा।

आज दिनांक 22.03.2024 को यह उद्घोषणा मेरे स्वयं के हस्ताक्षर एवं न्यायालय की पद मुद्रा के साथ जारी किया गया।

मुहर — तहसीलदार दुर्ग (छ.ग.)

न्यायालय आयुक्त दुर्ग संभाग, दुर्ग (छ.ग.)

(पीठासीन अधिकारी श्री सत्यनारायण राठौर)

// सूचना //

मामले का विषय अपील प्रकरण
मामला का क्रं. 247/अ-6/2018-19
पक्षकार - अशोक कुमार पटेल विरुद्ध श्रीमती बती बाई साहू
श्री बतीबाई साहू पति श्री परसाटी राम साहू निवासी ग्राम झलमला, तहसील व जिला बालोद (छ.ग.)

--00--

एतद् द्वारा आपको सूचित किया जाता है कि अपीलार्थी श्री अशोक कुमार पटेल पिता श्रीराम, निवासी ग्राम झलमला, तहसील व जिला बालोद (छ.ग.) के द्वारा न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी (रा.) बालोद, जिला बालोद के रा.प्र.क्र. पक्षकार बतीबाई विरूद्ध अशोक कुमार पारित आदेश 19/अ-6/2018-19 दिनांक 08.07.2019 के विरूद्ध छ.ग.भू.रा.सं. 1959 की धारा 44 के तहत् अपील आवेदन प्रस्तुत किया है।

उपर्युक्त मामले की सुनवाई तिथि 16.04.2024 को दिन के 10.00 बजे स्थान हिन्दी भवन दुर्ग में होगी। अतः सुनवाई तिथि समय पर उपस्थित होकर अपना पक्ष प्रस्तुत करें। अनुपस्थित रहने पर एक पक्षीय कार्यवाही किया जावेगा।

मुहर — उपायुक्त (रा.) वास्ते- आयुक्त दुर्ग संभाग

न्यायालय नायब तहसीलदार दुर्ग जिला दुर्ग (छ.ग.)

उद्घोषणा

रा.प्र.क्र./202403101400038 /अ-27/वर्ष 2023-24

रा.प्र.क्र./202403100800035/ब-121/वर्ष 2023-24
ग्राम-बिरझापुर, प.ह.न. 14

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है, कि आवेदिका श्रीमती मैना बाई पति स्व0 बउदा जाति गोड, निवासी ग्राम-बिरनापुर प0ह0नं0 14 तहसील धमधा जिला दुर्ग द्वारा अपने पुत्र शिवा पिता बउदा का जन्म दिनांक 02/01/1998 को स्थान बिरझापुर में जन्म हुआ हैं। जन्म का पंजीयन किसी भी जिले या स्थान में दर्ज नहीं होने से संबंधित विभाग में जन्म का पंजीयन स्थानीय रजिस्टार जन्म/मृत्यु को जन्म/मृत्यु रजिस्टीकरण म0प्र0 सह पठित छ0ग0 राज्य नियम 1973 के नियम 10 3 के अंतर्गत निर्देश/आदेश देने हेतु आवेदन के साथ शपथ पत्र, सरपंच प्रमाण पत्र, अप्राप्यता प्रमाण पत्र, स्वयं का आदेश 18 नियम 04 के तहत शपथपूर्वक कथन आवेदन में संलग्न कर निवेदन पेश किया गया है।

यदि जिस किसी भी व्यक्ति को उक्त संबंध में कोई आपत्ति/ दावा हो तो स्वंय अथवा विधिक अभिभाषक के माध्यम से इस न्यायालय में पेशी दिनांक 04/04/2024 को लिखित में आवेदन प्रस्तुत कर सकते हैं। नियत तिथि के बाद प्राप्त आवेदन पर कोई विचार नही किया जावेगा।

यह ईश्तहार आज दिनांक 20/03/2024 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय के सील-मुहर से जारी किया गया है।

मुहर — तहसीलदार धमधा (छ.ग.)

न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी (रा.) बालोद, जिला-बालोद (छ.ग.)
ईश्तहार

ई कोर्ट नं. --- ग्राम बालोद
तहसील बालोद

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदिका श्रीमती हेमलता ठाकुर पति श्री डामन सिंह ठाकुर निवासी ग्राम पाण्डेपारा वार्ड नं. 05 बालोद तहसील बालोद जिला बालोद द्वारा ग्राम बालोद प.ह.नं. 06 स्थित भूमि खसरा नं. 120/98 रकबा 0.0124 हे. कुल खसरा नं. 01 कुल रकबा 0.0124 हे. को गैर कृषि प्रयोजनार्थ-आवासीय प्रयोजनार्थ हेतु व्यपवर्तन बाबत आवेदन नक्शा खसरा एवं बी-1, ब्लू प्रिंट, रजिस्ट्री बैनामा, ऋण पुस्तिका व अधिकार अभिलेख की छायाप्रति सहित प्रस्तुत किया गया है। अतः उक्त भूमि को आवासीय प्रयोजनार्थ हेतु परिवर्तित किए जाने में जिस किसी भी व्यक्ति को आपत्ति हो वह अपनी आपत्ति/दावा स्वयं या अधिवक्ता के माध्यम से उद्घोषणा दिनांक 01/04/2024 के भीतर प्रस्तुत कर सकते हैं, नियत अवधि के पश्चात प्राप्त आपत्तियों पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालयीन पदमुद्रा से आज दिनांक 15/03/2024 को जारी किया गया।

सील — अनुविभागीय अधिकारी (रा.) बालोद, जिला बालोद

न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी (रा.) बालोद, जिला बालोद (छ.ग.)
ईश्तहार

ई कोर्ट नं. ग्राम सेम्हरकोना
तहसील बालोद

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदिका नजबूननिशा पिता अब्दुल जब्बार अन्य 01 निवासी ग्राम सेम्हरकोना तहसील बालोद जिला बालोद द्वारा ग्राम सेम्हरकोना प.ह.नं. 27 स्थित भूमि खसरा नं. 266/2 रकबा 0.57 हे. कुल रकबा 0.57 हे. गैर कृषि प्रयोजनार्थ आवासीय प्रयोजनार्थ हेतु व्यपवर्तन बाबत आवेदन नक्शा खसरा एवं बी-1, ब्लू प्रिंट, ऋण पुस्तिका व अधिकार अभिलेख की छाया प्रति सहित प्रस्तुत किया गया है।

अतः उक्त भूमि को आवासीय प्रयोजनार्थ हेतु परिवर्तित किए जाने में जिस किसी भी व्यक्ति को आपत्ति हो वह अपनी आपत्ति/दावा स्वयं या अधिवक्ता के माध्यम से उद्घोषणा दिनांक 08/04/2024 के भीतर प्रस्तुत कर सकते हैं, नियत अवधि के पश्चात प्राप्त आपत्तियों पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालयीन पदमुद्रा से आज दिनांक 20/03/2024 को जारी किया गया।

सील — अनुविभागीय अधिकारी (रा.) बालोद जिला बालोद

कार्यालय सम्पदा अधिकारी
छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मण्डल, सम्पदा प्रबंधन प्रक्षेत्र-1, सिरपुर भवन, व्यवसायिक परिसर कबीर नगर, रायपुर
email ID-eocghbzone1@gmail.com

आम सूचना

छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मण्डल कालोनी कबीर नगर रायपुर में निर्मित कंचन जंगा परिसर के अंतर्गत दुकानों में से दुकान क्रमांक-04 में श्री दीनदयाल अग्रवाल पिता श्री राधेश्याम अग्रवाल को स्ववित्तीय/ एकमुश्त आधार पर आबंटित/ नामांतरित किया गय है। आबंटी द्वारा दिनांक 25.08.2009 को विक्रय विलेख निष्पादित कर लिया गया।

आबंटी के द्वारा उक्त दुकान के विक्रय हेतु दिनांक 23.02.2024 को निष्पादित विक्रय इकरारनामा की छायाप्रति प्रस्तुत कर उक्त दुकान श्रीमती सुधा सरोज पति श्री करूण कुमार सरोज के नाम से विक्रय करने के लिए विक्रय अनुमति की मांग की है।

अतः किसी भी व्यक्ति शासकीय/ अर्धशासकीय संस्था इत्यादि को उक्त दुकान के विक्रय के संबंध में किसी भी प्रकार की कोई आपत्ति हो तो इस कार्यालय में लिखित रूप से प्रमाणित दस्तावेज सहित इस आम सूचना प्रकाशन के 15 दिन के अंदर समक्ष उपस्थित होकर आपत्ति प्रस्तुत करें। अन्यथा बाद में प्राप्त आपत्ति मान्य नहीं की जावेंगी।

सम्पदा अधिकारी
छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मण्डल
संपदा प्रबंधन प्रक्षेत्र-1
कबीर नगर, रायपुर

कार्यालय सम्पदा अधिकारी
छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मण्डल, सम्पदा प्रबंधन प्रक्षेत्र-1, सिरपुर भवन, व्यवसायिक परिसर कबीर नगर, रायपुर
email ID-eocghbzone1@gmail.com

आम सूचना

छत्तीसगढ गृह निर्माण मण्डल द्वारा जनता कालोनी, तिलक नगर रायपुर में निर्मित जनता भवन योजना में से भवन/भूखंड क्रमांक एलआईजी-55 श्री के.व्ही. शर्मा पिता श्री के.व्ही.एस.एन.मूर्ति को भाड़ाक्रय आधार पर आबंटित किया गया है। मूल आबंटी द्वारा दिनांक 04.08.2006 को विक्रय विलेख निष्पादित करा लिया गया है।

मूल आबंटी की मृत्यु दिनांक 28.10.2023 को हो जाने के कारण श्रीमती के. सूर्यप्रभा पति स्व. श्री के.व्ही. शर्मा द्वारा उक्त भवन/भूखंड अपने नाम पर नामांतरण करने हेतु आवेदन पत्र, मृत्यु प्रमाण पत्र, शपथ पत्र, वारिसों (श्री बी.शरत कुमार पिता स्व. श्री बी. विश्वनाथ) का सहमति पत्र, एवं अन्य दस्तावेज प्रस्तुत किया गया है। प्रस्तुत दस्तावेज के आधार पर उक्त भवन/भूखंड श्री के.वी.विशाल सागर पिता स्व. श्री के.व्ही. शर्मा के नाम पर नामांतरण किया जाना है।

अतः किसी भी व्यक्ति शासकीय/ अर्द्ध शासकीय/ वित्तीय संस्था इत्यादि को उक्त भूखण्ड/ भवन के नामांतरण के संबंध में किसी भी प्रकार की कोई आपत्ति हो तो इस कार्यालय में लिखित रूप से प्रमाणित दस्तावेज सहित इस आम सूचना प्रकाशित की तिथि से 15 दिन के अंदर स्वतः उपस्थित होकर आपत्ति प्रस्तुत कर सकते हैं। निर्धारित तिथि के बाद में प्राप्त आपत्ति मान्य नहीं की जावेंगी, एवं भवन का नामांतरण आदेश जारी कर दिया जावेगा।

सम्पदा अधिकारी
छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मण्डल,
सम्पदा प्रबंधन प्रक्षेत्र-01
कबीर नगर, रायपुर

NOTICE UNDER SECTION 72 OF INDIAN PARTNERSHIP ACT 1932

Be it known to all that the Partnership firm **M/s. "VRIDDHI CREATIONS" 402, 4th FLOOR, A-3, CRYSTAL AISHWARYA EMPIRE, SANKALP HOME, AVANTI VIHAR, RAIPUR (C.G.)** having Registration No- **222202481651** has undergone changes by which **Mr. SUNIL KUMAR JINDAL, Mr. CHIRAG JINDAL,** And **Mr. ANURAG JINDAL** Wants to enter the partnership as new partners without any objection of old partner, And All Partners have agreed to their share of margin in partnership to be as per the New Profit sharing Ratio i.e. **Mr. AJAY KUMAR AGRWAL 25%, Mr. SANKALP AGRWAL 25%** And **Mr. SUNIL KUMAR JINDAL 10%, Mr. CHIRAG JINDAL 20% , Mr. ANURAG JINDAL 20%** and will be the working partner and Hence above All five partners will continue the firm and accordingly made the new partnership deed on **14/02/2024**

SANKALP AGRAWAL
For, M/s. "VRIDDHI CREATIONS"
(Partner)

न्यूज गैलरी

अमलीडीह कला में आठवीं के छात्रों को दी विदाई

खैरागढ़/नवप्रदेश । ब्लाक के अमलीडीह कला पूर्व माशा में छठवीं व सातवीं कक्षा के विद्यार्थियों द्वारा आठवीं के छात्रछात्राओं को भावभीनी विदाई दी गई। विदाई समारोह में छात्रो द्वारा विभिन्न मनोरंजक खेल व सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। ।। छठवीं- सातवीं के ब%चों ने परंपरा का चित्रण करते हुए प्रगवलित दीप- गुलाल-पुष्प आदि से आठवीं के ब%चों का अभिनन्दन किया और उनकी शाला की स्मृतियों को संजोये स्मृतियों की आशा के साथ समर्पित किया। कार्यक्रम में शिक्षको द्वारा आठवीं के ब%चों को सही दिशा दी गई, उनके लिए भविष्य में रहने का शुभाशीष प्रदान किया गया। बिदाई समारोह मे प्रधानपाठक रूपेश कुमार देवांगन, तेजराम वर्मा, कृष्णा प्रसाद वर्मा, खेमिन वर्मा, शामिल रहे।

नांदघाट पुलिस ने कोचिये से 19 पौवा शराब किया जप्त

बेमेतरा/नवप्रदेश। थाना नांदघाट स्टाफ को 21 मार्च को सूचना मिला कि एक व्यक्ति खैरा चौक के पास रोड किनारे अवैध रूप से शराब रखकर लोगो को शराब बिक्री कर रहा हैं की सूचना पर मौके पर पहुच कर सूचना के अधार पर कार्यवाही किया गया। जिसमें थाना नांदघाट में अवैध रूप से शराब रखकर बिक्री करने का 1 प्रकरण दर्ज कर 1 कोचिये राजा मसीह पिता सुबोध मसीह उम्र 19 साल साकिन विश्रामपुर थाना सिमगा जिला बलौदाबाजार के विरूद्ध धारा 34 (1) आबकारी एक्ट के तहत अपराध पंजीबद्ध कर विधिवत वैधानिक कार्यवाही किया गया है। कोचिये से कुल 19 पौवा अंग्रेजी शराब किमती 3800 रूपये, नगदी बिक्री रकम 220 रूपये, कुल जुमला 4020 रूपये को जप्त कर वैधानिक कार्यावाही किया गया हैं। उक्त कार्यवाही में थाना नांदघाट प्रभारी उप निरीक्षक अलील चंद, सउनि राजेन्द्र कश्यप एवं अन्य स्टाफ की महत्वपूर्ण भुमिका रही।

कोतवाली पुलिस ने फरार स्थायी वारंटी को किया गिरफ्तार

बेमेतरा/नवप्रदेश। आगामी लोकसभा चुनाव के मद्देनजर, पुलिस अधीक्षक श्री रामकृष्ण साहू (भा.पु.से.) के निर्देशन एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक श्रीमती ज्योति सिंह, एसडीओपी बेमेतरा मनोज तिर्की, एसडीओपी बेरला तेजराम पटेल, डीएसपी राजेश कुमार झा, डीएसपी कमल नारायण शर्मा, डीएसपी श्रीमती कौशिल्या साहू के मार्गदर्शन में बेमेतरा पुलिस द्वारा स्थायी वारंटियो को पकड़ने हेतु ऑपरेशन ईगल अभियान चलाया जा रहा है जिसके तहत थाना सिटी कोतवाली बेमेतरा स्टाफ द्वारा न्यायिक मजिस्ट्रेट न्यायालय के प्रकरण क्रमांक 9277/2021, धारा 138 हृद्ध एक्ट के मामले में फरार चल रहे स्थायी वारंटी मोहम्मद वसीम मुसनी पिता मोहम्मद इकबाल निवासी बाजारपारा वार्ड नं. 15 बेमेतरा थाना व जिला बेमेतरा को मुखबिर कि सूचना पर पकड़ा गया। उपरोक्त वारंटी को न्यायालय में पेश किया गया हैं। उक्त कार्यवाही में बेमेतरा निरीक्षक तालसिंग साहू, भुमिका रही।

25 मार्च होली के अवसर पर शुष्क दिवस घोषित

कवर्धा/नवप्रदेश। कलेक्टर श्री जनमेजय महोबे द्वारा 25 मार्च 2024 को होली पर्व पर शुष्क दिवस घोषित किया गया है। शुष्क दिवस के अवसर पर कबीरधाम जिले में संचालित देशी, विदेशी, कंपोजिटी मदिरा दुकानें, एफ.एल. 3(ग) पर्यटन बार तथा मद्य भण्डारण भाण्डागार 25 मार्च को पूर्णतः बंद रखे जाने के लिए आदेशित किया गया है।

गंगरेल में बचा पचास फीसदी पानी, गहरा सकता है जल संकट

■ धमतरी रायपुर और भिलाईवासियों के लिए आफत

धमतरी/नवप्रदेश। धमतरी में छत्तीसगढ़ के बड़े बांधों में शुमार गंगरेल डैम स्थित है. यहां से एक चिंताजनक खबर सामने आई है. मार्च महीने में ही गंगरेल बांध का 50 फीसदी पानी घट गया है. जिससे गर्मी के मौसम में परेशानी पैदा हो सकती है. जिले के अन्य तीन बांधों की स्थिति भी खराब है. पूरे क्षेत्र में अंडरग्राउंड वाटर लेवल में भी तेजी से गिरावट देखा जा रहा है.

धमतरी में क्या है बांधों की स्थिति- धमतरी में कुल चार बांध है. तीन डैम महानदी पर बनाया गया है और एक डैम सोंढुर नदी पर स्थित है. शहर के गंगरेल, माडम सिल्ली, दुधावा और सोंढुर बांध के पानी से भिलाई स्टील प्लांट, रायपुर नगर निगम और धमतरी नगर निगम पूरी तरह डिपेंडेंट है. इसके अलावा धमतरी, बालोद और बलौदाबाजार के इलाकों में खेती किसानी के लिए भी लोग इन्हीं बाधों पर निर्भर हैं. चारों बांध की वजह से इलाके में भूजल स्तर मेंटेन होता है. लेकिन आज इन चारों बांध की

स्थिति बेहद खराब हो चुकी है.

धमतरी के प्रमुख डैम के हालात

32 टीएमसी वाले गंगरेल बांध में 51 फीसदी पानी बचा

मुरुम सिल्ली बांध में 46 प्रतिशत वाटर का स्टॉक

दुधावा में 27 फीसदी जल बचा

सोंढुर के वॉटर स्टोरेज में भी आई कमी

धमतरी के कई गांवों में वाटर लेवल गिरा- धमतरी के कई गांवों में वाटर लेवल गिरता जा रहा है. सबसे ज्यादा भूजल स्तर में गिरावट दर्ज की जा रही है. कई गांवो में हैंडपंप से पानी नहीं आ रहा है. लिहाज़ा होली के बाद जिला प्रशासन निस्तारी के लिए नहरों में पानी छोड़ने को लेकर विचार कर रहा है. बांधों में उपयोगी जल की बात करें तो 12 टीएमसी के लगभग पानी ही बचा हुआ है. इसमे भिलाई, रायपुर और धमतरी के लिए पानी का कोटा शामिल है. लगभग 1 टीएमसी पानी का वाष्प के जरिए खत्म हो जाता है. इस सूरत में अगर नहरों में पानी छोड़ा गया तो लगभग सभी बांधों की स्थिति और खराब हो सकती है. हमारे जिले के कई बांधों में स्थिति चिंताजनक है. सारे बांध 50 फीसदी से कम की स्थिति पर आ चुके हैं. पानी का संकट सबके सामने है. ऐसे में लोगों से अपील है कि पानी की बर्बादी बिल्कुल न करें. होली पर भी पानी का ठीक ढंग से इस्तेमाल करें. पानी को जीतना रीयूज कर सकते हैं उतना ही करें. धान की फसल के अलावा दूसरे फसलों को उगाए. बेंगलुरू जैसे शहर में भी जल संकट की स्थिति है. चेन्नई में भी ऐसी स्थिति आई थी. ऐसे में लोगों को पानी का सूझबूझ से इस्तेमाल करना चाहिए. आने वाले दिनों में धमतरी में पानी का ज्यादा दोहन करने वाले कार और वॉशिंग सेंटरों पर भी नकेल कसा जा सकेगा-
नम्रता गांधी, कलेक्टर, धमतरी

पूर्व सीएम भूपेश का ज्यादा फोकस पंडरिया व कवर्धा विस पर

■ दोनों दलों में कार्यकर्ताओं को मनाने का दौर जारी

कवर्धा/नवप्रदेश। लोकसभा चुनाव को लेकर जहां भाजपा और कांग्रेस ने जनसंपर्क तेज कर दिया है वही रूठने मनाने का दौर प्रारंभ हो चुका है राजनंदगांव में जब भूपेश बघेल कार्यकर्ता सम्मेलन में पहुंचे तो एक कांग्रेसी कार्यकर्ता ने अपनी पीड़ा को व्यक्त किया इसके साथ ही पंडरिया में भाजपा के द्वारा कार्यकर्ता सम्मेलन का आयोजन किया गया तो कुछ विषयों को लेकर भाजपा के कार्यकर्ता नाराज हो गए हाला की अब मामला शांत नजर आ रहा है । वही कबीरधाम जिले की बात करे तो भूपेश बघेल का लगातार कवर्धा जिले में ज्यादा तर दौरा बना हुआ है । अब राजनीति पहलू के हिसाब से देखे तो कवर्धा विधान सभा में विजय शर्मा 40 हजार से अधिक वोट से जीत हासिल किए थे वही पंडरिया विधानसभा से भावना बोहरा ने 25 हजार से अधिक वोट से जीत हासिल किया था । इस तरह अब देखे तो दोनो विधान सभा को मिला कर 65 हजार मतों का गढ्ढा दिखाई दे रहा है । क्या यही कारण है कि पूर्व मुख्यमंत्री का दौरा कबीरधाम जिले के दो विधान सभा क्षेत्र में सबसे ज्यादा बना हुआ है । इसके साथ ही अब राजनादगांव की बात करे तो वर्तमान में लोक सभा सीट पर भाजपा का कब्जा बना हुआ है ।

लोकसभा चुनाव 2024 का आगाज हो चुका है कबीरधाम जिले की दोनों सीट का महत्व कितना अधिक क्यों है जिसके लिए कांग्रेस प्रत्याशी पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल क्यों लगातार कबीरधाम की दोनों विधानसभा सीट में विशेष ध्यान दे रहे हैं कांग्रेस प्रत्याशी श्री बघेल के द्वारा लगातार कवर्धा एवं पंडरिया विधानसभा सीट के क्षेत्र में धुआंधार दौरा किया जा रहा है ।राजनीतिक दल की पार्टी एक दूसरे के ऊपर तंज कस रहे हैं जहां तक कबीरधाम जिले के दोनों सीट कवर्धा एवं पंडरिया विधानसभा का सवाल है जिसमें कांग्रेस के प्रत्याशी भूपेश बघेल पूर्व मुख्यमंत्री के द्वारा लगातार दौरा किया जा रहा है जिसके पीछे कई कारण हो सकते है। प्रमुख कारण जिले के दोनों सीट भाजपा के पास है साथ ही साथ यहां विधानसभा चुनाव में वोट का प्रतिशत एवं भाजपा की जीत में मतों का अंतर बहुत अधिक है इस गड्ढे को पाटने के लिए लोकसभा कांग्रेस प्रत्याशी के द्वारा लगातार पंडरिया एवं कवर्धा विधानसभा का दौरा किया जा रहा है आपको बता दें कि कबीरधाम जिले के दोनों विधानसभा सीट मायने रखती है । लोकसभा चुनाव में दोनों सीट भाजपा के प्रत्याशी के लिए ज्यादा संघर्षशील नजर नहीं आ रहा है । भाजपा के प्रत्याशी संतोष पांडे अपने अंदाज से पंडरिया एवं कवर्धा विधानसभा क्षेत्र का दौरा कर रहे हैं । और मतदाताओं को अपने विकास कार्यों को बताया जा रहा है । वहीं दूसरी ओर पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल लोकसभा में कांग्रेस के प्रत्याशी के द्वारा दोनों विधानसभा में लगातार जनसंपर्क किया जा रहा है । जैसे-जैसे मतदान या चुनावी त्यौहार नजदीक आ रहा है वैसे-वैसे माहौल बनते जा रहा है । अब देखना यह है की जनता जनार्दन किसे जीत का ताज पहनती है ।

युवा कांग्रेस के राष्ट्रीय संयोजक की उपस्थिति में बैठक, भूपेश को जिताने का संकल्प

कवर्धा/नवप्रदेश। कवर्धा वि.सभा युवा कांग्रेस की बैठक शहर कांग्रेस भवन सिग्नल चौक कवर्धा में हुई ।समस्त अतिथियों का सूत की माला से भव्य स्वागत के साथ नाराबाजी करते हुए सिग्नल चौक से कांग्रेस राजीव भवन पहुंचे।

जिसमे महत्त्वपूर्ण बात लोकसभा चुनाव को लेकर सबकी भागीदारी बूथ में जाकर मतदाता से आशीर्वाद लेकर माननीय भूपेश बघेल जी को जीतने का संकल्प पदाधिकारी और कार्यकर्ताओं द्वारा लिया गया। युवा कांग्रेस विधानसभा अध्यक्ष वाल्मिकी वर्मा ने कहा कि एक ही लक्ष्य जीतेंगे राजनांदगांव को लेकर अपने अपने गांव शहर में सत्य निष्ठा से काम करने हेतु कमर कसने की बात कही गई।पूरी ईमानदारी से काम करने वाले कार्यकर्ताओं का सम्मान किया जाएगा।युवा कांग्रेस कवर्धा विधानसभा के एक एक पदाधिकारी और कार्यकर्ता जीजान लगाकर श्री भूपेश बघेल जी को जीतने के लिए कोई कसर नही छोड़ेंगे। उक्त कार्यक्रम में प्रमुख रूप से मानव देशमुख प्रदेश महासचिव समन्वयक राजनांदगांव लोकसभा,अनूप वर्मा

प्रदेश सचिव समन्वयक राजनांदगांव लोकसभा,जिला सह प्रभारी प्रदेश सचिव पवन तिवारी,कवर्धा समन्वयक अश्वनी वर्मा,आकाश केसरवानी,वीरेंद्र जांगड़े,बृजेश कौशिक,नारद चंद्रवंशी,धनराज वर्मा,सुभाष जायसवाल,जितेंद्र लहरे,माधवेश चंद्रवंशी,लक्ष्कुमार वर्मा,अंजू राम पटेल,देव चंद्रवंशी,सुरेश पटेल,विष्णु सिंह नेताम,रामगोपाल वर्मा,हेमंत ठाकुर,कीर्ति केसरवानी,तमन्ना मेहर,रीना कारुणिक,शिवा बंजारे,यूनेश कौशिक,अरविंद चंद्रवंशी,अनिल रजक,चंद्रशेखर नागराज,अविनाश चंद्रवंशी,मुकेश सेन,गजेंद्र वर्मा,सुधांशु बघेल,देसी जायसवाल,हेमंत ,विनोद सिंह राजपूत,कमल सिंह,हेमंत सोनवानी,उमेश वर्मा,सचिन सहित सैकड़ो की संख्या में कार्यकर्ता एवं पदाधिकारी उपस्थित रहे।

मेडिकल कालेज के डॉक्टर कर रहे नियमों का उल्लंघन, अधीक्षक से हुई शिकायत

राजनांदगांव/नवप्रदेश। मेडिकल कॉलेज के एमडी मेडिसीन डॉक्टर चेतन साहू ने नॉन प्रैक्टिसिंग अलाउंस नियमावली का खुला उल्लंघन करते हुए बाजार में क्लीनिक खोल दी है और मरीजों को एडमिट भी कर रहें है, जबकि इस नियम के तहत एक सरकारी डॉक्टर केवल अपने सरकारी आवास में ही प्रैक्टिस कर सकता है। मामला गंभीर है, जिसे देखते हुए भाजपा अनुसूचित जाती मोर्चा प्रकोष्ठ के प्रदेश मंत्री आशीष डोंगरे ने इसकी शिकायत मेडिकल कालेज के अधीक्षक प्रदीप बेक से की है और जल्द ही कार्यवाही ना होने की स्तिथि में आंदोलन करने की चेतावनी दी है।

ज्ञापन देते हुए आशीष डोंगरे ने कहा है कि मेडिकल कॉलेज में पदस्थ चिकित्सा व्याख्याता डॉ. चेतन साहू सृष्टि कॉलोनी में

निजी क्लिनिक चला रहे हैं, यहां अस्थाई व्यवस्था बनाकर वे एक तरह से अस्पताल का ही संचालन कर रहे हैं, उनके क्लिनिक में मरीजों को ड्रीप चढ़ाई जाने के साथ दूसरे टेस्ट्स भी कराए जा रहे हैं। वे यहां मरीजों को ऑब्जेर्वेशन के लिए दाखिल करते हैं जो कि अनुचित हैं। उन्होंने कहा कि शासकीय मेडिकल कॉलेज अस्पताल का चिकित्सक होने के नाते उन्हें मरीजों को मेडिकल कॉलेज अस्पताल की ओपीडी में ही देखना चाहिए, लेकिन इसके बजाए वे ऐसे मरीजों को अपने क्लिनिक बुला रहे हैं

वाहन चेकिंग के दौरान कुम्हालोरी में कार से 3 लाख रुपए जप्त

होली त्यौहार एवं चुनाव के मद्देनजर चेकिंग अभियान लगातार जारी

राजनांदगांव/नवप्रदेश। पुलिस अधीक्षक मोहित गर्ग के निर्देश एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक राहुल देव शर्मा तथा नगर पुलिस अधीक्षक पुष्पेन्द्र नायक राजनांदगांव के मार्गदर्शन एवं चौकी प्रभारी निरीक्षक कौशलेश देवांगन के नेतृत्व में चौकी सुरगी क्षेत्रांतर्गत आगामी लोकसभा निर्वाचन 2024 के मद्देनजर निर्वाचन प्रक्रिया शांतिपूर्ण संपन्न कराने हेतु एमसीपी लगाकर संदिग्ध व्यक्तियों एवं वाहनों की लगातार चेकिंग किया जा रहा है। इसी तारतम्य में 20 मार्च को ग्राम कुम्हालोरी में एमसीपी लगाकर

वाहन चेकिंग के दौरान एक सफेद रंग की सुमो गोल्ड क्रमांक सीजी 05-एसी 4428 को रोककर चेक करने पर उक्त वाहन में बैठा व्यक्ति केतन कुमार साहू पिता रविशंकर साहू, उम्र 33 वर्ष, निवासी रेंज ऑफिस के पीछे, रामपुर, थाना कोतवाली, जिला धमतरी के कब्जे से 3 लाख रूपये नगदी रकम बरामद हुआ, जिस संबंध वैध कागजात पेश नहीं कर पाने पर बरामद नगदी रकम को धारा 102 जाफौ के तहत जप्त कर कार्यवाही जारी है। उपरोक्त कार्यवाही में निरीक्षक कौशलेश देवांगन, सउनि हरीश टेंभूरकर एवं आरक्षक रूपेंद्र साहू, अर्जुन सिंह ठाकुर की सराहनीय भूमिका रही।

इधर जिले के सभी थाना-चौकी प्रभारियों एवं यातायात शाखा को निर्देश दिया गया है कि आगामी लोकसभा चुनाव होली और रमजान को देखते हुए अपने अपने थाना क्षेत्रों में एमसीपी लगाकर संदिग्ध लोगों पर नजर बनाये रखने और सघनता व सतर्कता के साथ वाहन चेकिंग करने शराब, मादक पदार्थों व अन्य सामग्रियों पर रोकथाम करने तथा कानून-व्यवस्था को अधिक सुदृढ़ बनाये रखने और यातायात नियमों का उल्लंघन करने वालों पर सख्त कार्यवाही करने हेतु दिशा निर्देश दिया गया था, जिसके तहत् थाना कोतवाली, बागनदी, डोंगरगढ़, ओपी सुरगी एवं थाना यातायात पुलिस द्वारा दिनांक 20 मार्च 2024 को आने-जाने वाले संदिग्ध, वाहन, वस्तु, व्यक्ति की जांच की गई। यातायात नियमों का उल्लघंन करने वालों के कुल 145 प्रकरण में 45100 रूपये समंस शुल्क कर उनके विरूद्ध मोटर व्हीकल एक्ट के तहत कार्यवाही की गई और यातायात नियमों का पालन सुनिश्चित करने के संबंध में जागरूक भी किया गया।

महिला स्व-सहायता समूह ने कलेक्ट्रेट में हर्बल गुलाल के विक्रय के लिए लगाया स्टॉल

बेमेतरा/नवप्रदेश। छ.ग. राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन बिहान के तहत जय मां सिद्धि महिला स्व-सहायता समूह ग्राम पंचायत महिदही ब्लॉक साजा द्वारा होली त्योहार के मद्देनज़र तैयार किए गए हर्बल गुलाल उत्पादों का विक्रय करने के लिए आज जिला कार्यालय परिसर बेमेतरा में स्टॉल लगाया गया। इस अवसर पर कलेक्टर रणवीर शर्मा ने महिला समूह द्वारा लगाये स्टॉल का अवलोकन किया एवं समूह की महिला से उनके द्वारा किये जा रहे उत्पादों के संबंध में जानकारी ली। इसके पश्चात कलेक्टर ने अपने साथ साथ उपस्थित अधिकारी कर्मचारियों के लिए हर्बल गुलाल खरीदे। महिला समूह की महिला ने बताया कि होली त्यौहार के मद्देनजर उनके द्वारा रंग-बिरंगे हर्बल गुलाल तैयार किए गए हैं साथ ही हर्बल साबुन, हर्बल धूप, डिसवाश जेल,

हेण्डवाश आदि जैसे सामग्री तैयार किया गया हैं। उन्होने बताया कि इन सामग्रियों को बेचने से अच्छी आमदनी भी प्राप्त होती है। उन्होंने बताया की आज सुबह से ही हर्बल गुलाल की लगातार बिक्री हो रही इसके अभी तक अच्छी आमदनी प्राप्त हुई हैं। इस दौरान जिला पंचायत सीईओ टेकचंद्र अग्रवाल, यूपी जिला निर्वाचन अधिकारी गुड्डू लाल जगत, अपर कलेक्टर डॉ. अनिल बाजपेयी, संयुक्त कलेक्टर अंकिता गर्ग, डिप्टी कलेक्टर दिव्या पोटाई सहित कलेक्टरेट के कर्मचारी उपस्थित थे।

दंतेवाड़ा से पकड़े गए हार्डकोर नक्सली पोदिया व सोना

डीआरजी और बस्तर फाइटर को मिली सफलता

दंतेवाड़ा/नवप्रदेश। दंतेवाड़ा में सर्चिंग के दौरान दो हार्डकोर नक्सली गिरफ्तार हुए हैं. पकड़े गए नक्सली आगजनी और तोड़ फोड़ की घटनाओं में वांटेड रहे हैं. पकड़े नकसली किरंदुल और बेचली रेलवे लाइन के दोहरीकरण में लगे वाहनों को आग लगाने के भी आरोपी हैं.

नक्सल विरोधी अभियान के दौरान दो माओवादी गिरफ्तार हुए हैं. डीआरजी और बस्तर फाइटर के जवान सीआरपीएफ की टीम के साथ सर्चिंग अभियान पर निकले थे. सर्चिंग के दौरान परलागट्टा और बैनपल्ली में जवान पहुंचे थे. नक्सल विरोधी ऑपरेशन के दौरान जवानों ने दो युवकों को जंगल से पकड़ा. जवानों की पूछताछ में पकड़े गए युवकों ने बताया कि वो नक्सली हैं. पकड़े गए नक्सलियों पर आगजनी, लूट सहित कई मामले पहले से दर्ज हैं. दो हार्डकोर नक्सली गिरफ्तार- पकड़े गए नक्सलियों में पोदिया उर्फ अजय पुनेम है जो पुसनार का रहने वाला है. अजय पुनेम पीड़िया पंचायत मिलिशिया का सदस्य है. पकड़े गए दूसरे नक्सली का नाम सोना लेकाम है. सोना लेकाम लेकामपारा थाना गंगालूर का रहने वाला है. लेकाम भूमकाल मिलिशिया का डिप्टी कमांडर है. पकड़े गए दोनों नक्सलियों की पुलिस को लंबे वक्त से तलाश थी. बस्तर में चल रहा नक्सल विरोधी अभियान- पूरे बस्तर में इन दिनों नक्सल विरोधी अभियान चलाया जा रहा है. नक्सल विरोधी अभियान के दौरान जवान नक्सलियों के सेफ जोन वाले वाले इलाके में सघन सर्चिंग अभियान चला रहे हैं. जवानों के बढ़ते दबाव का ही नतीजा है कि बड़ी संख्या में नक्सली हथियार डाल सरेंडर कर रहे हैं।

मतदाता सूची में नाम जुड़ाव, मतदान करने का अधिकार पाओ का दे रहे संदेश

कवर्धा/नवप्रदेश। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्री जनमेजय महोबे के निर्देश पर जिले में लोकसभा निर्वाचन 2024 के लिए मतदाता जागरूकता अभियान स्वीप का कार्य तेज गति से चल रहा है। इसके अंतर्गत गांव-गांव में लोगों को अपने मताधिकार का प्रयोग करने के लिए प्रेरित किया जा रहा है। प्रयास किए जा रहे हैं की शत प्रतिशत मतदान कराया जा सके। इसी क्रम में नेहरू युवा केन्द्र कवर्धा के द्वारा मतदाता जागरूकता अभियान के अंतर्गत जनपद पंचायत पंडरिया के ग्राम महका में गोष्ठी का आयोजन किया गया। ग्रामीणों को बताया गया की लोकतंत्र में मतदान कर वे अपनी भागीदारी निभाए साथ ही ग्रामीणों को मतदान करने के लिए शपथ दिलाया गया। ऐसे युवा जिन्होंने अपनी 18 वर्ष की आयु पूर्ण कर ली हो उन्हें मतदाता सूची में अपना

नामांकन करते हुए मतदाता परिचय पत्र बनाकर वोट देने के अधिकारों के विषय में बताया गया। तथा आह्वान किया गया कि लोकतंत्र में युवा कंधे से कंधे मिलाकर आगे बढ़े। इस संबंध में जानकारी देते हुए मतदाता जागरूकता अभियान स्वीप के नोडल अधिकारी एवं मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत कबीरधाम श्री संदीप कुमार अग्रवाल ने बताया कि लोकसभा निर्वाचन 2024 के लिए जिले के सभी क्षेत्रों में मतदाता जागरूकता हेतु अनेक कार्यक्रम हो रहा है।

संत रविदास जयंती मनाई गई

नवागढ़/नवप्रदेश। नवागढ़। मेहर समाज नवागढ़ के तत्वाधान में संत रविदास की जयंती मनाई गई। जिसमें भाजपा महामंत्री मिंटू बिसेन व किसान मोर्चा मण्डल अध्यक्ष विनोद साहू ने रविदास जी के मूर्ति का पूजन कर आशीर्वाद लिया। इस दौरान रमेश मेहर, लक्ष्मीचंद जैन, मिथुन खरे, सुरेंद्र, अनिल, हेमंत, दिलीप, मोहित, रोहित आदि उपस्थित रहे।

शिविर सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र पंडरिया में 31 लोगों ने किया रक्तदान

जीवन के लिए रक्तदान अनमोल है, जरूरतमंद को समय पर मिले रक्त

कवर्धा/नवप्रदेश। कलेक्टर एवं अध्यक्ष रेडक्रास श्री जनमेजय महोबे ने स्वास्थ्य सुविधाओं में सुधार लाने के लिए सतत प्रयासरत है। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ बी.एल.राज के मार्गदर्शन में पंडरिया बीएमओ डॉ. अनामिका पटेल के द्वारा सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र पंडरिया में रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। जिसमें 31 लोगों ने स्वैच्छिक रक्तदान किया। जिला चिकित्सालय में जिले से अनेक मरीज पहूंचते है, जिसमें प्रमुख रूप से एक्सीडेंटल मरीज, गर्भवती माताएं, सिकलसेल के मरीज और थैलेसिमिया के रोगियों को रक्त की त्वरित आवश्यकता होती है। जिला चिकित्सालय के ब्लड बैंक में प्रचुर मात्रा में सभी समूह के रक्त की आवश्यकता होती है जब भी आवश्यकता

पडें तत्काल उपलब्ध हो जाए।

रक्तवीरों ने किया रक्तदान -

पंडरिया बीएमओ डॉ. अनामिका पटेल ने बताया कि रक्तदान शिविर में पीयूष, योगेश सोनी, संजय प्रसाद, सतीश कुमार, होमेश्व चंद्राकर, मनोज चंद्राकर, रामफल चंद्राकर, भोलाराम, टीकाराम, पोखराज, डॉ हर्षित, बीरबल, मंगल यादव, शोमेश, डॉ स्मृति, कैलाश, सुनील, विद्या, सुखचंद, संजीव साहू, गौतम, ललित, प्रभात, शैल बिसेन, अजय देवांगन, जेम्स जॉन, चंद्रप्रकाश, कैलाश, धर्मेन्द्र, मोहन सिंह, श्री पटेल सहित रक्तवीरों ने रक्तदान किया। रक्तदाताओं को सीएमएचओ डॉ राज के द्वारा प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया गया। शिविर आयोजन में जेम्स जॉन और उनके टीम का विशेष सहयोग रहा है।

छेड़छाड़ का आरोपी गिरफ्तार, जेल

खैरागढ़/नवप्रदेश। घर घुसकर महिला को बुरी नियत से छेडछाड करने वाले आरोपी को पुलिस ने गिरफतार कर जेल भेज दिया है। मामला ठेलकाडीह थाना क्षेत्र का है । पीडिता ने थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई कि बहन के घर छठ्ठी कार्यक्रम मे बसंतपुर जाने के दौरान प्रमोद यादव से जान पहचान हुई थी तब वह फोन नंबर से बातचीत करते थे कि महाशिवरात्रि के दिन रात्रि घर तिलईभाठ आकर पीड़िता के घर के अंदर घुसकर बुरी नीयत से अश्लील बाते कर इजत लुटने की नीयत से छेड़छाड़ कर बात नही मानने पर जान से मारने की धमकी देते हुये हाथ खींच रहा था । रिपोर्ट पर थाना ठेलकाडीह में अपराध कायम कर थाना प्रभारी धर्मेन्द्र कुमार वैष्णव के नेतृत्व मे टीम गठित कर आरोपी को उसके घर राजनांदगांव मे घेराबंदी कर पकड़ा गया ।

चढ़ने लगा होली का रंग लोगों में भारी उमंग

मुंगेली/नवप्रदेश। रंगों के त्यौहार होली मनाने के लिए लोगों में भारी उमंग देखा जा रहा है। रंग, पिचकारी से बाजार पूरी तरह से रंगे हुए है। बाजारों में आज खरीददारों की भीड़ रही।नगर में होली त्यौहार पर बाजारों में ग्राहकों की भीड़ नजर आ रही है। मिठाई की दुकाने, किराना दुकाने, कपड़े की दुकानों में भी लोगों की भीड़ देखी जा रही है। होलिका दहन को लेकर इक्का-दुक्का होलिका डांग नजर आ रही है।

होली आने में अब महज 2 दिन बचे हैं, पर होलिका दहन को लेकर इक्का-दुक्का होलिका डांग नजर आ रही है। भारतीय संस्कृति में होली का अलग महत्व है। फाल्गुन मास के कृष्ण पक्ष की पंचमी को सरस्वती पूजा के साथ ही गांवों में होलिका गड़ जाती है। जिसे कई स्थानों पर होली का डांग गाड़ना भी कहा जाता है। फगुवा के रंग के साथ ही पारंपरिक फाग गीतों के माध्यम से फाल्गुनी मास की मस्ती में लोग डूब जाते हैं। अब होलिका दहन के कुछ ही दिन पहले ही डांग की जगह लकड़ी आदि एकत्र की जाती है। ग्रामीण क्षेत्रों में आज भी इन दिनों एक पताकायुक्त होली का डांग गाड़ दिया जाता है और उसके चारों ओर झाड़-झंखाड़ व कंडे आदि एकत्र किए जाते हैं। जो लोग इस काम में भाग लेते हैं उन्हें होलियारे कहा जाता है। होली मस्ती और उल्लास का त्योहार है। बड़े-बुजुर्ग बताते हैं कि होली में वास्तव में खेतों के वे झाड़-झंखाड़ ही डाले जाने चाहिए, जो खेतों की फसल कटने के बाद अनुपयुक्त बच जाते हैं और आगे आ रही गर्मी के मौसम की तेज हवाओं के साथ उड़कर किसानों के मार्ग को और दुर्गम बनाते हैं। होलाष्टक लगने के आठ दिन तक होली जोड़ने की परंपरा भी यही है कि झाड़-झंखाड़ खोज-खोज कर एकत्र किए जाएं। समय के साथ परंपराओं में भी बदलाव होते हैं और होली इसका अपवाद नहीं है।पुरान निवासी कृष्णकुमार परिहार का कहना है कि ग्रामीण क्षेत्रों में एक माह तक ढोलक और चैपाल की थाप गूंजती रहती थी। लोग पूरे फाल्गुन में फगुवा गाते थे। आज इलेक्ट्रानिक युग में श्रवण एवं दृश्य के सहारे लोग फगुआ का कृत्रिम आनंद ले रहे हैं। इसी प्रकार पहले पलाश के फूलों के रंग से होली खेलने की परंपरा थी। त्यौहार के पहले खरीदी जाने वाली आवश्यक चीजों की खरीददारी हो रही है। जिसके चलते बाजार में अत्यधिक भीड़ नजर आ रही है। वहीं हार का भी इस त्यौहार में विशेष महत्व रहता है। इसलिए बाजार में हार की दुकानों में भी भीड़ रही। फागुन में मनाये जाने वाले इस त्यौहार का विशेष महत्व रहता है। आध्यात्मिक रूप से इसका संबंध भक्त प्रहलाद से जुड़ा हुआ है। जिसने सदैव भगवान की भक्ति की।

न्यूज गैलरी

अवैध शराब के खिलाफ कार्यवाही

सक्ती/नवप्रदेश। मामले का संक्षिप्त विवरण इस प्रकार है कि पुलिस अधीक्षिका अंकिता शर्मा के द्वारा जिले में अवैध शराब कारोबारियों एवम नशे के विरूद्ध सख्त कार्यवाही के दिये दिशा निर्देश सभी थानों को दिए गए हैं। उक्त निदेशों के परिपालन में पर सक्ति पुलिस सतत अभियान चला कर कारवाई कर रही है। सक्ती पुलिस के द्वारा अवेध शराब के विरुद्ध अभियान में कार्यवाही हेतु नगर निरीक्षक विवेक शर्मा के द्वारा टीम रवाना की गई थी । इस अभियान के दौरान सक्ति पुलिस की टीम को ग्राम पासिद में एक व्यक्ति के द्वारा महुआ शराब बिक्री करने ले जाने की सूचना प्राप्त हुई, चेक करने पर एक व्यक्ति पुरषोत्तम राठौर के पास 7 लीटर महुआ शराब मिली। आरोपी के विरुद्ध धारा 34(2)आबकारी अधिनियम के प्रावधानों के तहत कारवाई करते हुए, बरामद 7 लीटर शराब को जप्त करके आरोपी आरोपी पुरुषोंत्तम राठौर पिता समुन्दा ग्राम पासीद को जपती 07 लीटर कच्ची महुआ शराब जप्त कर रिमांड पर भेजा गया। उक्त कार्यवाही में ड्डह्यद्ब नजरियस एक्का, आरक्षक , मनोज लहरे, एकेश्वर चंद्रा, राघवेंद्र, यादराम चंद्रा डोरीलाल कटकवार,की महत्वपूर्ण भूमिका रही। पुलिस अधीक्षिका सक्ती अंकिता शर्मा ने कहा है, की सक्ति क्षेत्र में है कि नशे के अवैध कारोबार करने जुआ, सट्टा खेलने/खेलाने वालों तथा किसी भी प्रकार के अपराध में संलिप्त तत्वों के विरुद्ध कठोर कारवाई सतत जारी रहेगी।

होली मिलन उत्सव व स्वच्छता अभियान का आयोजन

सक्ती/नवप्रदेश। नगर पालिका परिषद सक्ती में 22 मार्च को मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी छ.ग. रायपुर के निर्देशानुसार आगामी लोक सभा निर्वाचन 2024 प्रयोजनार्थ ''सुव्यवस्थित मतदाता शिक्षा एवं निर्वाचन सहभागिता'' (स्वीप) कार्यक्रम के अंतर्गत मतदाताओं में मतदान के प्रति जागरूकता लाने निर्वाचन प्रक्रिया में सहभागिता प्राप्त करने हेतु होली मिलन उत्सव व स्वच्छता अभियान का आयोजन कराया गया जिसमें नगर के प्रमुख स्थानों पर सफाई कराने के साथ होली मिलन समारोह का आयोजन जिला सहायक स्वीप नोडल अधिकारी श्री हरि पटेल जिला खेल अधिकारी एवं मुख्य नगर पालिका अधिकारी की उपस्थिति में किया गया। निकाय द्वारा स्वीप कार्यक्रम के लिए बैनर पोस्टर के माध्यम से निकाय क्षेत्र में व्यापक प्रचार प्रसार किया गया था तथा नगर पालिका अधिकारी/कर्मचारियों द्वारा रैली निकाली गई ताकि मतदाताओं को मतदान के प्रति जागरूक किया जा सके।उक्त अवसर पर नगर पालिका के अधिकारी/कर्मचारी एवं गणमान्य नागरिक उपस्थित थे।

नए जिला शिक्षा अधिकारी धृतलहरे ने कार्यभार संभाला

मुंगेली/नवप्रदेश। शिक्षा विभाग में नए जिला शिक्षा अधिकारी के पद पर चन्द्र कुमार धृतलहरे ने अपना कार्यभार ग्रहण किया। इस अवसर पर जिला शिक्षा अधिकारी कार्यालय के अधिकारी-कर्मचारियों के साथ बीईओ प्रतिभा मण्डलोई ने नये डीईओ से मुलाकात कर गुलदस्ता भेंट किया। नये डीईओ श्री धृतलहरे ने अधिकारी-कर्मचारियों से परिचय प्राप्त किया और संबंधित शाखाओं के कामकाजों की जानकारी प्राप्त की। उन्होनें इस दौरान कहा कि जिले में शिक्षा की गुणवत्ता को आगे बढ़ाना है। स्कूलों में शिक्षा के क्षेत्र में शिक्षण प्रक्रिया को प्रभावी एवं रुचिपूर्ण बनाने के लिए करो और सीखो पद्धति से पढ़ाई करायी जाएगी।

अधिकारियों ने मिठाइयों के लिए सैंपल

अम्बिकापुर/नवप्रदेश। त्यौहारों को दृष्टिगत रखते हुए नकली खोवा तथा गुणवत्ताहीन मिठाई की बिक्री बढ़ने की आशंका रहती है जिसमें सीमावर्ती राज्यों से मिलावटी खोवा, मावा कुन्दा इत्यादि खाद्य के आपूर्ति होती है। इससे लोगों के स्वास्थ्य पर बुरा असर पड़ सकता है।

इसी क्रम में कलेक्टर श्री विलास भोस्कर के मार्गदर्शन में और खाद्य एवं औषधि प्रशासन नियंत्रक के निर्देशानुसार जिला सरगुजा के समस्त मिठाई दुकानों का सतत एवं सघन निरीक्षण किया जा रहा है। मिलावट की आशंका के मद्देनजर वरिष्ठ खाद्य सुरक्षा अधिकारी श्री आर.आर. देवांगन एवं खाद्य सुरक्षा अधिकारी श्री प्रशान्त कुमार तिवारी तथा टीम द्वारा घड़ी चौक के पास स्थित मेसर्स पंचशील स्वीट्स एवं रिंग रोड के पास स्थित मेसर्स दो भाई मिठाई वाले से रसगुल्ला, मेसर्स शिवम स्वीट्स से बेसन लड्डू, मेसर्स कार्तिक होटल से बालूशाही, अंकूर फ्लोर मिल से आटा, मेसर्स संतोष होटल से बेसन लड्डू, मेसर्स रॉय स्वीट्स से पेड़ा का नमूना लेकर परीक्षण एवं विश्लेषण हेतु राज्य खाद्य परीक्षण प्रयोगशाला कालीबाडी रायपुर भेजा गया है। राज्य खाद्य परीक्षण प्रयोगशाला, कालीबाड़ी, रायपुर से परीक्षण एवं विश्लेषण रिपोर्ट प्राप्त होने पर खाद्य सुरक्षा एवं मानक अधिनियम 2006, नियम 2011 के सुसंगत प्रावधानों के अंतर्गत कार्यवाही की जावेगी। साथ ही चलित खाद्य परीक्षण प्रयोगशाला वाहन से अन्य मिष्ठान प्रतिष्ठानों की निरंतर जांच की जा रही है। खाद्य पदार्थों के अमानक पाए जाने पर मौके पर ही खाद्य पदार्थ के विनष्टीकरण की कार्यवाही की जा रही है।

जीईसी में ही बनेगा ईवीएम का स्ट्रांग रूम

कलेक्टर-एसपी ने टीम के साथ किया स्थल निरीक्षण

बिलासपुर/नवप्रदेश। कलेक्टर अवनीश शरण एवं एसपी रजनेश सिंह ने लोकसभा चुनाव की तैयारियों के सिलसिले में कोनी स्थित शासकीय इंजीनियरिंग कॉलेज का दौरा किया। इंजीनियरिंग कॉलेज में इस बार भी स्ट्रांग रूम के साथ ही सामग्री वितरण एवं मतगणना का कार्य किया जायेगा। उन्होंने भवन के भीतर और बाहर की जाने वाली विभिन्न जरूरी व्यवस्थाओं के लिए स्थल चिन्हांकन किया और तैयारी शुरू करने के निर्देश दिए।

चूंकि पूरी चुनाव प्रक्रिया गरमी के मौसम में हो रही है, इसलिए तेज गरमी से बचाव के अनुरूप बैठक व्यवस्था एवं बड़े-बड़े कूलर लगाने को कहा है। कलेक्टर ने पिछले विधानसभा चुनाव के दौरान की गई व्यवस्था के बारे में एसपी सहित नये अधिकारियों को बताई और इस बार के प्रस्तावित बदलाव के बारे में सुझाव लिए। उन्होंने लगभग आधे घण्टे तक प्रस्तावित विभिन्न व्यवस्थाओं का अवलोकन किया। उन्हेंाने प्रेक्षक कक्ष, बैरिकेडिंग, सुरक्षा, सामग्री वितरण एवं वापसी काउंटर, पार्किंग, मीडिया, सामग्री मिलान स्थल, केन्टीन आदि का आकलन किया। विधानसभा चुनाव की तरह इस बार भी संबंधित अधिकारियों को चुस्त-दुरूस्त इंतजाम करने के निर्देश दिए। इस अवसर पर निगम आयुक्त अमित कुमार, जिला पंचायत सीईओ रामप्रसाद चौहान, एडीएम एवं उप जिला निर्वाचन अधिकारी शिवकुमार बनर्जी, एडिशनल एसपी अर्चना झा, पीडब्ल्यूडी ईई सीके पाण्डे, एसडीओ ईएण्डएम ऋषि गुप्ता तैयारी से जुड़े तमाम अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित थे।

पांच साल में भी नहीं बना आंगनबाड़ी भवन

लखनपुर-सरगुजा/नवप्रदेश। जंप क्षेत्र के सरहदी वनांचल ग्राम पंचायत ढांढकेसरा में पांच साल पहले साढ़े पांच लाख रूपये लागत से आंगनबाड़ी भवन बनाया जाना था। लेकिन नहीं बनाया गया काम बीच में ही बंद हो गई ।

पंचायत वासियों की मानें तो पंचायत डाडकेसरा घुईडाड पारा में आंगनबाड़ी केंद्र भवन बनाने के लिए प्रशासकीय स्वीकृति मिलने के बाद आंगनबाड़ी केन्द्र भवन का लेआउट कराकर एक लाख नौ हजार रूपये निकाल लिया गया।

भवन निर्माण के लिये समान भी लाया गया था वार्ड पंच के द्वारा कार्यारभ कराया जाना निश्चित था। परंतु किसी वजह से ग्राम सरपंच सचिव और इंजीनियर ने मौके पर पहुंच कर काम को बंद करा दिया।और निर्माणाधीन भवन के लिए खरीद की गई सामानों को कहीं और ले जाया गया। आंगनबाड़ी भवन निर्माण नहीं होने से बसाहट के नौनिहालों को आंगन बाड़ी भवन तो नहीं मिला अलबत्ता दूसरे जगह संचालित हो रहे आंगनबाड़ी केंद्र में दूर जाना पड़ रहा है। केन्द्र दूर होने के वजह से बच्चे वहां तक नही पहुंच पाते हैं। एकीकृत महिला बाल विकास विभाग द्वारा मिलने वाली लाभ से ग्रामीण बच्चे तथा हितग्राही गर्भवती शिशुवती महिलाओं को संचालित योजनाओं का लाभ नहीं मिल पा रहा है।आंगनबाड़ी केंद्र बन गया होता तो मुहल्ले के गर्भवती शिशुवती तथा बच्चों को महिला बाल विकास विभाग के योजनाओं का लाभ नजदीक में ही मिल सकता था। आखिर आंगनबाड़ी केंद्र को क्यों नहीं बनाया गया अपने आप में एक सवाल है। पंचायत वासियों के

मुझे जानकारी नहीं है

इस संबंध में मुख्य कार्यपालन अधिकारी वेदप्रकाश पांडेय ने कहा आंगनबाड़ी केंद्र के बारे में मुझे कुछ जानकारी नहीं है।

मामला पुराना है

कार्यक्रम अधिकारी अभिषेक मिंज (मनरेगा) ने बताया कि पुराना मामला है फाइल खुलने पर कुछ कहा जा सकता है।

रायगढ़ में चलती बाइक से दिनदहाड़े 46 हजार की लूट

रायगढ़। रायगढ़ जिले की खरसिया थाना क्षेत्र में बाइक सवार दो अज्ञात लुटेरों ने 46 हजार रुपए की लूट की वारदात को अंजाम दिया है। पीड़ित ने मामले की शिकायत खरसिया चौकी में की है, जिसके बाद पुलिस अज्ञात आरोपियों की तलाश में जुट गई है। जानकारी के अनुसार, खरसिया थाना क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले ग्राम सुती निवासी पीड़ित बरतराम सिदार ने बताया कि वह खेती किसानी का काम करता है। गुरुवार की सुबह 11 बजे वह अपनी पत्नी करमीन बाई के साथ मोटर साइकिल में पैसा निकालने अपेक्स बैंक गया हुआ था। जहां दोनों ने अलग-अलग खाते से रकम निकाले।बरतराम सिदार ने अपने खाते से 15 हजार रुपए और पत्नी करमीन बाई ने अपने खाते से 31 हजार रुपए निकाले। इसके बाद दोनों बैंक से घर जाने करीब साढ़े 4 बजे निकले। पीड़ित ने थोड़ी दूर पर पेट्रोल भरवाया और घर जाने के लिए निकला था।पीड़ित बरतराम सिदार ने बताया कि इसी दौरान अंबेडकर कॉम्पलेक्स के सामने अस्पताल तिराहा के सामने दो व्यक्ति एक बाइक में बैठकर पीछे की तरफ से आए और पत्नी के हाथों में रखा रुपयों से भरा झोला छीनकर मंगल बाजार की ओर भाग गए। झोले के अंदर 46 हजार कैश और बैंक पासबुक रखे हुए थे। पैसा लूटने आए दोनों आरोपियों में से एक बाइक चलाने वाले व्यक्ति ने अपने चेहरे में कपड़ा ढका हुआ था।

शिक्षा अधिकारियों की राय पर कलेक्टर ने जताई नाराजगी, मांगा जवाब

मुंगेली/नवप्रदेश। शिक्षा विभाग अंतर्गत विभागीय कामकाज की समीक्षा के दौरान कलेक्टर ने शिक्षा विभाग के अधिकारियों को जमकर फटकार लगाई। नोडल अधिकारी के अनुमोदन के बिना प्राप्त आबंटन एवं व्यय संबंधित जानकारी छुपाने, शिक्षा सत्र में प्राप्त आबंटन का निर्धारित समयावधि में विभागीय दिशा-निर्देशानुसार क्रियान्वयन हेतु किसी भी प्रकार की रूपरेखा तैयार नहीं करने तथा प्राप्त आबंटन का लैप्स होने की स्थिति निर्मित होने पर विभाग के अधिकारियों को कारण बताओ नोटिस जारी की गई।

कलेक्टोरेट में शिक्षा विभाग के कार्यो की समीक्षा के दौरान कलेक्टर राहुल देव ने अधिकारियों से विभिन्न मदों पर प्राप्त राशि के उपयोग के संबंध में विस्तार से जानकारी ली। विभागीय कार्य में रूचि नहीं लेने वाले अधिकारियों को जमकर फटकार लगाई। इसके साथ ही नोडल अधिकारी के अनुमोदन के बिना प्राप्त आबंटन एवं व्यय संबंधित जानकारी छुपाने, शिक्षा सत्र में प्राप्त आबंटन का निर्धारित समयावधि में विभागीय दिशा-निर्देशानुसार

क्रियान्वयन हेतु किसी भी प्रकार की रूपरेखा तैयार नहीं करने तथा प्राप्त आबंटन का लैप्स होने की स्थिति निर्मित होने पर जिला मिशन समन्वयक ओ.पी. कौशिक को कारण बताओ नोटिस जारी किया गया।

कलेक्टर ने स्कूलों में शिक्षकों की शत प्रतिशत उपस्थिति के संबंध में जानकारी ली और कहा कि जो शिक्षक बिना सूचना के अनुपस्थित पाए जाते है, उन पर नियमानुसार कार्यवाही करें। उन्होंने कहा कि नए शिक्षा सत्र से पहले जिले के स्कूलों में सभी चीजें बेहतर हो जाए। स्कूलों में छात्रों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा मिलनी चाहिए, शिक्षा का माहौल अच्छा हो और एक बेहतर वातावरण का निर्माण हो। शिक्षा के क्षेत्र में जिले का नाम टॉप पर आए, इसके लिए सभी संबंधित अधिकारी प्रयास करें। कलेक्टर ने सभी खण्ड शिक्षा अधिकारियों को स्कूलों में समर कैंप के लिए कार्ययोजना बनाने के लिए निर्देशित किया और कहा कि समर कैम्प में डांस, सिंगिंग, चित्रकला सहित विभिन्न गतिविधियों का आयोजन किया जाए। कलेक्टर ने स्वीप कार्यक्रम के तहत मतदाता जागरूकता कार्यक्रम आयोजित कर शत प्रतिशत मतदान के लिए मतदाताओं को जागरूक करने के भी निर्देश दिए।

जिला पंचायत सीईओ श्री प्रभाकर पाण्डेय ने कहा कि सभी अधिकारी आपसी समन्वय स्थापित कर जिले में शिक्षा व्यवस्था को बेहतर बनाने की दिशा में कार्य करें। शिक्षा में नवाचार करते हुए बच्चों का ज्ञानवर्धन करें। समय-समय पर विभागीय बैठक आयोजित कर जो कमी हो, उसे दुरूस्त करें। अगर कोई समस्या हो तो, जिला प्रशासन को अवगत भी कराएं, ताकि समय पर उसका समाधान किया जा सके। इस अवसर पर जिला शिक्षा अधिकारी चन्द्रकुमार घृतलहरे सहित खण्ड शिक्षा अधिकारी और बीआरसी मौजूद रहे।

चोरी की बाइक के साथ दो गिरफ्तार

जांजगीर/नवप्रदेश। पुलिस ने बाइक चोरी के आरोप में दो युवकों को गिरफ्तार किया है। आरोपियों के पास से तीन बाइक बरामद की है। दोनों चोर चोरी गए बाइक को बेचने की फिराक में ग्राहक तलाशने में लगे हुए थे।

वे बाइक बेच पाते इससे पहले पुलिस ने उन्हें पकड़कर जेल भेज दिया है। जांजगीर वार्ड नंबर 19 निवासी शिवनारायण सोनी महाशिव रात्रि पर्व पर पीथमपुर मंदिर दर्शन करने के लिए गए हुए थे। उन्होंने बाइक हीरो स्प्लेंडर प्लस सीजी 11 एम 5835 को मंदिर के आस-पास खड़ा किया था, जिसके चोरी होने पर रिपोर्ट थाना में दर्ज करवाई थी। तिलई निवासी दिलीप कुमार बरेठ की बाइक सेंधवार महादेव मंदिर से बाइक चोरी होने की रिपोर्ट दर्ज करवाई थी।

राशनकार्ड अनेक हितग्राहियों के कार्ड का नवीनीकरण नहीं, असमंजस में लोग

नवीनीकरण होने तक पुराना राशन कार्ड ही मान्य

मुंगेली/नवप्रदेश। जिले भर के राशनकार्ड हितग्राहियों में असमंजस की स्थिति बन गई है। राशनकार्ड में उचित मूल्य की दुकान से राशन मिल पाएगा या नहीं। इसे लेकर खाद्य विभाग के अधिकारियों ने स्पष्ट किया है कि जब तक नया कार्ड हितग्राही को मिल नहीं जाता, तब तक पुराना कार्ड मान्य रहेगा।

लोकसभा चुनाव के कारण आचार संहिता लगते ही जिले में नए राशन कार्ड का वितरण बंद हो गया है। इससे जिले भर के हितग्राहियों में असमंजस की स्थिति बन राशनकार्ड में उचित मूल्य की दुकान से राशन मिल पाएगा या नहीं। इसे लेकर खाद्य विभाग के अधिकारियों ने स्पष्ट किया है कि जब तक नया कार्ड हितग्राही को मिल नहीं जाता, तब तक पुराना कार्ड मान्य रहेगा। जिले में लगभग 2 लाख 18 हजार राशनकार्ड धारियों का नवीनीकरण हुआ था, जिसमें से अधिकांश कार्डो का वितरण नही हो पाया है।

कुछ क्षेत्रों में नए राशन कार्ड का वितरण हो चुका है, परंतु कई जगह का रिकार्ड आनलाईन नहीं हो पाया है। खाद्य निरीक्षक ने बताया कि आचार संहिता के मद्देनजर फिलहाल नए राशनकार्ड का वितरण बंद किया गया है। आचार संहिता हटने के बाद शेष बचे हितग्राहियों को नए राशनकार्ड का वितरण किया जाएगा। आचार संहिता के पहले नवीनीकरण करा चुके हिग्राहियों में कई हितग्राही ऐसे है, जिनका

नया कार्ड बन तो गया है, परंतु वितरण नहीं होने के कारण उन्हें नहीं मिल पाया है। आचार संहिता के एक दिन पहले तक नगरीय निकाय एवं जनपद के सभी कार्यालयों से लेकर वार्ड पार्षद एवं सरपंच कार्यालय में भी नए कार्ड बांटे जा रहे थे, लेकिन आचार संहिता लगने के बाद सभी जगह शिविर बंद कर दिए गए। पार्षद एवं सरपंचों को बतौर सहयोग बांटने के लिए दिए गए नए कार्ड नगरीय निकाय और जनपद ने वापिस लेकर अपने अपने कार्यालय में जमा कर लिए है। इनमें अब उन्हीं हितग्राहियों को नया कार्ड कार्यालयों से मिलेगा, जो अपना पुराना राशन कार्ड जमा करा चुके है। नए राशनकार्ड में राज्य के मुख्यमंत्री व खाद्य मंत्री के अलावा देश के प्रधानमंत्री की फोटो लगी हुई है। इसलिए यह आचार संहिता के दायरे में है, इसे देखते हुए राज्य सरकार ने फिलहाल नए राशनकार्ड का वितरण बंद करा दिया है। इसका वितरण अब आचार संहिता हटने के बाद ही किया जाएगा। खाद्य विभाग ने नगरीय निकाय और जनपद पंचायत को उनकी माँग के अनुसार नए राशन कार्ड पहुँचा दिया गया था और इन संस्थान के माध्यम से राशन का वितरण हितग्राहियों को वितरण किया गया। खाद्य निरीक्षक संदीप पाण्डेय ने बताया कि नया राशनकार्ड जब तक हितग्राही को नहीं मिल जाता, तब तक पुराना राशन कार्ड ही मान्य रहेगा। दुकानदार पुराने राशन कार्ड पर सामान देंगे। हितग्राहियों के पुराने एवं नए राशन कार्ड दोनों के सीरियल नंबर एक ही है, इसलिए राशन देने में किसी भी प्रकार की कोई दिक्कत नहीं है।

नकली देशी शराब बनाने वाला अंतरराज्यीय गिरोह पकड़ाया

मुंगेली/नवप्रदेश। शासकीय देशी शराब की नकल बनाकर देशी प्लेन मदिरा बनाकर बेचने वाले अंतरराज्यीय गिरोह को पकड़ने में पुलिस को सफलता मिली। 208 बल्क लीटर जब्त किया गया।

ग्राम घुठेली के तालाब के समीप पूर्व में शराब भट्टी में काम करने वाला जाकिर खान घुठेलि गांव के नारायण राजपूत के सहयोग से अपने अन्य सहयोगियों के साथ मिलकर शासकीय दुकान में मिलने वाली देशी प्लेन मदिरा जैसी मदिरा बनाकर अन्यत्र बिक्री करता है। सूचना तस्दीक व कार्रवाई हेतु थाना से हमराह स्टाफ को लेकर सूचना स्थल पर जाकर दबिश दिया गया। जिसमें गवाहों के समक्ष आरोपी नारायण राजपूत पिता कमलेश निवासी घुठेली जाकिर खान निवासी हमीरपुर उत्तर प्रदेश, सुरेंद्र कुमार सिंह पिता रतन उम्र 24 वर्ष निवासी हमीरपुर उत्तर प्रदेश, महेंद्र वर्मा साकिन बनवारी उत्तर प्रदेश, राजेंद्र खंडकर निवासी छतरपुर मध्य प्रदेश को अवैध रूप से देशी प्लेन मदिरा बनाते हुए हिरासत में लिए। आबकारी अधिनियम की धारा 34(1) क, 34 (2), 36, 50, 59 (क) ट्रेडमार्क एक्ट 103, 104 एवं 420 465 468 के तहत कार्रवाई करते हुए हिरासत में लेकर विवेचना की जा रही है।

न्यूज गैलरी

मतदाता जागरूकता साइकिल रैली का आयोजन आज

बेमेतरा/नवप्रदेश। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी रणबीर शर्मा के निर्देशानुसार मतदाता जागरूकता को बढ़ावा देने के लिए स्वीप प्लान के तहत 21 मार्च शनिवार को जिला मुख्यालय बेमेतरा में मतदान जागरूकता साइकिल रैली निकाली जाएगी। इस दिन विशेष के महत्व को बहुप्रचारित एवं जन-जन तक पहुंचाने हेतु स्वीप गतिविधियों के अतिरिक्त जिला स्तर एवं मतदान केन्द्र स्तर पर विशेष गतिविधियों का संचालन किया जाना हैं। इस हेतु प्रातः 7 बजे से जयस्तभ चौक बेमेतरा से परशुराम चौक, प्रताप चौक, सिग्नल चौक, बाजार चौक से भारत माता चौक से होते हुए वापस जयस्तंभ तक व्यापक प्रचार प्रसार के लिए साइकिल रैली का आयोजन किया जायेगा। जिसमें एनआरएलएम एवं एनयूएलएम के सभी सदस्यों सहित जिला प्रशासन के अधिकारी कर्मचारी और आम जनता भी शामिल होंगे।

फसल क्षतिपूर्ति बीमा राशि देने किसानों ने सौंपा ज्ञापन

साजा/नवप्रदेश। अंचल में लगातार अनवरत बारिश आंधी तूफान ओला वृष्टि से ओनाहरी फसल चना, गेंहू, सरसों, केला, पपीता को हुए नुकसान को लेकर किसानों ने चिंता व्यक्त करते हुए प्रशासन से क्षतिपूर्ति बीमा राशि देने की मांग संबंधी किसानों के हस्ताक्षर युक्त ज्ञापन कलेक्टर के नाम स्थानीय तहसील कार्यालय में अनुविभागीय अधिकारी राजस्व साजा को सौंप मौसमी मार से फसल नुकसानी का राजस्व कृषि विभाग से सर्वे करवा किसानों को तत्काल बीमा क्षतिपूर्ति राशि देने की मांग की हैं। इस दौरान पूर्व जनपद अध्यक्ष ओम प्रकाश वर्मा, पूर्व समिति अध्यक्ष कृष्णा राठी, रामाधार वर्मा, पूर्व एल्डरमैन जितेंद्र जैन, सरपंच कुमेश्वर यादव, नरेंद्र साहू, परमानंद साहू सहित ग्राम साजा, जाता, डोंगीतराई, परसबोड, माटरा, जगन्नाथपुर ग्रामों के किसान शामिल थे। पूर्व जनपद अध्यक्ष व पूर्व समिति अध्यक्ष ने शासन प्रशासन से किसानों की पूरी तरह बर्बाद फसल का तत्काल मुआवजा राशि देने की मांग की हैं।

कम्प्यूटर सेंटर संचालक ने किया छात्रो से दुर्व्यवहार, शिकायत

खैरागढ़/नवप्रदेश। शहर के सिविललाइन मे संचालित कम्प्यूटर सेंटर के संचालक पर वहाँ अध्ययनरत छात्रो ने दूर्व्यवहार करने का आरोप लगाते कलेक्टर के नाम ज्ञापन सौंप कार्यवाही की मांग की है ।

डॉ. सीवी रमन विवि बिलासपुर से संबंध संस्था आईआईटी इन्सट्यूट में पीजीडीसीए एवं डीसीए वर्ष 20023-24 के छात्रों ने इंस्टीट्यूट के संचालक राजेश देवांगन पर मनमानी का आरोप लगाया है । कलेक्ट्रेट पहुँचे इंस्टीट्यूट के छात्रो ने अपने शिकायत मे बताया कि सभी छात्रछात्राएं पीजीडीसीए और डीसीए की परीक्षा मे आनलाईन माध्यम से शामिल हुए है। सभी छात्रछात्राएं संस्थान के नियमित छात्र है। पीजीडीसीए एवं डीसीए की परीक्षा के बाद आए परिणामों मे सभी परीक्षार्थियों को तीन से चार विषयों में 1-1 अंक बहुत से छात्रों को मिला है। मामले मे संचालक राजेश देवांगन से छात्रो द्वारा जानकारी लिए जाने पर उन्होने पीजीडीसीए एवं डीसीए की परीक्षा तीन से चार विषयों में 1-1 नंबर के संबंध में परीक्षा में सर्वर समस्या होने के कारण विषयों में कम अंक मिलने के संबंध में जानकारी दी । छात्रों ने शिकायत मे बताया कि सभी छात्र दो वर्षो तक संस्थान में नियमित छात्र रहे है। इसके बाद भी संचालक राजेश देवांगन द्वारा परीक्षा में उत्तीर्ण करने छात्रो से अतिरिक्त पैसे की मांग की जा रही है।

लोस चुनाव : बीजेपी-कांग्रेस के अपने-अपने दावे, सच्चाई बिलकुल अलग

■ कहीं समाज में नाराजगी, तो कहीं कार्यकर्ताओं ने बनाई दूरी

गरियाबंद/नवप्रदेश। महासमुंद लोकसभा के चुनाव के महारण के लिए बिंद्रा नवागढ़ में भाजपा व कांग्रेस ने कार्यकर्ता सम्मेलन का आयोजन कर जीत के लिए रणनीति बनाई. 15 साल बाद विधानसभा चुनाव में भाजपा के गढ़ में कांग्रेस की जीत से बड़े नेता मंच पर उत्साहित दिखे, तो इधर भाजपा में भी महिला वंदन और मोदी की गारंटी को लेकर जीत के प्रति प्रत्याशी से लेकर बड़े नेता आश्वस्त नजर आए. लेकिन दोनों पार्टियों के कार्यक्रम में दिखा नजारा आला कमान को सोचने में मजबूर कर देगी. कांग्रेस के सम्मेलन में नहीं पहुंचे कार्यकर्ता

कुर्मीबासा में आयोजित कार्यकर्ता सम्मेलन में भाग लेने दोपहर 12 बजे ओडिसा के रास्ते लोकसभा प्रत्याशी ताम्रध्वज साहू देवभोग पहुंचे, तो कार्यकर्ताओं ने उनका जोरदार स्वागत किया. सम्मेलन में कांग्रेस नेताओं ने विधानसभा की तरह लोकसभा में भी जीत दिलाने के लक्ष्य के साथ काम करने की अपील की. कांग्रेस नेता द्वारिकाधीश ने बिंद्रा नवागढ़ से 40 हजार मतों से बढ़त का दावा कर खल्लारी में भी ऐसी बढ़त बनाने का दावा किया. लेकिन सम्मेलन में सत्ता के समय दिखने वाले कई चेहरे नदारद रहे. यहां तक हजार लोगों की मौजूदगी का दावे के बीच 250-300 कार्यकर्ता ही जुटे थे.

भाजपा प्रत्याशी के कार्यक्रम में नहीं दिखे साहू नेता

वहीं दूसरी ओर भाजपा का विधानसभा स्तरीय कार्यकर्ता सम्मेलन में गोहरापदर में था, देवभोग दौरे के बाद भाजपा प्रत्याशी रूपकुमारी चौधरी गोहरापदर में आयोजित सम्मेलन में पहुंची, यहां राजस्व मंत्री टंकराम वर्मा, पूर्व विधायक डमरूधर पुजारी के साथ जिले-मंडल के कई बड़े पदाधिकारी मौजूद रहे.

लेकिन इस सम्मेलन में सांसद चुन्नी लाल साहू, पूर्व सांसद चंदूलाल साहू, रामकुमार साहू, रामुराम जैसे कई बड़े नेता नहीं दिखे जो चर्चा का विषय बना रहा. इसके अलावा व्यापक प्रचार व पर्याप्त संसाधन के बावजूदबीड़ अपेक्षा से कम रही. सम्मेलन में सिहारलिटी, धारनीधोडा, गुरजीभांठा, डुमरपीटा के कांग्रेसी नेताओं और कार्यकर्ताओं ने भाजपा प्रवेश किया।

आर्सेलर मित्तल कंपनी लाल मिट्टी फरसपाल तालाब में कर रही डंप

■ आदिवासियों की जान से खिलवाड़: किसान नेता संजय पंत

दंतेवाड़ा/नवप्रदेश।दंतेवाड़ा/नवप्रदेश। भारतीय किसान यूनियन के प्रदेश अध्यक्ष संजय पंत ने प्रेस विज्ञप्ति जारी कर कहा कि आर्सेलर मित्तल कंपनी लौह अयस्क के साथ जहरीली लाल मिट्टी को भी मालगाड़ी से ले जाएं। किसान नेता ने कहा कि कंपनी आदिवासी किसानों की उपजाऊ भूमि पर जहरीली लाल मिट्टी डालकर स्थानीय आदिवासियों की जान के साथ खिलवाड़ कर रही है।

आर्सेलर मित्तल कंपनी द्वारा विगत वर्षों में भी जहरीली लाल मिट्टी को मांई जी की पावन बगिया एवं नदी तट पर समतलीकरण के नाम पर भारी भरकम टिप्परों के माध्यम से किरंदुल से लाकर डालने की कोशिश की थी। इस बार आर्सेलर मित्तल कंपनी एवं लालची ठेकेदारों की नजर जहरीली लाल मिट्टी डालने के लिए फरसपाल एवं टेकनार जैसे ग्रामीण आदिवासी किसानों की

फसल देने वाली जमीनों पर है। किसान नेता संजय पंत ने कहा कि आर्सेलर मित्तल कंपनी द्वारा किरंदुल से जहरीली लाल मिट्टी को अन्य जगहों पर लाकर डालने का काम स्थानीय राजनेताओं एवं जिला प्रशासन की अनुमति के बिना संभव नहीं है। जहरीली लाल मिट्टी को ग्रामीण आदिवासी किसानों की उपजाऊ भूमियों पर डालने के इस खेल में कंपनी, लालची ठेकेदार, स्थानीय राजनेता एवं जिला प्रशासन की भूमिका शक के घेरे में हैं। ग्राम पंचायत एवं ग्राम सभा की बैठकों एवं अनुमति की दुहाई देकर अनैतिक काम करवाने वाले जिला प्रशासन के अधिकारियों को यह सोचना चाहिए कि दुनिया का ऐसा कौन सा इंसान होगा जो अपने ही गांव एवं घर में जहरीली लाल मिट्टी दफन करवा कर अपने एवं अपने परिवार के जान के साथ खिलवाड़ करेगा। गरीबी एवं कुपोषण की मार झेल रही आदिवासी जनता यदि जहरीले लाल मिट्टी की चपेट में आकर अपनी जान गवाएगी तो इसका जिम्मेदार कौन होगा।

भाजपा कर रही आदिवासियों की जान से खिलवाड़

इसने यह बात साबित कर दिया है कि आदिवासियों की जान की कीमत कांग्रेस एवं भाजपा दोनों के ही शासन काल में शून्य के बराबर है लेकिन अंतर सिर्फ इतना है कि भाजपा शासन काल में आदिवासी मुख्यमंत्री के हाथों ही आदिवासियों की जान के साथ खिलवाड़ किया जा रहा है। हेलीकॉप्टर से उड़कर आने वाले एवं जिला मुख्यालय घूम कर वापस लौट जाने वाले मुख्यमंत्री से आदिवासी जनता यह सवाल करती है की क्या इसीलिए उन्होंने अपना कीमती वोट देकर भाजपा को राज्य की सत्ता सौंपी थी।

सीएम हाउस में डंप करेंगे लालमिट्टी भारतीय किसान यूनियन इस प्रेस विज्ञप्ति के माध्यम से मुख्यमंत्री एवं दंतेवाड़ा जिला प्रशासन को यह आगाह करता है।

मतदान में बाधा दूर करने पुलिस चुन-चुनकर नक्सलियों का कर रही खात्मा

जगदलपुर/नवप्रदेश। लोकसभा चुनाव से ठीक पहले छत्तीसगढ़ सहित नक्सल प्रभावित राज्य संयुक्त रूप से नक्सल प्रभावित क्षेत्रों पर मॉनिटरिंग कर रहे हैं और इसका असर भी दिखाई देने लगा है. महाराष्ट्र और छत्तीसगढ़ की सीमा पर 36 लाख रुपए के 4 इनामी नक्सली मारे जा चुके हैं.

बता दें कि ये सभी तेलंगाना स्टेट कमेटी के नक्सली थे और छत्तीसगढ़ एवं महाराष्ट्र के अलग-अलग क्षेत्रों पर लोकसभा चुनाव के दौरान उत्पाद मचाने रणनीति बना रहे थे. दंतेवाड़ा में मुठभेड़ में 1 महिला और 1 पुरुष नक्सली मारा गए हैं. दंतेवाड़ा और बीजापुर जिले के सीमावर्ती क्षेत्र पुरंगेल में पुलिस का सर्च अभियान लगातार नक्सली प्रभावित क्षेत्रों में जारी है.पहले चरण में छत्तीसगढ़ में बस्तर में मतदान होगा और यह मतदान पूरी तरह शांतिपूर्ण हो इसके लिए रणनीति के तहत पुलिस अंतरराष्ट्रीय स्तर पर सीमाओं पर नजर बनाए हुए हैं और इंटेलिजेंस सजक हो रही है. इसके आधार पर माओवादी उन्मूलन के लिए अलग-अलग राज्यों में तैयार किए गए स्पेशल फोर्स व पैरामिलिट्री फोर्स के संयुक्त ऑपरेशन जारी हैं. चुनावी प्रचार में जाने वाले नेताओं के लिए एरिया डोमिनेशन की तैयारी भी बस्तर पुलिस कर रही है. लोकतंत्र के विरोधी नक्सली अमूमन चुनाव को प्रभावित करने की कोशिश करते हैं. यही वजह है कि इन दिनों नक्सलियों का उत्पात चरम पर चल रहा है. हालांकि, फ़ोर्स की मूवमेंट अधिक होने की वजह से नक्सलियों को भारी नुकसान उठानी पड़ रही है।

मोदी सरकार ने कंपनियों पर ईडी-सीबीआई से छापा मरवाकर पार्टी के लिए चंदा वसूला : कुलबीर

राजनांदगांव/नवप्रदेश। केन्द्र की नरेन्द्र मोदी सरकार एवं भारतीय जनता पार्टी के इलेक्ट्रोरल बांड घोटाला और छत्तीसगढ़ के पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल पर ईओडब्ल्यू में दर्ज कराये गए एफआईआर को लेकर प्रदेश कांग्रेस कमेटी के निर्देशानुसार 20 मार्च बुधवार को शहर एवं जिला कांग्रेस अध्यक्ष कुलबीर सिंह छाबड़ा व ग्रामीण कांग्रेस अध्यक्ष भागवत साहू द्वारा संयुक्त प्रेसवार्ता लेकर भाजपा सरकार की कथनी और करनी को उजागर किया।

प्रेसवार्ता में जानकारी देते हुए शहर जिला कांग्रेस अध्यक्ष कुलबीर सिंह छाबड़ा ने कहा कि केन्द्र की मोदी सरकार द्वारा तानाशाही रवैये अपनाते हुए व्यवसायिक संस्थानों को केन्द्रीय एजेंसियों के माध्यम से डरा-धमकाकर गलत कार्यवाही करवा कर इलेक्ट्रोरल बांड के माध्यम से वसूली करवाया। इलेक्ट्रोरल बांड से संबंधित जो जानकारी सामने आई है, उससे साफ हो गया इलेक्ट्रोरल बांड मोदी सरकार द्वारा भाजपा को फायदा पहुंचाने के लिए लाया गया था। यह देश का अब तक का सबसे बड़ा चुनावी चंदा घोटाला है। जिन कंपनियों के माध्यम से मोदी सरकार ने घूस भी वसूला। जिन कंपनियों ने भाजपा को चुनावी चंदा दिया, उनको हजारों-करोड़ रूपए के ठेके दिये गये। जिन कंपनियों ने भाजपा को चंदा दिया, उनके खिलाफ मनीलांड्रिंग की कार्यवाही मोदी सरकार ने रोकवा दिया।पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के खिलाफ ईडी के पत्र के आधार पर ईओडब्ल्यू के द्वारा लिखी गई एफआईआर पर कांग्रेस ने सवाल खड़ा किया है।

होलिका दहन की रात महादेव के दर्शन से होती है मनोकामना पूर्ण

होलिका दहन की रात को विख्यात मोहदेश्वर धाम मोहदा में लगता है मेला

धरसींवा/तरपोंगी/नवप्रदेश। धरसींवा के मोहदा गांव में हर साल होली की रात को भव्य मेला लगता है। महर्षि मार्कण्डेय की तपोभूमि के रूप में विख्यात मोहदेश्वर धाम मोहदा में छत्तीसगढ़ का एकमात्र ऐसा शिव मंदिर है, जहां हर साल होलिका दहन की रात को मेले का आयोजन होता है। यहां विराजित स्वयंभू शिवलिंग का दर्शन, पूजन करने के लिए हर साल भक्तों की भीड़ उमड़ती है। होलिका दहन की रात जब लोग होली की मस्ती में झूम रहे होते हैं। दूसरी ओर उसी रात को मोहदा के मोहदेश्वर धाम में शिवलिंग का दर्शन करने भक्तों का तांता लगा रहता है।

जब होलिका दहन की रात्रि को शिव मंदिर का पट खोला जाता है। शिवलिंग की पूजा-अर्चना करने लोगों का सैलाब उमड़ता है। यहां आदिकाल से ही होलिका दहन की रात शिव मेला का आयोजन होता आ रहा है। रायपुर से 30 किलोमीटर की दूरी पर रायपुर-बिलासपुर मुख्य मार्ग में तरपोंगी से लगा हुआ मोहदा का यह प्राचीन शिव मंदिर पूरे छत्तीसगढ़ मे विख्यात है। जहां छत्तीसगढ़ के कोने-कोने से शिव भक्त बड़ी संख्या मे पहुंचते हैं और यहां होलिका दहन करने के बाद यहां के रानीसागर तालाब में स्नान कर शिवलिंग की पूजा-अर्चना कर दुग्धाभिषेक, रूद्राभिषेक और जलाभिषेक करते है।

ग्रामीणों की मानें तो यह शिवलिंग करीब 200 साल पहले का है। यहां हर तरह मनोकामना पूरी होती है। इसके लिए भक्त विभिन्न जिलों और प्रांतों से आते हैं और शिवलिंग का महाभिषेक करतें है। यह छत्तीसगढ़ का इकलौता शिवमंदिर है, जहां होलिका दहन की रात को मेला लगता है। इसलिए इनकी प्रसिद्धि आज पूरे प्रदेश भर में है। हर साल लोग यहां आने के लिए होली का इंतजार करते हैं।

तीन बार स्वरूप बदलता है शिवलिंग

कहा जाता है कि, भू-फोड़ शिवलिंग साल में तीन बार अपना रूप बदलता है। हर चार माह में काले, भूरे और खुरदुरे स्वरूप में अपना रूप बदलता है। जो अपने आप में अनूठा है। जानकारों की मानें तो होलिका दहन की रात शिवलिंग का दर्शन करना काफी फलदायी माना जाता है। शायद इसी कारण छत्तीसगढ़ के विभिन्न हिस्सों और छत्तीसगढ़ के बाहर के राज्यों से भी हर साल बड़ी संख्या में श्रद्धालु यहां आते हैं।

माहेश्वरी महिला मंडल ने मनाया होली उत्सव फैंसी ड्रेस एवं डांस का विशेष आयोजन

राजनांदगांव/नवप्रदेश। स्थानीय माहेश्वरी भवन में महिला मंडल द्वारा इस वर्ष होली उत्सव कार्यक्रम में फैंसी ड्रेस और डांस का प्रोग्राम आयोजित किया गया। फैंसी ड्रेस का थीम देश की महान नारियों के रूप में प्रस्तुति देनी थी, जिसमें महिला मंडल के सभी आयु वर्ग से महिलाओं ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। सीनियर ग्रुप में अमिता मूंदड़ा-द्रौपदी, राधा लड्ढा-अहिल्या बाई होलकर, अनुपम सदानी-सरोजिनी नायडू, सरला राठी-झांसी की रानी, वहीं जूनियर ग्रुप में बिंदु बागनी-तीजन बाई, गीतिक चितलांगिया-स्मृति ईरानी, सोनल लड्ढा-सावित्री बाई फुले, प्रियंका भट्टर-झांसी की रानी, वसुधा लड्ढा-वंदनी माता भगवती देवी और कुसुम गांधी-किरण बेदी की वेशभूषा में प्रस्तुति दी, जिसमें सीनियर ग्रुप में राधा लड्ढा को प्रथम, अमिता मूंदड़ा को द्वितीय एवं

जूनियर ग्रुप में वसुधा लड्ढा प्रथम एवं बिंदु बागानी और सोनल लड्ढा को द्वितीय पुरस्कार मिला। राधा कृष्ण थीम नृत्य में तोशिका बागानी एवं कुसुम गांधी को विशेष पुरस्कार मिला। साथ ही होली थीम में आई पिंकी धूत को होली मीन का पुरस्कार मिला।अध्यक्ष दीपा बागड़ी, सचिव अनिता चितलांग्या, कोषाध्यक्ष सीमा डागा द्वारा फूलों की वर्षा सहित गुलाल से रंग लगाकर महिला मंडल को होली पर्व की बधाई दी। कार्यक्रम की रूपरेखा एवं संचालन सांस्कृतिक मंत्री रुपाली गांधी द्वारा किया गया।

निर्वाचन कार्य सुचारू संचालन में प्रशिक्षण का विशेष महत्व

कवर्धा/नवप्रदेश। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्री जनमेजय महोबे की अध्यक्षता में लोकसभा निर्वाचन 2024 के लिए मास्टर ट्रेनरों की बैठक सह प्रशिक्षण जिला कार्यालय के सभाकक्ष में आयोजित की गई। जिले में दोनों विधानसभा के लिए 24 मास्टर ट्रेनर नियुक्त किए गए है। इनमें कवर्धा विधानसभा के लिए 12 और पंडरिया के लिए 12 मास्टर ट्रेनर की नियुक्ति की गई है जो मतदान दलों को प्रशिक्षण देंगे। बैठक सह प्रशिक्षण में जिला पंचायत सीईओ एवं नोडल अधिकारी प्रशिक्षण श्री संदीप कुमार अग्रवाल, अपर कलेक्टर श्री अविनाश भोई, उप जिला निर्वाचन अधिकारी एवं डिप्टी कलेक्टर श्रीमती गीता

रायस्त, सहायक संचालक श्री एमके गुप्ता सहित मास्टर ट्रेनर उपस्थित थे।

कलेक्टर श्री जनमेजय महोबे ने कहा कि निर्वाचन से जुड़ी हर एक कड़ी महत्वपूर्ण है। प्रशिक्षण में बताएं जा रहे पहलुओं और बारिकीयों को बेहद गंभीरता और संवेदनशीलता से ले। उन्होंने कहा कि निर्वाचन कार्य के सुचारू संचालन और अबाधित रूप से संपन्न कराने के लिए प्रशिक्षण का विशेष महत्व होता है। जिला स्तरीय मास्टर ट्रेनर द्वारा बताएं जा रहे सभी बातों को गंभीरता से सुने, इसके बाद सभी आदेशों और निर्देशों सहित मतदान समाग्री के रवानगी से लेकर समाग्री जमा करने की सभी प्राक्रिया को मतदान दलों को विस्तार से समझाएं। उन्होंने कहा कि महिला कर्मचारियों को विशेष रूप से प्रशिक्षण प्रदान किया जाए। स्वत्रंत, निष्पक्ष एवं शांतिपूर्ण निर्वाचन के लिए त्रुटि रहित मतदान जरूरी है। जिला पंचायत सीईओ श्री संदीप कुमार अग्रवाल ने सभी मास्टर ट्रेनर को गंभीरता के साथ प्रशिक्षण प्राप्त करते हुए प्रत्येक बिंदू पर स्पष्टता से निर्वाचन में लगे अधिकारियों को प्रशिक्षण देने के लिए निर्देश दिए।

जो समर्पण भाव से लगातार मेहनत करता है, उसे सफलता जरूर मिलती है : डा. साहिल

राजनांदगांव/नवप्रदेश।है कौन विध्न ऐसा जग में, टिक सके वीर नर के मग में, खम ठोक ठेलता है जब नर, पर्वत के जाते पांव उखड़, मानव जब जोर लगाता है, पत्थर पानी बन जाता है...राष्ट्र कवि रामधारी सिंह दिनकर की कविता की ये पंक्तियां डॉ. साहिल यादव पर बिल्कुल सटीक बैठती है। अपनी दूरदर्शिता और कुशल नेतृत्व से उन्होंने राहुल ट्रेवल्स वन वे टैक्सी प्राण् लिमिटेड की स्थापना की और ट्रैवल इंडस्ट्री में एक नई क्रांति ला दी है। उन्होंने अपनी मेहनत के दम पर शून्य से संभावनाओं का सृजन कर इस कंपनी को 200 करोड़ टर्नओवर तक पहुंचाया हैं। मध्य भारत में अपनी सेवाओं के लिए उत्कृष्ट स्थान रखने वाला राहुल ट्रेवल्स मजबूत आधार के साथ भारत में अग्रणी वन-वे कार रेंटल सेवा प्रदाता है।

मीडिया को राहुल ट्रेवल्स के डायरेक्टर डॉ. साहिल यादव ने बताया कि राहुल ट्रेवल्स, टैक्नोलॉजी और ट्रस्ट (विश्वास) के आधुनिक संयोजन के साथ न केवल आपकी यात्रा को आसान बनाता है, बल्कि भारत की एकमात्र सर्विस भी है जो आपकी आवश्यकताओं के अनुरूप है। 2 लाख से अधिक मूल्यवान ग्राहकों के साथ, वे छत्तीसगढ़, मध्य प्रदेश, झारखंड और अन्य मेट्रो शहरों में अपनी सेवाएं प्रदान कर रहे हैं। राहुल ट्रेवल्स कैब बुकिंग सेवा प्रदान करता है। डॉ. साहिल यादव ने बताया कि राहुल ट्रेवल्स वन वे टैक्सी प्रा. लि. ने पहले 5 वर्षों तक नो प्रॉफिट नो लॉस में काम किया। हमने सूचना प्रौद्योगिकी का उपयोग करके एक मजबूत प्रणाली का निर्माण किया।

मॉनिटरिंग समिति के सदस्यों ने लिया प्रशिक्षण

कवर्धा/नवप्रदेश। लोकसभा निर्वाचन के संबंध में कलेक्टर के निर्देशन में कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में जिला स्तरीय मीडिया अनुप्रमाणन एवं मॉनिटरिंग समिति एवं एमसीएमसी कमेटी के सदस्यों को प्रशिक्षण दिया गया। मास्टर ट्रेनर्स ने समिति के सदस्यों को प्रिंट, इलेक्ट्रॉनिक एवं सोशल मीडिया के लिए भारत निर्वाचन आयोग के मार्गदर्शी बिन्दुओं के अनुरूप आदर्श आचार संहिता, राजनीतिक विज्ञापन, पेड न्यूज, सोशल मीडिया आदि के माध्यम से प्रचार प्रसार के लिए मापदंड की विस्तारपूर्वक जानकारी दी गई। साथ ही मीडिया प्रमाणन के संबंध में सर्वोच्च न्यायालय व निर्वाचन आयोग के निर्देश, प्रमाणन के आधार, समिति का अधिकार क्षेत्र, मीडिया प्रमाणन की आवश्यकता, मीडिया निगरानी, पेड न्यूज, फेक न्यूज सहित अन्य विषय पर जानकारी दी गई।

अनदेखी | हादसों के बाद भी जिम्मेदार नहीं ले रहे एक्शन

हाईटेंशन लाइन के नीचे धड़ल्ले से चल रहा अवैध निर्माण

धरसींवा/नवप्रदेश। रायपुर से लगे धरसींवा इलाके में हाईटेंशन विद्युत लाइन के नीचे सरकारी जमीन पर अवैध निर्माण का सिलसिला थमने का नाम नहीं ले रहा है. दर्जनों घटनाओं के बावजूद शासन प्रशासन की ओर से ठोस कदम न उठाएं जाने से गुरुवार को फिर एक हादसा हो गया. जिसमें एक मजदूर हाईटेंशन की चपेट में आने से बुरी तरह झुलस गया.

सांकरा में प्रधानमंत्री ग्राम सड़क और स्कूल की बाउंड्री के बीच की लगभग दस बारह फीट की सरकारी जमीन में हाईटेंशन तार के नीचे दो मंजिला पक्की दुकान का निर्माण चल रहा था. वहीं छत ढलाई की तैयारी के दौरान ही एक ठेका श्रमिक छत से लगभग एक फीट ऊपर मौजूद हाईटेंशन की चपेट में आ गया और बुरी तरह झुलस गया.

गनीमत रही कि हाईटेंशन में लोहा टकराते ही तारों में विद्युत प्रवाह बंद हो गया. ठेकेदार गुपचुप तरीके से गंभीर रूप से झुलसे श्रमिक को उपचार के लिए अस्पताल में ले गया. इधर ग्राम पंचायत सरपंच प्रतिनिधि और विद्युत विभाग सिलतरा डिवीजन के जेई का कहना है कि उनकी तरफ से नोटिस देने के बावजूद लोग हाईटेंशन के नीचे सरकारी जमीन पर निर्माण करते रहते हैं. सांकरा की घटना कोई नई घटना नहीं है इसके पहले भी निमोरा मार्ग पर हाईटेंशन के नीचे मकान निर्माण के दौरान एक श्रमिक करेंट की चपेट में आया था. मुख्ययालय धरसींवा में महीने भर पहले बिजली ऑफिस के समीप ही हाईटेंशन के नीचे मकान निर्माण के दौरान श्रमिक दिनेश वर्मा की मौत हो चुकी है.

गौरेया दिवस पर लिया बचाने का संकल्प

खैरागढ़/नवप्रदेश। शासकीय प्रा शा नवागांव कला में गौरैया दिवस शिक्षको और छात्रो की उपस्थिति में मनाया गया । बच्चों को कई वीडियो दिखाकर गौरैया के संरक्षण के लिए प्रेरित किया। गौरेया दिवस पर छात्रों के बीच चित्रकला, निबंध लेखन का आयोजन हुआ । छत्तीसगढ़ की संस्कृति के अनुरूप चिरई, चुरागुन, धान की बोलियां से झालरें बना उनके लिए पेड़ों पर लटकाया गया। उनके लिए पानी की व्यवस्था अपने-अपने घर के छत पर आंगन में करने का संकल्प लिया । घरों में बने घोसलों को न तोड़ने की समझाइश शिक्षको ने दी । कार्यक्रम में ब%चों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया। प्रधान पाठक सुनीता ठाकुर द्वारा के संयोजन मे आयोजित गौरैया दिवस पर गंगा यादव एवं नैन वर्मा द्वारा ब%चों को गौरैया से जूड़ी प्रेरणादायक जानकारी दी गई ।

आरबीआई ने बैंकों, एनबीएफसी के संगठनों के लिए जारी किए नए नियम

मुंबई। आरबीआई ने बैंकों, एनबीएफसी और हाउसिंग फाइनेंस कंपनियों जैसी अपनी विनियमित संस्थाओं के लिए स्व-नियामक संगठनों (एसआरओ) को मान्यता देने के लिए एक व्यापक ढांचा जारी किया।

यह एसआरओ ढांचा व्यापक उद्देश्यों, कार्यों, पात्रता मानदंड और शासन मानकों को निर्धारित करता है, जो सभी एसआरओ के लिए समान होगा, चाहे वह किसी भी क्षेत्र का हो।यह ढांचा रिज़र्व बैंक द्वारा मान्यता प्रदान करने के लिए एसआरओ द्वारा पालन किए जाने वाले व्यापक सदस्यता मानदंड और अन्य नियम एवं शर्तें भी निर्धारित करता है।रूपरेखा में कहा गया है कि एक एसआरओ से अपेक्षा की जाती है कि वे जिस क्षेत्र का प्रतिनिधित्व करते हैं, उसकी बेहतरी के लिए व्यापक उद्देश्यों के एक सेट का पालन करें, उन्नति को बढ़ावा दें और व्यापक वित्तीय प्रणाली के भीतर महत्वपूर्ण उद्योग चिंताओं को संबोधित करें। विशेष रूप से, एक एसआरओ से निम्नलिखित उद्देश्यों को प्राप्त करने की उम्मीद की जाती है- प्रगतिशील प्रथाओं और सम्मेलनों को प्रोत्साहित करके अपने सदस्यों के बीच अनुपालन की संस्कृति को बढ़ावा देना। विशेष रूप से क्षेत्र की छोटी संस्थाओं को मार्गदर्शन और समर्थन देने पर विशेष ध्यान दिया जाना चाहिए। देश में रिज़र्व बैंक, सरकारी प्राधिकरणों या अन्य नियामक और वैधानिक निकायों के साथ जुड़ाव में अपने सदस्यों की सामूहिक आवाज़ के रूप में कार्य करें। नीति-निर्माण में सहायता के लिए प्रासंगिक क्षेत्रीय जानकारी एकत्र करें और रिज़र्व बैंक के साथ साझा करें।अनुपालन और स्वशासन के उच्चतम मानकों को सुनिश्चित करते हुए नवाचार को प्रोत्साहित करने के लिए क्षेत्र के भीतर अनुसंधान एवं विकास की संस्कृति को प्रोत्साहित करें।आरबीआई ने यह भी कहा कि मौजूदा एसआरओ जिन्हें पहले ही मान्यता मिल चुकी है, वे उन नियमों और शर्तों द्वारा शासित होते रहेंगे जिनके तहत उन्हें मान्यता दी गई थी, जब तक कि यह ढांचा विशेष रूप से ऐसे एसआरओ तक विस्तारित नहीं किया जाता है।

मिंत्रा बर्थडे ब्लास्ट के पहले संस्करण में आए 29 करोड़ विजिटर, उभरती श्रेणियों में रही ज्यादा मांग

नई दिल्ली। भारत के पसंदीदा फैशन, ब्यूटी और लाइफस्टाइल डेस्टिनेशन्स में से एक मिंत्रा के 17वें स्थापना दिवस पर आयोजित मिंत्रा बर्थडे ब्लास्ट (एमबीबी) में 29 करोड़ से अधिक विजिटर्स आये। एमबीबी 10 मार्च को संपन्न हुआ।

एमबीबी के पहले संस्करण में छह हजार से अधिक ब्रांडों की 29 लाख से अधिक स्टाइल्स की पेशकश की गई थी। इस आयोजन के दौरान 50 से अधिक नए ब्रांडों ने मिंत्रा के स्टाइल्स की विस्तृत श्रृंखला में अपने संग्रह को लॉन्च किया, जिससे दुनिया भर के नवीनतम रुझानों के साथ खरीदारों तक पहुंच संभव हो सकी। एमबीबी की सफलता कई उभरती श्रेणियों में लोगों की ज्यादा दिलचस्पी से प्रेरित थी, जिसमें घड़ियां और वीयरेबल्स, सौंदर्य और व्यक्तिगत देखभाल (बीपीसी), जूते, घरेलू सामान और लगेज एंड ट्रेवल एक्सेसरीज (एलटीए) खंड शामिल हैं।पुरुषों के कैज़ुअल और विशेष मौकों के परिधान, वर्क वियर, महिलाओं के पश्चिमी और भारतीय परिधान सहित मिंत्रा के समृद्ध भंडार से घड़ियां और वीयरेबल्स, सौंदर्य और व्यक्तिगत देखभाल (बीपीसी), जूते, घरेलू सामान और लगेज एंड ट्रेवल एक्सेसरीज (एलटीए) में भी लोगों की काफी दिलचस्पी रही।इस कार्यक्रम में नाइके, एचएंडएम, केल्विन क्लेन और मैंगो सहित अन्य उल्लेखनीय ब्रांडों के सीज़न के नवीनतम संग्रह की मांग में वृद्धि देखी गई।इस मंच पर प्रीमियम और ट्रेंडी फैशन की सराहना करने वाले समझदार ग्राहक भी आए। फ़ैशन-फ़ॉरवर्ड ग्राहकों ने जीएएनटी, फॉरएवर न्यू और केल्विन क्लेन जीन्स सहित अंतर्राष्ट्रीय ब्रांडों के ताज़ा और ट्रेंडी कलेक्शन की खरीदारी की।कार्यक्रम के दौरान जिन अन्य ब्रांडों की लोकप्रियता बढ़ी, उनमें चांदबाली, न्यू बैलेंस, प्यूमा, बीरकेनस्टॉक, एएलडीओ, विक्टोरिया सीक्रेट्स बॉडी केयर, गेस, फॉसिल और कैसियो शामिल हैं।

महिंद्रा ने ईवी चार्जिंग इन्फ्रा के विस्तार के लिए अदाणी टोटल एनर्जी के साथ किया करार

मुंबई। प्रमुख एसयूवी निर्माता महिंद्रा एंड महिंद्रा ने देश में ईवी चार्जिंग बुनियादी ढांचे के विस्तार के लिए अदाणी टोटल एनर्जी ई-मोबिलिटी लिमिटेड (एटीईएल) के साथ एक समझौता ज्ञापन (एमओयू) पर हस्ताक्षर करने की घोषणा की। कंपनी ने कहा, महिंद्रा और अदाणी टोटल गैस लिमिटेड की पूर्ण स्वामित्व वाली सहायक कंपनी एटीईएल के बीच समझौता ज्ञापन देशभर में एक विस्तृत ईवी चार्जिंग बुनियादी ढांचे के निर्माण के लिए एक रोडमैप निर्धारित करता है। इस सहयोग के साथ एक्सयूवी400 ग्राहकों को अब ब्लूसेंस+ ऐप पर 1,100 से ज्यादा चार्जर तक पहुंच मिलेगी, जिससे महिंद्रा ईवी मालिकों के लिए इलेक्ट्रिक वाहन चार्जिंग की सुविधा और पहुंच में काफी वृद्धि होगी।

समझौता ज्ञापन में कहा गया है, यह सहयोग भारत के महत्वाकांक्षी जलवायु कार्रवाई लक्ष्यों के अनुरूप हरित और अधिक टिकाऊ भविष्य के निर्माण की दिशा में एक बड़ी छलांग का प्रतीक है। एमएंडएम लिमिटेड (ऑटोमोटिव डिवीजन) के अध्यक्ष विजय नाकरा ने कहा, यह गठबंधन ईवी चार्जिंग बुनियादी ढांचे को बढ़ाने में आधारशिला है, जो यह सुनिश्चित करता है कि हमारे ग्राहक एक अद्वितीय ईवी अनुभव के लिए चार्जिंग नेटवर्क और डिजिटल एकीकरण तक बिना रुकावट पहुंच का आनंद लें। अदाणी टोटल गैस लिमिटेड के कार्यकारी निदेशक और सीईओ सुरेश पी. मंगलानी ने कहा, ईवी क्षेत्र में अदाणी टोटल गैस लिमिटेड के पदचिह्न का विस्तार करने की दिशा में यह एक और कदम है। चार्जिंग बुनियादी ढांचे के लिए एमएंडएम के साथ सहयोग से कंपनी का भरोसा बढ़ेगा, जिससे ग्राहक ऊर्जा परिवर्तन के हिस्से के रूप में ईवी प्रौद्योगिकी को अपनाएंगे।

यात्रियों को बड़ी राहत! होली को लेकर रेलवे ने किया 540 स्पेशल ट्रेनें चलाने का ऐलान

नई दिल्ली। होली के त्योहार को देखते हुए ट्रेनों में यात्रियों की भारी आमद देखने को मिल सकती है। कई बार इससे ट्रेन में स्थिति बेकाबू भी हो जाती है, लेकिन इस बार ऐसी स्थिति पैदा ना हो, इसके लिए रेल मंत्रालय ने पूरी तैयारी कर ली है। रेलवे ने 540 अतिरिक्त ट्रेनें चलाने का फैसला किया है, जिससे यात्रियों की भीड़ को नियंत्रित किया जा सके।

दिल्ली-पटना, दिल्ली-भागलपुर, दिल्ली-मुजफ्फरपुर, दिल्ली-सहरसा, गोरखपुर-मुंबई, कोलकाता-पुरी, गुवाहाटी-रांची, नई दिल्ली-श्री माता वैष्णो देवी जैसे रेलवे मार्गों पर देश भर के प्रमुख स्थलों को जोड़ने के लिए ट्रेनें चलाई जाएंगी। आधिकारिक बयान के अनुसार, पिछले साल की तुलना में इस त्योहारी सीजन के लिए 219 अधिक सेवाएं जोड़ी गई हैं।

अनारक्षित डिब्बों में यात्रियों के व्यवस्थित प्रवेश के लिए रेलवे सुरक्षा बल (आरपीएफ) कर्मचारियों की देखरेख में टर्मिनस स्टेशनों पर कतारें बनाकर भीड़ को नियंत्रित करने के उपाय सुनिश्चित किए जा रहे हैं।

यात्रियों की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए प्रमुख स्टेशनों पर अतिरिक्त आरपीएफ जवानों को तैनात किया गया है। ट्रेनों का सुचारू संचालन सुनिश्चित करने के लिए प्रमुख स्टेशनों पर अधिकारियों को आपातकालीन ड्यूटी पर तैनात किया गया है। ट्रेन सेवा में किसी भी व्यवधान को प्राथमिकता के आधार पर दूर करने के लिए विभिन्न अनुभागों में कर्मचारियों को तैनात किया गया है। बयान में कहा गया है कि प्लेटफॉर्म नंबरों के साथ ट्रेनों के आगमन/प्रस्थान की लगातार और समय पर घोषणा के लिए भी उपाय किए गए हैं।

ब्रेन-चिप की मदद से व्यक्ति ने खेला वीडियो गेम, एलन मस्क ने शेयर किया वीडियो

नई दिल्ली। टेस्ला और स्पेसएक्स के सीईओ एलन मस्क ने एक वीडियो क्लिप शेयर की। वीडियो में एक व्यक्ति को न्यूरालिंक ब्रेन चिप की मदद से सिर्फ सोचते हुए वीडियो गेम खेलते देखा गया। एलन मस्क ने एक्स अकाउंट पर क्वाड्रिप्लेजिक पेशेंट नोलैंड आर्बाघ का एक वीडियो शेयर किया, जिसमें वह सिर्फ अपने दिमाग से वीडियो गेम और शतरंज खेलते दिख रहे हैं। वह ऑनलाइन शतरंज बोर्ड पर कंप्यूटर माउस को एक तरफ से दूसरी तरफ घुमाने में भी सफल रहे। एलन मस्क ने नोलैंड के गेम खेलने की लाइव स्ट्रीम के बारे में जानकारी शेयर करते हुए लिखा, न्यूरालिंक का लाइवस्ट्रीम, 'टेलीपैथी' का प्रदर्शनज कंप्यूटर को कंट्रोल करना और सिर्फ सोच कर वीडियो गेम खेलना। एक फॉलोअर ने कमेंट किया, यह देखना बहुत अच्छा लगा। आप चीजों को फिर से नियंत्रित करने में सक्षम होने में उसकी खुशी देख सकते हैं। यह तब होता है जब साइंस बहुत अच्छे से काम करता है!पिछले महीने एलन मस्क ने कहा था, उनकी ब्रेन-कंप्यूटर इंटरफेस कंपनी न्यूरालिंक से ब्रेन चिप प्रत्यारोपित किया गया।

अल्ट्राटेक यूनिट ने ग्रामीण हाट को दिया नया जीवन

बैकुंठ सीमेंट वर्क्स द्वारा तैयार बेहतरीन इंफ्रास्ट्रक्चर से ग्रामीणों को लाभ, 80 से अधिक किसानों ने उचित दामों पर बेची अपनी उपज

रायपुर। छत्तीसगढ़ में रायपुर के पास स्थित अल्ट्राटेक सीमेंट की इंटीग्रेटेड मैन्यूफैक्चरिंग यूनिट बैकुंठ सीमेंट वर्क्स ने नेशनल बैंक फॉर एग्रीकल्चर एंड रूरल डेवलपमेंट (नाबार्ड) और ग्राम पंचायत बहेसर के सहयोग से यूनिट के पास बहेसर गांव में एक हाट (ग्रामीण बाजार) को पुनर्जीवित किया है । इस हाट ने न सिर्फ छोटे किसानों को उनकी उपज सीधे ग्रामीणों को उचित दामों पर बेचने में मदद की, बल्कि बिचौलियों कि आवश्यकता को कम कर ग्रामीणों को स्थायी आजीविका प्राप्त करने में मदद किया ।

भारत सरकार के कृषि, सहकारिता और किसान कल्याण विभाग ने 'एग्रीकल्चर मार्केटिंग एंड रोल ऑफ वीकली ग्रामीण हाट' पर स्थायी कृषि समिति (2018-2019) की 62वीं रिपोर्ट में कहा था कि, ग्रामीण क्षेत्रों में हाट किसानों को अपना टोटल मार्केटेबल सरप्लस का 90त्न बेचने के लिए एक फर्स्ट मीटिंग पॉइंट के रूप में काम करती हैं। ग्रामीण अंचलों में ये बाजार गावों के केन्द्र में स्थित होता है, गांव के केंद्र में बाज़ार के होने से किसानों को बाजारों में कृषि उपज लाने में न केवल परिवहन के लागत में कमी, बल्कि किसानों का अन्य अतिरिक्त नुकसान भी कम हो जाता हैं। इन्ही फायदों को देखते हुए, यदि हाटों में विकासकार्य हो तो यह किसानों को अपनी उपज बेचने के लिए एक बेहतर वैकल्पिक मंच हो सकते हैं।

ग्रामीणों की सुविधा को ध्यान में रखते हुए ग्राम पंचायत बहेसर में ग्रामीण हाट को केंद्र में रखा गया है । ग्राम पंचायत बहेसर में कोविड के बाद सभी प्रकार के जन-समागम निष्क्रिय हो गए जिसका प्रभाव ग्रामीण हाट पर भी हुआ, हाट परिसर में लोगों का आना जाना कम हो गया । व्यवस्थाओं में कमी थी और पूरा हाट कच्चा हुआ करता था, हाट में इंफ्रास्ट्रक्चर की कमी थी। स्थानीय किसान उपज बेचने के लिए इन गांवों में घर-घर घूमते थे। बहुत कम शेल्फ लाइफ वाले फल - सब्जियां, ताजी उपज, किसानों को अक्सर बिचौलियों को औने-पौने दामों में बेचने के लिए मजबूर होना पड़ता था।

खेल, मनोरंजन

10 आईपीएल खिताब जिताने वाले 2 दिग्गज कप्तानों के युग का अंत... एक को हटाया, दूसरे ने चौंकाया

आईपीएल 2024 सीजन से पहले दो ऐसे बदलाव हुए, जिसके कारण अब 2 दिग्गज कप्तानों के युग का अंत हो गया है। इन दोनों बदलावों में एक अलग बात यह रही है कि एक कप्तान को हटाया गया है, जबकि दूसरे ने खुद कप्तानी छोड़कर दिग्गजों को चौंकाया है। बड़ी बात ये है कि इन दोनों ने ही कप्तानों रोहित शर्मा और महेंद्र सिंह धोनी ने अपनी-अपनी टीमों को 5-5 बार खिताब जिताया है

चेन्नई (ए.)। इंडियन प्रीमियर लीग 2024 सीजन से पहले दो ऐसे बदलाव देखने को मिले हैं, जिसने खेल जगत के दिग्गजों समेत फैन्स को भी चौंका दिया है. इन दोनों बदलावों के कारण आईपीएल में अब 2 दिग्गज कप्तानों के युग का अंत हो गया है. इन दोनों बदलावों में एक अलग बात यह रही है कि एक कप्तान को हटाया गया है, जबकि दूसरे ने खुद कप्तानी छोड़कर दिग्गजों को चौंकाया है।

हम बात कर रहे हैं मुंबई इंडियंस के रोहित शर्मा और चेन्नई सुपर किंग्स (ष्टस्य्) टीम के दिग्गज प्लेयर महेंद्र सिंह धोनी की. इन दोनों ने ही अपनी कप्तानी में मुंबई और चेन्नई को 5-5 बार खिताब जिताया है. यानी अब तक हुए 16 सीजन में 10 बार तो यही दोनों कप्तान चैम्पियन बने हैं.

धोनी ने खुद गायकवाड़ को सौंपी सीएसके की कप्तानी

मुंबई फ्रेंचाइजी ने ट्रेड के जरिए पंड्या को अपनी टीम में शामिल किया और कप्तानी सौंप दी. दूसरी ओर चेन्नई टीम ने 2019 में गायकवाड़ को खरीदा था. तब से वो सीएसके के लिए ही खेल रहे हैं. गायकवाड़ चेन्नई टीम के चौथे कप्तान होंगे. इससे पहले धोनी ने 212 मैचों में चेन्नई टीम की कप्तानी की है. जबकि जडेजा ने 8 और रैना ने 5 मैचों में कप्तानी की थी।

बतौर एमआई टीम के कप्तान रोहित का रिकॉर्ड

रोहित ने 2013 से 2023 तक अपनी कप्तानी में मुंबई टीम को 5 बार (2013, 2015, 2017, 2019 और 2020) खिताब जिताया है. रोहित ने इस दौरान मुंबई इंडियंस के लिए IPL में 158 मैचों में कप्तानी की. जिसमें मुंबई टीम को 87 मुकाबलों में जीत दिलाई, जबकि 67 मैचों में हार का सामना करना पड़ा और 4 मैच टाई रहे।

आईपीएल के सभी सीजन के विजेताओं की सूची :

सीजन	विजेता	उपविजेता
2008	राजस्थान रॉयल्स	चेन्नई सुपर किंग्स को 3 विकेट से हराया
2009	डेक्कन चार्जर्स	रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु को 6 रनों से हराया
2010	चेन्नई सुपर किंग्स	मुंबई इंडियंस को 22 रनों से हराया
2011	चेन्नई सुपर किंग्स	रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु को 58 रनों से हराया
2012	कोलकाता नाइट राइडर्स	चेन्नई सुपर किंग्स को 5 विकेट से हराया
2013	मुंबई इंडियंस	चेन्नई सुपर किंग्स को 23 रनों से हराया
2014	कोलकाता नाइट राइडर्स	पंजाब किंग्स को 3 विकेट से हराया
2015	मुंबई इंडियंस	चेन्नई सुपर किंग्स को 41 रनों से हराया
2016	सनराइजर्स हैदराबाद	रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु को 8 रनों से हराया
2017	मुंबई इंडियंस	राइजिंग पुणे सुपरजायंट को 1 रन से हराया
2018	चेन्नई सुपर किंग्स	सनराइजर्स हैदराबाद को 8 विकेट से हराया
2019	मुंबई इंडियंस	चेन्नई सुपर किंग्स को 1 रन से हराया
2020	मुंबई इंडियंस	दिल्ली कैपिटल्स को 5 विकेट से हराया
2021	चेन्नई सुपर किंग्स	कोलकाता नाइट राइडर्स को 27 रन से हराया

रोहित की जगह पंड्या को सौंपी एमआई की कप्तानी

रोहित ने 2013 से 2023 तक अपनी कप्तानी में मुंबई टीम को 5 बार खिताब जिताया है. जबकि धोनी ने पहले सीजन यानी 2008 से 2023 तक 5 बार चैन्नई टीम को चैम्पियन बनाया है. मगर आईपीएल 2024 सीजन से पहले मुंबई टीम ने 36 साल के रोहित को कप्तानी से हटाकर 30 साल के ऑलराउंडर हार्दिक पंड्या को कमान सौंप दी है।

दूसरी ओर 42 साल के हो चुके धोनी ने खुद ही कप्तानी छोड़ दी. उन्होंने खुद ही 27 साल के ओपनर ऋतुराज गायकवाड़ को कमान सौंप दी है. पंड्या ने इससे पहले अपनी कप्तानी में गुजरात टाइटन्स को 2022 सीजन में चैम्पियन बनाया है. जबकि 2023 सीजन के फाइनल में पहुंचाया था. मगर गायकवाड़ हक्कम्में पहली बार कप्तानी के रोल में नजर आएंगे।

बतौर CSK टीम के कप्तान धोनी का रिकॉर्ड

धोनी की कप्तानी में चेन्नई टीम ने IPL इतिहास में अब तक 12 बार प्लेऑफ के लिए क्वालीफाई किया है. इस दौरान सीएसके टीम ने 10 बार फाइनल खेला, जिसमें से टीम 5 बार खिताब जीतने में सफल रही. चेन्नई टीम ने यह सभी खिताब 2010, 2011, 2018, 2021 और 2023 सीजन में जीते हैं.

फिल्म क्रू का सॉन्ग चोली के पीछे रिलीज..

करीना, तब्बू, कृति संग दिलजीत का 90 के दशक का जादू

फिल्म क्रू के ट्रेलर और टीजर में जो ट्यून्स हमने सुनी थी, वो अब रिलीज हो चुकी हैं. जी हां, आइकॉनिक चोली सॉन्ग को मेकर्स ने अब इस होली सीजन के लिए अपनी प्लेलिस्ट में एक परफेक्ट एडिशन के रूप में रिलीज कर दिया है. 90 के दशक के वाइब्स को याद करते हुए, नया वर्जन एक दम मजेदार है, जिसमें दिलजीत दोसांझ की आवाज ने चार चांद लगा दिए है.बेसब्री से इंतज़ार किए गए गाने चोली को अब आखिरकार रिलीज कर दिया गया है और कहना वाजिब है कि यह एक अल्टीमेट होली सॉन्ग है. एक पार्टी के बैकड्रॉप पर सेट इस गाने में करीना कपूर खान अपने हॉट अवतार में किलर मूव्स दिखाती नजर आ रही हैं. गाने की कोरियोग्राफी फराह खान ने की है. दिलजीत दोसांझ की आवाज में इस 90 के दशक के इस आइकॉनिक सॉन्ग को रीक्रिएट किया गया है, जो होली पार्टी के लिए एक परफेक्ट वाइब सेट कर रहा है. यह आइकॉनिक गाना चोली के पीछे का सबसे अच्छा वर्जन है. गाना फिल्म के कुछ पलों को भी कैप्चर करता है. चोली सॉन्ग को मुंबई में एक अनोखे तरीके से लॉन्च किया गया है. यह पहली बार है जब किसी गाने को वीडियो होर्डिंग पर लॉन्च किया गया है.करीना कपूर खान, कृति सेनन और तब्बू की मचअवेटेड फिल्म क्रू को लेकर दर्शकों के बीच गजब का बज बना हुआ है. फैंस इस मूवी को लेकर काफी एक्टाइटेड नजर आ रहे हैं. फिल्म में तब्बू, करीना कपूर खान और कृति सेनन बैडएस एयर होस्टेसेज के लुक में नजर आ रही हैं. करीना, तब्बू और कृति एयर होस्टेस के लुक में बेहद सिजलिंग दिख रही हैं. राजेश ए कृष्णन के डायरेक्शन में बनी ये फिल्म 29 मार्च को सिनेमाघरों में रिलीज होगी।

जान्हवी का राम चरण के साथ आरसी16 की शूटिंग

बॉलीवुड एक्ट्रेस जान्हवी कपूर और साउथ सुपरस्टार राम चरण की फिल्म आरसी 16 की शूटिंग शुरू हो गई है. तस्वीरों में जान्हवी और राम चरण एक साथ नजर आ रहे हैं. साथ ही राम चरण के पिता व सुपरस्टार चिरंजीवी व फिल्म की पूरी स्टारकास्ट दिखाई दी. जान्हवी और राम चरण की जोड़ी पहली बार स्क्रीन पर दिखाई देगी. फिल्म में जान्हवी का किरदार काफी दमदार होगा. फिल्म का निर्देशन बुच्ची बाबू सना कर रहे हैं. फिल्म में राम चरण का किरदार होगा उससे अभी पर्दा उठना बाकी है। जैसा कि जान्हवी कपूर की फैंस जानते ही है कि 6 मार्च को उनके जन्मदिन के दिन ही फिल्ममेकर्स ने आरसी16 में उनकी मौजूद की घोषणा की थी। तभी से उनके फैंस और भी ज्यादा उत्सुकता होकर फिल्म की नई अपडेट का इंतजार कर रहे हैं। ऐसे में अब फिल्म का मुहूर्त हो चुका है। जिसमें साउथ फिल्मों के कई सितारे अपने परिवार के साथ पहुंचे थे। फिल्म आरसी16 में जान्हवी के साथ रामचरण नजर आने वाले हैं। इसके अलावा मेगास्टार चिरंजीवी को भी इस फिल्म में देखा जाएगा। मशहूर संगीतकार ए आर रहमान भी इस फिल्म में अपनी मौजूदगी दर्ज कराएंगे। जिसकी वीडियो तस्वीरें सोशल मीडिया पर सामने आई है।

न्यूज गैलरी

बसपा ने दो प्रत्याशी मैदान में उतारे

रायपुर/नवप्रदेश। बसपा ने दो लोकसभा सीटों पर प्रत्याशी मैदान में उतार दिए हैं। प्रदेश अध्यक्ष श्याम टंडन ने यह सूची जारी की है। लोकसभा चुनाव के

लिए लगातार प्रत्याशियों घोषित करने का सिलसिला जारी है। कोई नए चेहरे सामने ला रही है। तो वहीं कोई अपने पुराने चेहरे पर दांव लगाने की कोशिश में है। इसी बीच बसपा ने दो लोकसभा सीटों पर प्रत्याशी मैदान में उतार दिए हैं। जांजगीर चांपा से डॉ. रोहित डहरिया को प्रत्याशी बनाया गया है। वहीं बस्तर से आयतुराम मंडावी को मौका दिया गया है। यह सूची बसपा के प्रदेश अध्यक्ष श्याम टंडन ने जारी की है।

बसपा को रास नहीं आता गठबंधन- छत्तीसगढ़ की राजनीति में बसपा अपना जनाधार लगातार खोती जा रही है। इस बार विधानसभा में भी पार्टी का कोई विधायक नहीं है। इससे पहले एक-दो विधायकों के साथ विधानसभा में पार्टी की मौजूदगी नजर आती थी। खास बात ये है कि पिछले कुछ चुनावों को देखा जाए, तो बसपा को छत्तीसगढ़ में गठबंधन की राजनीति रास नहीं आ रही है। 2018 के विधानसभ चुनाव में बसपा ने जोगी कांग्रेस के साथ मिलकर लड़ा था, लेकिन लोकसभा 2019 आते-आते यह गठबंधन टूट गया। इस बार वैसा ही गोंगपा के गठबंधन को लेकर हुआ है।

विधानसभा में गठबंधन नहीं चला था- बसपा को 2018 के विधानसभा चुनाव में गोंगपा के सथ गठबंधन फायदेमंद नहीं रहा था। इस चुनाव में बसपा ने राज्य की 90 सीटों में से 53 सीटों पर प्रत्याशी उतारे थे, जबकि गोंगपा के हिस्से में 37 सीटें आई थीं। गोंगपा प्रमुख तुलेश्वर सिंह मरकार गठबंधन के प्रत्याशी के रूप में पाली तानाखार सीट जीतने में सफल रहे थे, लेकिन बसपा को जो सीटें मिलती थीं, उसमें भी हार का सामना करना पड़ा था। लिहाजा इस बार बसपा ने अकेले ही चुनाव लड़ने का रास्ता चुना है।

नकली शराब बनाने वाले गिरोह के 5 गिरफ्तार

मुंगेली/नवप्रदेश। मुंगेली पुलिस की संयुक्त टीम ने नकली शराब बनाने वाले गिरोह का पर्दाफाश किया है। इस कार्य में संलिप्त पांच लोगों को गिरफ्तार किया गया है । उनके पास से पुलिस ने भारी मात्रा में अवैध शराब और नकली शराब बनाने में प्रयुक्त सामान भी बरामद किया है। पुलिस सूत्रों से मिली जानकारी के मुताबिक गिरोह के सदस्य शासकीय देसी प्लेन मदिरा जैसी ही नकली शराब बनाकर बेचने का काम कर रहे थे । फैक्ट्री से जब्त शराब की रैपर हू-ब-हू शासकीय मदिरा दुकानों में बेचे जाने वाली देसी शराब की तरह हैं । पुलिस को ग्राम घुठेली के तालाब के समीप पूर्व में शराब भट्टी में काम करने वाला जाकिर खान के घुठेली गांव के नारायण राजपूत के सहयोग से अपने साथियों के साथ मिलकर शासकीय दुकान में बेची जाने वाली देसी प्लेन शराब की तरह शराब बनाकर बेचने की सूचना मिली। मौके पर दबिश के दौरान नारायण राजपूत पिता कमलेश और उत्तर प्रदेश के हमीरपुर निवासी जाकिर खान पिता कादर खान के साथ उत्तर प्रदेश निवासी सुरेंद्र कुमार सिंह पिता रतन, महेंद्र वर्मा पिता उमेश वर्मा और मध्यप्रदेश निवासी राजेंद्र खंडकर पिता लल्लू खंडकर को अवैध रूप से देसी प्लेन शराब बनाते हुए हिरासत में लिया ।

चिरमिरी के लोगों ने एक स्वर में कहा- हम सब महंत के साथ

कार्यकर्ताओं के दम पर हम लड़ेंगे चुनावः ज्योत्सना महंत

मितानिन मिलन समारोह में भी शामिल हुईं

कोरबा/नवप्रदेश। कोरबा लोकसभा की सांसद व कांग्रेस प्रत्याशी ज्योत्सना चरणदास महंत ने संसदीय क्षेत्रांतर्गत पहुँच कर कार्यकर्ताओं से मुलाकात की। उन्होंने कार्यकर्ताओं से लोकसभा चुनाव में एकजुटता से काम करने का आह्वान किया। मितानिन मिलन समारोह में शामिल होकर उनके द्वारा स्वास्थ्य के क्षेत्र में मैदानी स्तर पर किए जा रहे कार्यों को सराहा।

इस दौरान ज्योत्सना महंत ने चिरमिरी में आयोजित प्रेस वार्ता को संबोधित करते हुए कहा कि बकुंठपुर-कोरिया-चिरमिरी व

एमसीबी जिला सहित कोरबा संसदीय क्षेत्र में आने वाले सभी गांव व शहरी क्षेत्र का समुचित विकास करेंगे। कोरबा-जीपीएम व बैकुंठपुर-कोरिया-चिरमिरी व एमसीबी जिला में बेहतर स्वास्थ्य सुविधा के लिए मेडिकल कॉलेज खोलने की दिशा में लगातार प्रयास किया गया है, जिसका परिणाम सामने आया है कि कोरबा में मेडिकल कॉलेज प्रारंभ हुआ है और आज 250 छात्र-छात्राएं मेडिकल की पढ़ाई कर रहे हैं। आने वाले समय में संसदीय क्षेत्र के अन्य जिलों में भी बेहतर स्वास्थ्य के साथ-साथ शिक्षा और मूलभूत सेवाओं व सुविधाओं के विस्तार के लिए निरंतर प्रयासरत रहूंगी। संसदीय क्षेत्रवासियों का मुझे व महंत परिवार को हमेशा से स्नेह व आशीर्वाद मिलता रहा है और पूरा विश्वास है कि आगे भी यह स्नेह बना रहेगा।

भाजपा प्रत्याशी को लेकर सवाल पर ज्योत्सना महंत ने कहा कि मेरी तरह वह भी महिला हैं। ये अलग बात है कि वह हमारे विपक्ष में चुनाव लड़ रही हैं, मगर मैं उनके खिलाफ कुछ नहीं कहूँगी। मैं और डॉ. चरणदास महंत कबीर पंथ के हैं। हम कबीर पंथी सादगी से रहते हैं और सादगी से चुनाव लड़ते हैं। सांसद ने कहा कि कांग्रेस पार्टी में कार्यकर्ता महत्वपूर्ण होते हैं और कार्यकर्ता ही हमारी सबसे बड़ी ताकत है। कार्यकर्ताओं के दम पर चुनाव लड़ते और जीतते हैं। इलेक्टोरल बॉन्ड के मामले में कहा कि यह ऊपर की बात है और भाजपा को इसका जवाब देना चाहिए। सांसद ने अपने भेंट-मुलाकात के दौरान चिरमिरी के जगन्नाथ मंदिर में दर्शन कर उत्कल समाज के लोगों से मुलाकात की व डोमनहील बाजार में नुक्कड़ सभा कर अपनी बात रखी। वहीं छोटा बाजार में कपूर सिंह व डफई निवासी विकास कुमार के निवास में भेंट-मुलाकात की। वार्ड क्रमांक 20 छोटा बाजार में भेंट-मुलाकात के दौरान आमजनों से मिलकर उनकी समस्याओं को सुना व कांग्रेस के पक्ष में समर्थन व आशीर्वाद मांगा।

अरविंद केजरीवाल की गिरफ्तारी का रायपुर में विरोध, आम आदमी पार्टी का प्रदर्शन

पार्टी समर्थकों ने कहा इंडिया गठबंधन के नेताओं पर अटैक किया जा रहा

रायपुर/नवप्रदेश। दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल को श्वष्ठ के द्वारा गिरफ्तार करने के बाद आम आदमी पार्टी के कार्यकर्ताओं ने शुक्रवार को रायपुर में विरोध प्रदर्शन किया।

शहर के अंबेड़कर चौक में कार्यकर्ताओं ने केजरीवाल की रिहाई की मांग करते हुए केन्द्र सरकार के खिलाफ जमकर नारेबाजी की।अरविंद केजरीवाल की गिरफ्तारी को लेकर आप की प्रदेश प्रवक्ता प्रियंका शुक्ला ने कहा कि हमारे नेता अरविंद केजरीवाल की गिरफ्तारी पहले आप के नेता सचिन जैन को गिरफ्तार किया गया। दिल्ली के डिप्टी सीएम मनीष

भाजपा के नेता क्या दूध के धूले हैं, क्यों नहीं होती कार्रवाई

सिसोदिया और संजय सिंह को गिरफ्तार किया गया। राज्यसभा सांसद राघव चड्ढा को सदन से अलग कर दिया गया था और उन्हें न्यायालय जाना पड़ा था। लोकसभा चुनाव से ठीक पहले अरविंद केजरीवाल की गिरफ्तारी की गई है। बीजेपी के अंदर बौखलाहट है और इंडिया गठबंधन के एक-एक नेता पर अटैक किया जा रहा है। प्रवक्ता प्रियंका शुक्ला ने कहा भाजपा के नेताओं पर केन्द्रीय एजेंसियां क्यों एक्शन नही लेती है। महिलाओं के यौन शोषण के आरोपी बृज भूषण को बेल मिल जाती है। लेकिन देश के अंदर शिक्षा, चिकित्सा का अच्छा मॉडल पेश करने वाले अरविंद केजरीवाल को गिरफ्तार कर लिया जाता है।

संविधान पर खतरा मंडरा रहा

आप के कार्यकर्ताओं ने कहा कि आज देश के लोकतंत्र पर खतरा मंडरा रहा है। संविधान के मूल्य पर खतरा मंडरा रहा है । जिसके विरोध में हम खड़े हुए हैं । देश के हर कोने में आम आदमी पार्टी के कार्यकर्ता के साथ वहां की आम जनता और विपक्षी इंडिया गठबंधन के नेता लगातार बोल रहे हैं।

मध्यप्रदेश के युवक की रायपुर में हत्या

5 हजार के लिए पत्थर से कुचला दोस्त का सिर, नहीं लौटा रहा था उधारी की रकम

रायपुर/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ के रायपुर में एक युवक ने अपने ही दोस्त की हत्या कर दी। वह उधारी के 5 हजार रुपए नहीं लौटा रहा था। इसके चलते पत्थर से आरोपी ने उसका सिर कुचल दिया। मारा गया युवक मध्य प्रदेश का रहने वाला था। पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। जानकारी के मुताबिक, धरसींवा थाना पुलिस को गुरुवार को सूचना मिली कि एक स्टील फैक्ट्री के पास सड़क किनारे झाड़ियों में शव पड़ा हुआ है। पुलिस मौके पर पहुंची तो शव के पास ही खून से

सना हुआ पत्थर भी बरामद हुआ। इसके बाद पुलिस ने आसपास पूछताछ की और शव की पहचान कराई। पुलिस जांच में शव की पहचान मुन्नी लाल सिंह (35) के रूप में हुई। वह यहीं स्थानीय फैक्ट्री में काम करता था और पास ही एक कमरे में किराये से रहता था। पुलिस उसके घर पहुंची तो वहां कोई नहीं मिला। उसका पूरा परिवार मध्य प्रदेश के शहडोल में रहता है।

पुलिस जांच में यह भी सामने आया कि आखिरी बार मुन्नी लाल को नंदू यादव के साथ देखा गया था।

जंगल माफियाओं ने वन कर्मचारी पर किया हमला

भानुप्रतापपुर/नवप्रदेश। बीती रात लगभग 8.30 बजे वन कर्मचारियों द्वारा जप्त वनोपज को ट्रैक्टर में परिवहन करने के दौरान वन माफियाओं द्वारा वन कर्मचारियों पर जानलेवा हमला किया गया जिसमें मुख्य रूप से वन कर्मचारी समीर कुमार नेताम को सिर पर गंभीर चोट लगा है एवं साथ ही सहकर्मी दिनेश कुमार साहू को भी सिर पर चोट लगा है एवं समस्त कर्मचारियों को बुरी तरह पिटाई किया गया है। वन कर्मचारी की टीम में सतीश कुमार ठाकुर परिक्षेत्र सहायक कोंडे, समीर कुमार नेताम परिसर रक्षक कोंडे, सुजीत सिंह खिलाड़ी परिसर रक्षक डोरका ऐन्हुर अजय कुमार नेताम परिसर रक्षक दक्षिण मेड़ों एवं दिनेश कुमार साहू परिसर रक्षक कवाची पटेल तथा तेजभान शोरी शामिल थे।

कांग्रेस की राह में गोंगपा बनी रोड़ा

अकेले लड़ेगी चुनाव, सात प्रत्याशी भी तय

रायपुर/नवप्रदेश। हीरा सिंह मरकाम (गुरुजी) ने वैसे पार्टी बनाई तो भाजपा से अलग होकर थी, लेकिन अब उनकी पार्टी चुनौती साबित हो रही है कांग्रेस के लिए। गोंडवाना गणतंत्र पार्टी (गोंगपा) लोकसभा चुनाव छत्तीसगढ़ में अकेले लड़ने के लिए तैयार है। पार्टी ने फिलहाल सात सीटों से नाम तय कर लिए हैं। खास बात ये है कि विधानसभा चुनाव 2023 में गोंगपा ने बसपा के साथ गठबंधन किया था। आदिवासी नेता दादा हीरा सिंह मरकाम की बनाई गोंगपा छत्तीसगढ़ के अलावा एमपी में भी चुनाव मैदान पर है। वहां पार्टी ने दस प्रत्याशी घोषित कर दिए हैं।

इन सीटों पर प्रत्याशी तय

गोंगपा प्रमुख एवं विधायक तुलेश्वर सिंह मरकार ने प्रेस से चर्चा में कहा है कि उनकी पार्टी लोकसभा चुनाव में अकेले ही मैदान पर उतरने जा रही है। उन्होंने बताया कि फिलहाल सात सीटों पर प्रत्याशी तय हो गए हैं। इनके नामों की घोषणा जल्द की जाएगी। जिन सीटों पर गोंगपा के प्रत्याशी जल्द घोषित होने वाले हैं, उनमें कोरबा, सरगुजा, रायगढ़, महासमुंद, रायपुर, कांकेर और राजनांदगांव सीट शामिल है।

नक्सलियों को विस्फोटक पहुंचाने वाले पकड़ाए

नारायणपुर/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ के नारायणपुर में पुलिस ने नक्सलियों को विस्फोटक सामग्री पहुंचाने वाले दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पकड़े गए आरोपियों में एक महिला व पुरुष हैं जो कि ताबीज व रुद्राक्ष माला आदि बेच रहे थे। संदेह होने पर पुलिस ने उनकी तलाशी ली तो 4 बोरों में विस्फोअक मिले। दोनों ने बताया कि यह विस्फोटक वे नक्सलियों को पहुंचाते हैं। दोनों को गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया गया।